INTERNATIONAL MAGAZINE
RNI NO. 64884/96

June 2018

ब्रहमु दीसै ब्रहमु सुणीऐ एकु एकु वखाणीऐ ।।
आतम पसारा करण हारा प्रभ बिनां नहीं जाणीऐ ।।

# आत्म मार्ग



शहीदी गुरू अरजन देव जी ( 30 मई, 1606 ई. )

कौन नहीं था जो गर्म नहीं हुआ, जहाँगीर गर्म, शाहजहाँ गर्म, सुलही खान गर्म, सुलभी खान गर्म, भक्त काहना तथा पुरोहित खान गर्म। बड़ा भाई पिरथी चन्द गर्म, ज्येष्ठ माह गर्म, देग उबलती हुई, तवी आग सदृश्य दहकती हुई, रेत गर्म, रेत डालने वाला भी गर्म लेकिन यदि उस समय ठंडे थे तो केवल गुरू अरजन साहिब। बहाना बना कर, जहाँगीर के हुक्म से, गुरू अरजन देव जी पर अकथनीय व अमानवीय अत्याचार ढाते हुए उन्हें लाहौर में शहीद कर दिया गया।

## शहीदी समागम रतवाड़ा साहिब, 17 जून दिन में

# आत्म मार्ग

वर्ष तेइसवां - अंक पाँचवां, जून 2018

## गुरुद्वारा ईशर प्रकाश रतवाड़ा साहिब

**संचालक**

श्रीमान सन्त बाबा वरियाम सिंह जी महाराज ( ब्रह्मलीन )
तथा संत माता ( बीजी ) रणजीत कौर जी ( ब्रह्मलीन )

| चेयरमैन | एडिटर-इन-चीफ |
|---|---|
| सन्त बाबा लखबीर सिंह जी | सन्त बाबा हरपाल सिंह जी |
| **प्रबन्ध सम्पादक** | **मुख्य सम्पादक** |
| भाई ( डा. ) सुखविंदर सिंह | डा. जगजीत सिंह ( 97798 16909 ) |


## मासिक पत्रिका न पहुँचने सम्बन्धी पूछताछ

यदि आपको माह की 15 तारीख तक आत्म मार्ग पत्रिका प्राप्त नहीं हो पाती है तो आप कृप्या निम्नलिखित सम्पर्क नम्बरों पर कार्यलय समय प्रात: 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक सम्पर्क करने की कृपा करें -

सम्पर्क न. - **84378-12900, 94172-14391, 94172-14379**

**Email : atammarg1@yahoo.co.in**

**Postal Address for any Enquiry, Money Order's :**

**'ATAM MARG' MAGAZINE**
**Gurdwara Ishar Parkash, Ratwara Sahib (New Chandigarh) P.O. Mullanpur Garibdas, Teh. Kharar, Distt. S.A.S. Nagar (MOHALI) - 140901, Pb. India**

## SUBSCRIPTION - शुल्क ( देश )

| वार्षिक | आजीवन सदस्यता | प्रति कापी |
|---|---|---|
| 300/- | 3000/- | 30/- |
| 320/- | 3020/- (For outstation cheques) | |

## SUBSCRIPTION FOREIGN ( विदेश )

| | Annual | Life |
|---|---|---|
| U.S.A. | 60 US$ | 600 US$ |
| U.K. | 40 £ | 400 £ |
| Canada | 80 Can $ | 800 Can $ |
| Australia | 80 Aus $ | 800 Aus $ |

*प्रकाशन के समस्त अधिकार सुरक्षित हैं।*

प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सन्त बाबा हरपाल सिंह जी ने 'आत्म मार्ग' जै आफ सैट प्रिंटर्ज, 905 इन्डस्ट्रियल एरिया, फेज़-2, चण्डीगढ़ से छपवा कर मुख्य कार्यालय 'आत्म मार्ग' रतवाड़ा साहिब, डाकखाना मुल्लांपुर, तहसील खरड़, एस.ए.एस. नगर ( मोहाली ), पंजाब से प्रकाशित किया।

**Please visit us on internet at :-**
**For Atam Marg Email : atammarg1@yahoo.co.in,**
**Website & Live video -**

**www.ratwarasahib.in**
**www.ratwarasahib.org** } **(Every sunday)**

**Email :sratwarasahib.in@gmail.com**

## विदेशों में आत्म मार्ग की शाखाएँ

अमेरिका - बाबा सतनाम सिंह अटवाल
फोन तथा फैक्स : 001-408-263-1844

कैनेडा - भाई सरमुख सिंह पंनू, वैनकूवर
फोन : 001-604-433-0408

भाई तरसेम सिंह बैंस - मोबाइल 001-604-862-9525
फोन : 001-604-288-5000

भाई जसबीर सिंह राणू - फोन : 001-604-589-9189

इंगलैंड - बीबी गुरबख्श कौर तथा भाई जगतार सिंह जग्गी
फोन: 0044-121-200-2818 फैक्स : 0044-121-200-2879,

भाई अरविंदर सिंह ( राज ) मोबाइल:0044-7968734058

आस्ट्रेलिया : बीबी जस्प्रीत कौर: मोबाइल-0061-406619858

## रतवाड़ा साहिब की संस्थाओं के सम्पर्क नम्बर

* आत्म मार्ग मैगज़ीन ( पंजाबी, हिन्दी तथा अंग्रेजी )
**9417214391, 9417214379, 8437812900**

* गुरू गोबिंद सिंह विद्या मन्दिर सीनियर सैकण्डरी स्कूल
**(CBSE) - 0160-2255003**

* माता साहिब कौर मुफ्त सिलाई सैंटर - **96461-01996**

* सन्त वरियाम सिंह मैमोरियल पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल **(PSEB)** अंग्रेजी माध्यम - **95920-55581**

* सन्त वरियाम सिंह चैरिटेबल अस्पताल ( मुफ्त )
**98786-95178, 92176-93845**

* इंटरनैशनल डिवाइन स्कूल आफ़ नर्सिंग -
**94172-14382**

* इंटरनैशनल डिवाइन कालेज आफ़ ऐजूकेशन ( बी. एड. )
**94172-14382**

* अकाल वृद्ध आश्रम ( मुफ्त ) **98157-28220**

## विशेष जानकारी के लिए

| | | |
|---|---|---|
| श्री मान जी | - | 98551-32009 |
| श्री आखण्ड पाठ साहिब बुकिंग | - | 94647-12900 |
| आडियो-वीडियो लाईब्रेरी | - | 98728-14385, 98555-28517 |
| केवल टी.वी. नेटवर्क | - | 94172-14385 |

### अन्य सम्पर्क नम्बर

**98889-10777, 96461-01996, 9417214381**

# विषय-सूची


1. सम्पादकीय 5

*( डा. ) भाई सुखविन्दर सिंह*

2. बारहमाहा 7

*डा. जगजीत सिंह*

3. शहीदों के सरताज 11

*सन्त बाबा वरियाम सिंह जी*

4. बाबाणियाँ कहानियाँ 28

*सन्त बाबा वरियाम सिंह जी*

5. प्यारे महापुरुषों का प्यारा जीवन 31

( महापुरुषों के द्वारा अपने जन्मदिवस समागम पर किए हुए प्रवचन )

6. आत्म ज्ञान 39

*सन्त बाबा वरियाम सिंह जी*

7. सूरा सो पहचानीअै ....।। 42

*सन्त बाबा हरपाल सिंह जी*

8. परोपकारी जीवन 45

( प्यारे महापुरुषों के शतवर्षीय जन्म दिवस को समर्पित )

*( डा. ) भाई सुखविन्दर सिंह*

9. शहीदी गुरू अरजन देव जी 54

*डा. जगजीत सिंह*

10. स्वामी राम जी के प्रेरणात्मक विचार 61

*डा. स्वामी राम जी*

11. विशेष जानकारी - बैंक खाता, आत्म मार्ग मैगजीन सदस्यता प्रारूप, अस्पताल जानकारी, तथा पुस्तक सूची 63

# सम्पादकीय

*( डा. ) भाई सुखविन्दर सिंह*

*जदों कदे वी जुग ते कोई मरद-अगंमड़ा आउंदा।*
*भूलिआँ भटकिआँ ताँई उह है, राह मौला दे पाउंदा।*
*नैण तेरे इह 'गोइआँ' जेकर, जलवा रबी चाहुंदे।*
*ताँ महाँपुरशाँ दे अंदर दिसू, रब ही रूप वटाउंदा।*

*दर दहर कि मरदानि खुदा, आमदा-अंद।*
*बर गुम-शुदगाँ राहनुमा, आपदा-अक।*
*'गोइआ' अगर ई चशमि तो, मुसताकि खुदासत*
*मरदानि खुदा, खुदा-नुमा, आपदा अंक ।7।*

उपर्युक्त रुबाई गुरू प्यारे भाई नन्द लाल जी की सातवीं रुबाई है। यह रुबाई परमात्मा के प्यार में सराबोर आत्माओं, आत्म मण्डल के निवासियों, नाम रसिकों, अभेदावस्था वाले तथा करम, उपासना, ज्ञान व विज्ञान की अवस्था को पार करते हुए परमात्मा में अभेद हो चुकी श्रेष्ठ आत्माओं के बारे में है। एक बड़े सिद्धान्त तथा मुख्य मार्ग का निरूपण करती हुई यह रुबाई हमें अभेदावस्था प्राप्त सन्तजनों की आत्मिक वृत्ति का परिचय करवाती है।

वाहिगुरू जी या परमात्मा द्वारा रचित सृष्टि की रचना को वह स्वयं ही जानता है -

*जा करता सिरठी कउ साजे आपे जाणै सोई ॥*
*अंग - 4*

उसके द्वारा रचित रचना का कोई थाह नहीं पाया जा सकता है क्योंकि वह असीम है, तू बेअंतु को विरला जाणै।। ( अंग - 562 ) जेवडु आपि तेवड तेरी दाति।। ( अंग - 9 )

उस रचनहार परमात्मा की रचना का थाह लगा पाना नामुमकिन है। एक ब्रह्मांड को भी पूरा नहीं जाना जा सकता है जबकि वह तो करोड़ों ब्रह्मांडों का स्वामी है -

*कोटि ब्रहमंड को ठाकुरू सुआमी*
*सरब जीआ का दाता रे॥ अंग - 612*

लेकिन 'जो ब्रहमंडे सोई पिंडे जो खोजै सो पावै।।' ( अंग - 695 ) वाली अवस्था में पहुँचने वाला उस रचना को साक्षात रूप में देख लेता है जिसे कि किसी भी वैज्ञानिक उपकरण आदि के माध्यम से नहीं देखा जा सकता है।

सम्पूर्ण खण्ड, ब्रह्मांड, नक्षत्र तथा सारी प्रकृति एक बड़े इलाही हुक्म से बँधी हुई चल रही है। 'हुकमै अंदरि सभु को बाहरि हुकम न कोइ।।' ( अंग - 1 ) निःशंक रूप से वाहिगुरू जी द्वारा सारी सृष्टि की रचना अपने आप से ही की गई है।

*आपीनै आपु साजिओ आपीनै रचिओ नाउ ॥*
*दुयी कुदरति साजीऐ करि आसणु डिठो चाउ ॥*
*अंग - 463*

*अपनी माइआ आपि पसारी आपहि देखनहारा ॥*
*नाना रूपु धरे बहु रंगी सभ ते रहै निआरा ॥*
*अंग - 537*

अपने आप के द्वारा सृष्टि की रचना करके और स्वयं उसमें विद्यमान रहने के बावजूद भी वह दिखाई नहीं पड़ता है। इस चल रहे बड़े हुक्म में अनेकों श्रेणियां, जीव तथा निर्जीव अस्तित्व में आए और इन्हीं में से एक है मनुष्य की श्रेणी। इस श्रेणी को अन्य श्रेणियों का सरदार बनाया गया है -

*अवर जोनि तेरी पनिहारी ॥*
*इसु धरती महि तेरी सिकदारी ॥ अंग - 374*

समस्त जीव श्रेणियों मे इस मनुष्य जाति को सरदार बनाया है। यह अन्य जातियों को दुख भी दे सकता है और सुख भी। लेकिन यहाँ पर एक सवाल खड़ा हो जाता है कि जब मनुष्य जाति ( श्रेणी ) सर्वोच्च है, सबकी सरदार है तो क्या इस श्रेणी का भी कोई सर्वोच्च हो सकता है जो कि सबको सुख व शान्ति प्रदान करने में समर्थ हो और केवल समर्थ ही न हो बल्कि वह दूसरों को सुख व शान्ति व्यहारिक रूप में देता भी हो। गुरमति की रौशनी में इसका जवाब 'हाँ' में होगा। लेकिन मानव मन में यह जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि वह कौन है जो मानव श्रेणी को सुख व शान्ति प्रदान करता हो, बिना किसी भेदभाव के यानि कि जाति पात, लिंग, नस्ल आदि का भेदभाव किए बिना सबको एक ही आँख से देखता हो। गुरमति कौ रौशनी में ऐसा मनुष्य है - परमात्मा का प्यारा, गुरसिक्ख, गुरुमुख, साधू, सन्त, महापुरुष, ब्रह्मज्ञानी यानि कि चाहे इनमें से किसी भी नाम से उसे पुकार लो लेकिन आत्मिक धरातल के हिसाब से ये समानार्थी शब्द हैं। उन परमात्मा के प्यारों की अनेकों निशानियों को गुरवाणी की रौशनी में देखने से ज्ञात होता है कि ये महापुरुष मनुष्य श्रेणी में सर्वोच्च हैं।

*संत सहाई जीअ के भवजल तारणहार ॥*
*सभ ते उचे जाणीअहि नानक नाम पिआर ॥*
*अंग - 929*

इन्होंने ही दूसरे मनुष्यों के सुख व शान्ति प्रदान करनी है और दूसरों के लिए परोपकार करना इन्हीं के हिस्से आया

होता है। परोपकार के चश्मे इनके अन्दर ही चला करते हैं। 'ब्रहमगिआनी परउपकार उमाहा।' ये परोपकार किसी भी रूप में हो सकते हैं। चाहे वे धार्मिक रूप में हों अथवा सामाजिक, शैक्षिक या साहित्यिक रूप में हों। इन परोपकारों में सबसे बड़ा परोपकार जीअदान देने का होता है –

*जनम मरण दुहहू महि नाही*
*जन परउपकारी आए॥*
*जीअ दानु दे भगती लाईन*
*हरि सिउ लैनि मिलाए॥* अंग – 749

जन्म-मरण से रहित ये आत्माएँ, परमात्मा से टूट चुकी आत्माओं को पुनः उसमें जोड़ने का कार्य करती हैं सबको सुख शान्ति प्रदान करना इनका मुख्य उद्देश्य होता है, सत्य के साथ जुड़े होने के कारण ये अन्य सबको भी इस सत्य के मार्ग की समझ प्रदान करते हैं। आत्म मार्ग पर ये स्वयं चलते हैं तथा अन्य सबको भी उस मार्ग का पथिक बनाते हैं-

*जिस दै अंदरि सचु है*
*सो सचा नामु मुखि सचु अलाए॥*
*ओहु हरि मारगि आपि चलदा*
*होरना नो हरि मारगि पाए ॥* अंग – 140

*साध करम जे पुरख कमावै।*
*नाम देवना जगत कहावै।* बचित्र नाटक पा: 10

*इह नीसाणी साध की जिसु भेटत तरीऐ ॥*
*जमकंकरू नेड़ि न आवई फिरि बहुड़ि न मरीऐ ॥*
अंग – 320

उनकी संगति करने वालों का भी उद्धार हो जाता है यानि कि वे भी यमदूतों की मार से बच जाते हैं, उनका आवागमन का चक्र समाप्त हो जाता है। यही खालसा आदर्श है। यही वह आदर्श है जो कि सर्वस्व दानी दशमेश पिता जी ने अपने पन्थ को सन् 1699 ई. में प्रदान किया। इसी खालसा पद को दशमेश जी ने इतना ऊँचा उठाया कि –

*आतम रस जिह जानही सो है जलस देव।*
*प्रभ महि, मो महि, तास महि रंचक नाहन भेव।*

सतगुरू जी फुरमान करते हैं कि फिर खालसा में, मुझमें तथा परमात्मा में कोई फर्क ही नहीं रह जाता है। लेकिन शर्त यह है कि वह वास्तव में है आत्म रसिक हो, गुरवाणी एवं खालसई वेश-भूषा का धारणी हो। यही सन्त सिपाही का आदर्श है। इसी आदर्श को गुरवाणी में बहुत बड़ा दर्जा दिया गया है –

*जिन्ा न विसरै नामु से किनेहिआ ॥*
*भेदु न जाणहु मूलि साँई जेहिआ ॥* अंग – 397

*जिना सासि गिरासि न विसरै हरि नामाँ मनि मंतु ॥*
*धंनु सि सेई नानका पूरनु सोई संतु ॥* अंग – 319

*ब्रहम गिआनी कउ खोजहि महेसुर ॥*
*नानक ब्रहम गिआनी आपि परमेसुर ॥* अंग – 273

नाम जपकर साधक नामी का रूप बन जाता है और यही अन्तिम मंजिल है, यही अन्तिम प्राप्ति है या अभेदावस्था है। इसी वृत्ति के स्वामी थे – रतवाड़ा साहिब वाले प्यारे महापुरुष। आओ! हम सब, उन अनेकों गुणों के धारणी, गुरमति मार्ग का प्रचार व प्रसार करने वाले, अभेदावस्था वाले महापुरुषों को नतमस्तक हों। 17 जून को उनका शतवर्षीय जन्म दिवस, रतवाड़ा साहिब की पावन भूमि पर, समस्त श्रद्धालुजनों द्वारा श्रद्धा व प्यारपूर्वक, ट्रस्ट के वर्तमान मुखी श्रीमान सन्त बाबा लखबीर सिंह जी की सरपरस्ती में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त संगत, उपर्युक्त सिद्धान्तों पर चलने वाले अपने प्यारे को याद करके गुरवाणी का लाभ प्राप्त करेगी। इस शुभ दिवस पर समस्त पाठकजनों व समस्त संगत को पहुँचने के लिए हार्दिक निवेदन किया जाता है।

शहीदों के सिरताज धन्य श्री गुरू अरजन देव जी का शहीदी दिवस भी 17 जून को बिक्रमी कैलेंडर के हिसाब से आ रहा है। सारी संगत इस दिवस को अत्यन्त श्रद्धा व प्यारपूर्वक मनाती है। सुखमनी साहिब के जाप, सिमरन, कथा-कीर्तन, दरबारों तथा छबीलों के रूप में अपने प्यारे के प्यार का प्रकटीकरण करती है। पाँचवें महाराज जी की शहीदी, रजा में राजी रहकर सब्र व धन्यवाद का पाठ हमें दृढ़ करवाती है। आओ! परमेश्वर की रजा में जीवन व्यतीत करते हुए प्रत्येक समय सब्र व धन्यवाद भाव के धारणी बनें। सतगुरू जी द्वारा दर्शाए गए गुरमति मार्ग व आत्म मार्ग के पथिक बनें। सतगुरू जी द्वारा दर्शाए गए सिद्धान्तों पर चलना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके द्वारा दर्शाई गई जीवन युक्ति के अनुसार ही जन मानस के कल्याण वाली रीति अपनाएँ।

*नानक नाम चड़दी कला, तेरे भाणे सरबत का भला।*

*तेरा कीआ मीठा लागै।। हरि नामु पदारथु नानकु माँगै।। (अंग - 394)* के सिद्धान्त की याचना करें तथा यह प्रार्थना करें कि हे महाराज जी! हमें भी रजा में राजी रहने वाला तथा सब्र व धन्यवाद भाव वाला जीवन प्रदान करो। यदि हमारा जीवन ऐसा बन जाएगा तो फिर सारी उदासियाँ समाप्त होकर जीवन सुखमय बन जाएगा। यह महान शहीदी दिवस भी गुरुद्वारा ईशर प्रकाश रतवाड़ा साहिब की पावन धरती पर 17 जून दिन रविवार को मनाया जा रहा है। समस्त श्रद्धालुजन अपने प्यारे के प्यार में रतवाड़ा साहिब के पावन स्थान पर पहुँचने की कृपा करें जी।

धन्यवाद साहित।

# असाड़ु सुहंदा तिसु लगै जिसु मनि हरि चरण निवास।।

## ( अषाढ़ माह की संक्रान्ति - 15 जून, दिन शक्रवार )

*( डा. ) जगजीत सिंह*

श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के अन्दर दो 'बारहमाह' प्राप्त हैं। पहला 'बारमाहा' तुखारी राग में श्री गुरु नानक देव जी द्वारा उच्चरित है, जो कि श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के अंग 1107 पर सुशोभित है। दूसरा बारहमाहा माझ राग में है जो कि श्री गुरु अरजन देव जी द्वारा उच्चरित है और यह अंग 133 पर सुशोभित है। गुरुद्वारा साहिबानों के अन्दर मुख्य रूप से श्री गुरु अरजन देव जी द्वारा माझ राग में उच्चरित 'बारहमाहा' का पाठ ही श्रवण करवाया जाता है तथा शबद विचार ( कथा ) की जाती है। श्री गुरु नानक देव जी द्वारा रचित तुखारी राग वाला 'बारहमाहा' क्यों कम पढ़ा व विचारा जाता है? इसका एकमात्र कारण यही प्रतीत होता है कि इसकी शब्दावली काफी कठिन है तथा जीव रूपी स्त्री को जो शिक्षा दी गई है, उसे कायनात के अद्‌भुत दृश्यों व अलंकारों में सुसज्जित किया गया है। इस प्रकार साधारण मनुष्य की सोच श्री गुरु नानक देव जी के साथ मेल नहीं खाती है। इसकी अपेक्षा श्री गुरु अरजन देव जी द्वारा उच्चरित बारहमाह बहुत ही साधारण, सरल व स्पष्ट बोली में है तथा जीव रूपी स्त्री को सम्बोधन करके आम भाषा में उपदेश किया गया है। यही कारण है कि माझ राग में उच्चरित 'बारहमाहा' अपेक्षाकृत अधिक प्रचलित हो गया है। उपदेश दोनों में एक ही है। सारी वाणी का उपदेश एक ही है। प्रभु बिछोड़े से द्वैतभाव उत्पन्न होता है जो कि दुखों का कारण है। सतगुरु जी की शरण में जाने से द्वैतभाव समाप्त होता है, मिलाप की लालसा उत्पन्न होती है तथा नाम स्मरण की युक्ति प्राप्त होती है। प्रभु जी के नाम स्मरण से सारे सुख-शान्ति, सहज व विसमाद उत्पन्न होता है। प्रभु जी के प्यारों की संगत में नाम दृढ़ होता है तथा अवस्था भेद का ज्ञान प्राप्त होता है। हम प्रस्तुत लेख के माध्यम से आप समस्त पाठकों के सेवा में दोनों बारमाहों का पाठ व उसकी सरल व्याख्या प्रस्तुत किया करेंगे।

**बारह माहा माझ महला ५ घरु ४**

*आसाड़ु तपंदा तिसु लगै हरि नाहु न जिंना पासि ॥*
*जगजीवन पुरखु तिआगि कै माणस संदी आस ॥*
*दुयै भाइ विगुचीऐ गलि पईसु जम की फास ॥*
*जेहा बीजै सो लुणै मथै जो लिखिआसु ॥*
*रैण विहाणी पछुताणी उठि चली गई निरास ॥*
*जिन कौ साधू भेटीऐ सो दरगह होइ खलासु ॥*
*करि किरपा प्रभ आपणी तेरे दरसन होइ पिआस ॥*
*प्रभ तुधु बिनु दूजा को नही नानक की अरदासि ॥*
*आसाड़ु सुहंदा तिसु लगै जिसु मनि हरि चरण निवास॥*
*अंग - 134*

**आसाड़ु तपंदा तिसु लगै हरि नाहु न जिंना पासि ॥**
**जगजीवन पुरखु तिआगि कै माणस संदी आस ॥**
**दुयै भाइ विगुचीऐ गलि पईसु जम की फास ॥**

कठिन शब्दार्थ - नाहु = पति, खसम; माणस-मनुष्य, संदी = दी, दुयै भाइ = ( एक परमेश्वर के बिना ) किसी दूसरे के साथ प्यार, सांसारिक पदार्थों के साथ मोह, विगुचीऐ = दुखी होना पड़ता है, जम की फास - यमदूतों का फन्दा।

व्याख्या - अषाढ़ का महीना उन जीव रूपी स्त्रियों को तपिश भरा हुआ व दुखदाई प्रतीत होता है जिनके हृदय में प्रभु रूपी पति का प्यार निवास नहीं करता है। अषाढ़ की तपिश की भांति वह जीव कलह-क्लेश, वैर-विरोध, ईर्ष्या, निन्दा व विषय-विकारों की अग्नि में तप्त होते हुए दुखों को भोगते रहते हैं जो कि जगत के सहारे, परमात्मा ( जगजीवन पुरुष ) के सहारे को छोड़कर, सासांरिक मनुष्यों ( माणस संदी ) से आशाएं लगाए रखते हैं। सांसारिक लोगों तथा पदार्थों का सहारा द्वैत भावना है, जिसके द्वारा सारी जिन्दगी परेशानियों व दुखों में व्यतीत हो जाती है तथा अन्त में गले में यमों की फांसी पड़ जाती है। यह अटल दैवी कानून है, ईश्वरीय हुक्म है कि एक परमात्मा का सहारा बन्धनों से मुक्त करता है तथा एक परमेश्वर को छोड़कर सारे अन्य सहारे जीव को बन्धनों में डालकर रखते हैं।

ज्येष्ठ व अषाढ़ महीनों में सूर्य की तपिश शिखरों पर होती है। भीषण गर्मी के कारण धरती भट्ठी की तरह तप्त होती है। जीव-जन्तु, पशु-पक्षी आदि सबके लिए गर्मी को सहन करना कठिन हो जाता है। एक तो बाहर की गर्मी है जो मनुष्य को बेचैन कर देती है और दूसरी अन्दर की गर्मी

है, अन्दर की तपिश है जो कि विकारों की तपिश है, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार की तपिश है जो कि हमारे अन्दर को जलाकर रख देती है तथा यह तपिश हमारे आनन्द, खुशी व उल्लास का नामो निशान मिटा देती है, फलस्वरूप हमारा जीव विह्वल हो उठता है -

*जीउ तपतु है बारो बार ॥*
*तपि तपि खपै बहुतु बेकार॥*
*जै तनि बाणी विसरि जाइ ॥*
*जिउ पका रोगी विललाइ॥* *अंग - 661*

जब गुरवाणी विस्मृत होगी तो रोग तो अवश्य ही लगेंगे, साधारण रोग ही नहीं अपितु दीर्घ या पक्के रोगी की भांति फिर मनुष्य हाय विलाप करता है (जिउ पका रोगी विललाई।) यह गुरवाणी की निर्णय है। अषाढ़ माह की तपिश उसी को जलाती है (असाड़ु तपंदा तिसु लगै) जो नाम वाणी से टूट जाता है (हरि नाह न जिनां पासि) जब हम प्रभु-नाम के माध्यम से अपने निजत्व से जुड़ जाते हैं तो बाहर के ज्येष्ठ-अषाढ़ की गर्मी हमारा कुछ भी बिगाड़ नहीं सकती है बल्कि हमारे अन्दर प्रभु प्यार की शीतलता, शान्ति व सहजानन्द आ बसते हैं -

*छाती सीतल मनु तनु ठंढा ॥*
*जनम मरण की मिटवी डंझा ॥*
*करु गहि काढि लए प्रभि अपुनै*
*अमिउ धारि द्रिसटंगना ॥* *अंग - 1080*

प्रभु के नाम के साथ जुड़ने से सदैव सुख ही सुख है। उठते, बैठते, सोते, जागते, गुणी निधान का यशगान करने से तन व मन दोनों ही हमेशा शीतल व सुखी होते हैं -

*उठंदिआ बहंदिआ सवंदिआ सुखु सोइ ॥*
*नानक नामि सलाहिऐ मनु तनु सीतलु होइ ॥*
*अंग - 321*

जो मनुष्य सुख सागर सारे जगत को, पालनहार परमात्मा को भूलकर सांसारिक लोगों का आश्रय ढूंढते हैं वे गलत रास्ते पर पड़कर नामोशी व दुखी की खाई में जा गिरते हैं (जगजीवन पुरखु तिआगि कै माणस सन्दी आस)। गुरवाणी के अनुसार एक परमात्मा की उम्मीद ही हमारे सारे दुख दर्दों को दूर करने में समर्थ है -

*एक आस हरि मनि रखहु नानक*
*दूखु भरमु भउ जाइ ॥* *अंग - 281*

मनुष्य के उम्मीद रखनी नामोशी का कारण बनती है इसलिए यह झूठी उम्मीद है -

*मानुख की टेक ब्रिथी सभ जानु ॥*
*देवन कउ एकै भगवानु ॥*
*जिस कै दीऐ रहै अघाइ ॥*
*बहुरि न त्रिसना लागै आइ ॥*
*मारै राखै एको आपि ॥*
*मानुख कै किछु नाही हाथि ॥*
*तिस का हुकमु बूझि सुखु होइ ॥*
*तिस का नामु रखु कंठि परोइ ॥*
*सिमरि सिमरि सिमरि प्रभु सोइ ॥*
*नानक बिघनु न लागै कोइ ॥* *अंग - 281*

जहाँ पर जीवात्मा, परमात्मा में लीन हो जाती है तो वहाँ पर दुख भाव समाप्त हो जाते हैं -

*नानक दुखु सुखु विआपत नही*
*जिथै आतम राम प्रगासु ॥* *अंग - 1414*

अतः परमात्मा को भूलकर दूसरे भाव में विचारण करने से दुख ही दुख की प्राप्ति होती है (दूजै भाइ बिगुचीऐ) प्रभु परमेश्वर को अपना इष्ट, मालिक, पति समझने की बजाए सांसारिक लोगों व पदार्थों के साथ मोह पालना 'दूसरा भाव' है जिसमें से केवल अशान्ति व दुख की ही प्राप्ति होनी है। मनुष्य का मूल दुखान्त है जो कि परमेश्वर को मिलने नहीं देता है -

*दूजा भाउ न देई लिव लागणि*
*जिनि हरि के चरण विसारे ॥*
*जगजीवन दाता जन सेवक तेरे*
*तिन के तै दूख निवारे ॥* *अंग - 796*

वैसाखि के महीने में भी गुरु महाराज जी ने ऐसा ही फुरमान किया है -

*दयु विसारि विगुचणा प्रभ बिनु अवरु न कोइ ॥*
*प्रीतम चरणी जो लगे तिन की निरमल सोइ ॥*
*अंग - 133*

**जेहा बीजै सो लुणै मथै जो लिखिआसु ॥**
**रैण विहाणी पछुताणी उठि चली गई निरास ॥**

संसार की रचना का यह अटूट नियम है कि मनुष्य कर्मों के द्वारा जैसी खेती बोता है उसे वैसा ही फल प्राप्त होता है। अच्छे कर्मों का फल अच्छा और बुरे कर्मों का फल बुरा प्राप्त होता है, ऐसा दैवी व सांसारिक कानून है। श्री जपुजी साहिब में श्री गुरु नानक देव जी स्पष्ट शब्दों में कथन करते हैं कि पुण्य व पाप कर्म केवल कहने मात्र के लिए ही नहीं है। मनुष्य जो पुण्य-पाप वाले कर्म करता है उसका भुगतान यहाँ पर भी होता है, तथा जन्म-जन्मांतरों तक भी होता रहता है -

*पुंनी पापी आखणु नाहि ॥*
*करि करि करणा लिखि लै जाहु ॥*

*आपे बीजि आपे ही खाहु ॥*
*नानक हुकमी आवहु जाहु ॥* *अंग – 4*

बारहमाहा के आरम्भ में श्री गुरु अरजन देव जी फ़ुरमान करते हैं कि हम मनुष्य लोग पूर्व जन्मों के कारण ही प्रभु जी से बिछुड़े हुए हैं और परमात्मा की खोज में ही जगह-जगह पर भटक कर व थक हार कर अब तुम्हारी शरण में आए हैं, इसलिए अब कृपा करके अपना मिलाप प्रदान करो –

*किरति करम के वीछुड़े करि किरपा मेलहु राम ॥*
*चारि कुंट दह दिस भ्रमे थकि आए प्रभ की साम ॥*
*अंग – 133*

इसी प्रकार से 'भादुइ' (भाद्रपद) के महीने में भी गुरु जी पुनः कर्म-प्रतिकर्म के दैवी हुक्म को हमारे दृष्टिगोचर करते हैं –

*जेहा बीजै सो लुणै करमा संदड़ा खेतु ॥ अंग – 133*

कतिकि (कार्तिक) के महीने में भी गुरु जी स्पष्ट करते हैं कि मनुष्य द्वारा अपने किए हुए बुरे कार्यों के बुरे फलों को भोगते समय दूसरों को दोष देना उचित नहीं है। परमेश्वर को भूलकर विषय-विकारों के कर्मों का प्रतिक्रम भयानक रोगों के रूप में होता है। इसमें हमारे अपने ही कर्मों का दोष होता है न ही किसी अन्य का –

*कतिकि करम कमावणे दोसु न काहू जोगु ॥*
*परमेसर ते भुलिआँ विआपनि सभे रोग ॥अंग – 135*

मनुष्य अनेक प्रकार के मनवांछित कर्म करता है जो कि उसके धुर अन्दर तक मन रूपी स्लेट पर लिखे जाते हैं और जो उसके संस्कारों का एक हिस्सा बन जाते हैं। इनका फल भोगने के लिए उसे कई जन्मों तक भटकना पड़ता है। इसलिए बुरे कर्मों के बुरे फल को भोगते समय अन्य लोगों को दोष देना ठीक नहीं है –

*ददै दोसु न देउ किसै दोसु करंमा आपणिआ ॥*
*जो मै कीआ सो मै पाइआ दोसु न दीजै अवर जना ॥*
*अंग – 433*

सारा संसार मन के बने संस्कारों की वृत्ति के अनुसार अच्छे-बुरे, नेकी-बदी, पुण्य-पाप के द्वैत खेल में लीन होकर कार्य करता रहता है, फल भोगता रहता है और आवागमन के चक्रव्यूह में पड़ा रहता है। यह आवागमन का चक्रव्यूह अनन्तकाल तक चलता रहता है। कोई विरला प्रभु भक्त ही है जो कि कर्मों के इस द्वैतभाव में से निकलकर सहजावस्था को प्राप्त होता है –

*दुक्रित सुक्रित मंधे संसारु सगलाणा ॥*
*दुहहूं ते रहत भगतु है कोई विरला जाणा ॥*
*अंग – 51*

अच्छे बुरे कर्मों के निरन्तर खेल में ही मनुष्य की सारी आयु रूपी रात्रि व्यतीत हो जाती है। (रैणि विहाणी) अन्त समय में जब मनुष्य व्यतीत हो चुके जीवन की तरफ अपनी दृष्टि डालता है तो निकम्मे व गलत कार्यों में बरबाद किए जीवन का उसे बहुत अधिक अफसोस भी होता है और पाश्चाताप भी होता है, फलस्वरूप वह संसार से बहुत ही उदास व निराश होकर टूटे हुए दिल से विदा होता है (उठि चली गई निरास) लेकिन जीवन की बाजी को हार कर पाश्चाताप करते हुए संसार से विदा होने का क्या लाभ? अच्छे बुरे कार्यों के जीवन खेल, इसका लेखा-जोखा, इनका भुगतान, बहुमूल्य मनुष्य जीवन के खो जाने का मरणोपरान्त किया जाने वाला अफसोस तथा इसकी निरर्थकता का श्री गुरु नानक देव जी ने 'आसा दी वार' की अधोलिखित पउड़ी में बड़ा ही मार्मिक व सार्थक चित्रण किया है –

*आपीन्है भोग भोगि कै होइ भसमड़ि भउरु सिधाइआ॥*
*वडा होआ दुनीदारु गलि संगलु घति चलाइआ ॥*
*अगै करणी कीरति वाचीऐ बहि लेखा करि समझाइआ॥ थाउ न होवी पउदई हुणि सुणीऐ किआ रुआइआ ॥ मनि अंधै जनमु गवाइआ ॥ अंग – 464*

**जिन कौ साधू भेटीऐ सो दरगह होइ खलासु ॥**
**करि किरपा प्रभ आपणी तेरे दरसन होइ पिआस ॥**

निराशता व पाश्चाताप का नक्शा खींच कर गुरु जी हमें उदासी के घोर अन्धकार में से बाहर निकालना चाहते हैं क्योंकि कहीं ऐसा न हो कि दुर्लभ जीवन काल समाप्त हो जाए और हम पाश्चाताप करते हुए दुखी होते रहें। गुरू जी हमारे पथ प्रदर्शक बनकर मार्ग दर्शन करते हैं कि कर्मों के लेखे-जोखे से बचने के लिए सतगुरु की चरण शरण में आएँ, सन्त-महापुरुषों व नाम अभ्यासियों की संगत करें ताकि परमेश्वर की दरगाह में सुरखरू होकर पहुँचें। साधू-सन्त हमें समर्थ गुरु से प्राप्त किये गए शब्द के साथ जोड़ते हैं, नाम स्मरण के मार्ग को स्पष्ट करते हैं। नाम अभ्यास की कमाई के माध्यम से सफल जीवन जीने की युक्ति बताते हैं। वे हमें अहंकार के विखम जंजाल में से बाहर निकालने में भी सहाई होते हैं और इस मार्ग पर चलकर यानि कि नाम अभ्यास के मार्ग पर चलकर मनुष्य अपना उज्ज्वल मुख लेकर परमेश्वर की दरगाह में पहुँचता है। इस प्रकार के मार्ग को श्री गुरु महाराज जी 'श्री सुखमनी साहिब जी' में इस प्रकार से दर्शाते हैं –

*जिसु वखर कउ लैनि तू आइआ ॥*
*राम नामु संतन घरि पाइआ ॥*
*तजि अभिमानु लेहु मन मोलि ॥*
*राम नामु हिरदे महि तोलि ॥*

*लादि खेप संतह संगि चालु ॥*
*अवर तिआगि बिखिआ जंजाल ॥*
*धंनि धंनि कहै सभु कोइ॥*
*मुख उजल हरि दरगह सोइ ॥*
*इहु वापारु विरला वापारै ॥*
*नानक ता कै सद बलिहारै ॥ अंग - 283*

कर्मों के फल तथा जाल अथवा आवागमन के बन्धनों से केवल उन्हीं को निजात मिलती है, जो कि नाम स्मरण व साधना प्रभु-प्यारे तथा नाम अभ्यासी सन्त जनों की संगत में करते हैं -

*आनि आनि समधा बहु कीनी*
*पलु बैसंतर भसम करीजै ॥*
*महा उग्र पाप साकत नर कीने*
*मिलि साधू लूकी दीजै ॥ अंग - 1324*

**प्रभ तुधु बिनु दूजा को नही नानक की अरदासि ॥**
**आसाड़ु सुहंदा तिसु लगै जिसु मनि हरि चरण निवास॥**

इसलिए मनुष्य की सदैव ही यह अरदास होनी चाहिए कि हे प्रभु जी! तेरे बिना मेरा अन्य कोई सहारा नहीं है। कृपा करके हमारे अन्दर भी अपने दर्शनों की तीव्र लालसा को उत्पन्न करो। इस प्रकार की प्रार्थना करने वाले मनुष्य को अषाढ़ माह की तपिश नहीं लगती है बल्कि उसे तो अषाढ़ माह का गर्म महीना भी सुखी व सुहावना प्रतीत होता है क्योंकि उसके पास तक सांसारिक दुख व क्लेश भी नहीं पहुँच पाते हैं। उसका मन प्रभु चरणों के साथ जुड़ जाता है और वह प्रभु जी के नाम स्मरण में जुड़कर अपने निज स्वरूप की पहचान कर लेता है। उसे फिर केवल अषाढ़ माह ही नहीं वरन पूरी जिन्दगी रूपी अषाढ़ का महीना ही अर्थात पूरा जीवन ही सुखी, सुहावना व आनन्दमयी प्रतीत होने लगता है। आओ! हम गुरवाणी के द्वारा जीवन के मनोरथ को जानें, मनोरथ की प्राप्ति के मार्ग को समझें, साधु संगत के साथ मिलकर नाम अभ्यास की कमाई करें तथा जीवन को सुखी, सरल व सफल बनाएँ -

*भई परापति मानुख देहुरीआ ॥*
*गोबिंद मिलण की इह तेरी बरीआ ॥*
*अवरि काज तेरै कितै न काम ॥*
*मिलु साधसंगति भजु केवल नाम ॥ अंग - 12*

## तुखारी छंत महला १ बारह माहा

*आसाड़ु भला सूरजु गगनि तपै ॥*
*धरती दूख सहै सोखै अगनि भखै ॥*
*अगनि रसु सोखै मरीऐ धोखै भी सो किरतु न हारे ॥*
*रथु फिरै छाइआ धन ताकै टीडु लवै मंझि बारे ॥*
*अवगण बाधि चली दुखु आगै सुखु तिसु साचु समाले॥*
*नानक जिस नो इहु मनु दीआ मरणु जीवणु प्रभ नाले॥*
*अंग - 1108*

*आसाड़ु भला सूरजु गगनि तपै॥*

आषाड़ का महीना भी शुभ है, अच्छा है, इस समय सूर्य आकाश में पूरी तरह से तपता है।

*धरती दूख लहै सोखै अगनि भखै॥*

सूरज की तपस के कारण धरती की नमी सूखती जाती है। इस तरह धरती दुख सहती है। धरती में रहने वाले जीवन जन्तुओं को कष्ट सहन करना पड़ता है क्योंकि धरती आग की तरह तप रही होती है।

*अगनि रसु सोखै, मरीऐ धोखै,*
*भी सो किरतु न हारे॥*

सूर्य की अग्नि पानी को, रसों को सुखा देती है। हर एक प्राणी का जीवन त्राहि-त्राहि करके दुखी होता है, फिर भी सूर्य अपना कार्य पूरा करता रहता है। भाव तपस जारी रखता है।

*रथु फिरै छाइआ धन ताकै*
*टीडु लवै मंझि बारे॥*

सूर्य का रथ निरन्तर चक्कर लगाता रहता है, तपस से बचने के लिये जीव स्त्री छाया की तलाश करती है। कमजोर जीव विकारों की तपस से बचने के लिये गुरू का सहारा ढूंढते हैं। तपस के कारण झीगुर भी बाहर टीं-टीं करता है। गर्मी से राहत के लिये इच्छा करता है।

*अवगण बाधि चली दुख आगै*
*सुखु तिसु साचु समाले॥*

जो जीव स्त्री संसार यात्रा के समय बुरे कर्मों की गठड़ी सिर पर बान्धे फिरती रहती है, उसे विकारों की तपस का दुख अवश्य भोगना पड़ता है। परन्तु जो जीव स्त्री सच्चे परमात्मा को अपने हृदय में बसा लेती है, उसे अवश्य सुख तथा आत्मिक आनन्द प्राप्त होता है।

*नानक जिन को इहु मनु दीआ*
*मरण जीवणु प्रभ नाले॥*

हे नानक! जिस जीव स्त्री को प्रभु ने कृपा करके हरि नाम सिमरण वाला मन दिया है, प्रभु प्रीतम के साथ उसका मन सदीवी साथ बन जाता है, उसे आषाढ़ की तपस, विकारों का सेक नहीं लग सकता।

# शहीदों के सरताज

## ( श्री गुरू अरजन देव जी )

*सन्त वरियाम सिंह जी*
*बानी वि. गु. रू. मि. चै. ट्रस्ट*

*शान ..............................।*
*सतिनाम श्री वाहिगुरू,*
*धंन स्री गुरू नानक देव जी महाराज।*
*डंडउति बंधन अनिक बार सरब कला समरथ॥*
*डोलन ते राखहु प्रभू नानक दे करि हथ॥ अंग - 256*

*फिरत फिरत प्रभ आइआ परिआ तउ सरनाइ॥*
*नानक की प्रभ बेनती अपनी भगती लाइ॥अंग - 289*

*धारना - महिमा तेरी न वेद जाणदे -2, 2.*
*तेरा बरमा ने अंत न पाइआ -2.*

*महिमा न जानहि बेद॥ ब्रहमे नही जानहि भेद॥*
*अवतार न जानहि अंतु॥ परमेसरु पारब्रहम बेअंतु॥*
*अपनी गति आपि जानै॥ सुणि सुणि अवर वखानै॥*
*संकरा नही जानहि भेव॥ खोजत हारे देव॥*
*देवीआ नही जानै मरम॥ सभ ऊपरि अलख पारब्रहम॥*
*अपनै रंगि करता केल॥ आपि बिछोरै आपे मेल॥*
*इकि भरमे इकि भगती लाए॥ अपणा कीआ आपि जणाए॥*
*संतन की सुणि साची साखी॥ सो बोलहि जो पेखहि आखी॥*
*नही लेपु तिसु पुंनि न पापि॥ नानक का प्रभु आपे आपि॥*
*अंग - 894*

*धारना - निरवैर निराला जी,*
*सतगुर पुरख अगंम है।*

*सतिगुर पुरखु अगंमु है निरवैरु निराला॥*
*जाणहु धरती धरम की सची धरमसाला॥*
*जेहा बीजै सु लुणै फल करम सम्हाला॥*
*जिउ करि निरमलु आरसी जगु वेखणि वाला॥*
*जेहा मुहु करि भालीऐ तेहो वेखाला॥*
*सेवक दरगह सुरखरू वेमुखु मुह काला॥*
*भाई गुरदास जी, वार 34/1*

साध संगत जी! गर्ज़ कर बोलो सतनाम श्री वाहिगुरू। कारोबार संकोचते हुए जेठ सुदी चौथ कि गर्मी अपने पूरे ज़ोरों पर है, लगभग 44° सैल्सियस तापक्रम चल रहा है, शामियाने लगने से गर्मी और भी बढ़ जाती है सो आप सभी तप कर रहे हो - इसे सहज तप कहते हैं। गुरू महाराज जी की याद में बन्धे हुए, दूर दूर से श्रद्धा धारण करके, इस स्थान पर पहुँचे हो। गुरू जिसके बारे में फरमान है कि *'सतिगुरु पुरखु अगंम है निरवैर निराला।'* जिसकी क्रिया की कोई अगमता ही न हो, मनुष्य जान ही न सके, अनुमान भी न लगा सके। जो आम आदमी है, उसे आम आदमी समझकर ही बातें करें, श्रद्धा रखने वाले श्रद्धापूर्वक बातें करें, जो इसमें शक्तियां मानते हैं, वे शक्तियों के जानने वाला जानकर बातें करें, जो उच्च मण्डलों के देवी देवता, साधु महात्मा हैं, वे इसे और भी अधिक अच्छा समझकर ऊंची बातें करते हैं। ऐसी जो क्रिया हुआ करती है, वह सतगुरू की ही हुआ करती है। यह कौतुक किसी की भी समझ में नहीं आया करता। यह क्रिया अगम हुआ करती है अर्थात ममता से बाहर की क्रिया होती है। अपने अपने अनुमान हुआ करते हैं। हम उनके जीवन को, अपने हिसाब से, अपनी बुद्धि से, अपने निश्चयों से जानने का प्रयत्न किया करते हैं। लेकिन वे हमारे निश्चयों से कहीं अधिक महान होते हैं। क्या होता है, क्या नहीं होता? हमें उनके बारे में कुछ भी पता नहीं चलता। जैसी परमेश्वर ने जिसे बुद्धि दी है, वह वैसी ही बातें करता है।

गुरू पांचवे पातशाह महाराज, आप जी ने जब से गुरूपद सम्भाला है, उससे पहले का भी सारा जीवन चाहे गृहस्थ में बिताया है, परन्तु चैन का जीवन नहीं रहा। बहुत संघर्षों में से निकलना पड़ा। एक तरफ उनका निश्चय था कि -

*दूखु न देई किसै जीअ पति सिउ घरि जावउ॥*
*अंग - 322*

किसी को दुख नहीं देना, किसी के साथ वैर नहीं करना, किसी का किसी भी तरह से बुरा नहीं करना। जब भी कोई काम करना है तो बस भला ही करना है। चाहे सामने कितना बड़ा दुश्मन भी क्यों न खड़ा हो? उन्होनें तो बस भला ही करना है। क्योंकि महापुरुषों का स्वभाव हुआ करता है। दुष्ट आत्मा का स्वभाव अलग होता है। गुरमुख आत्मा का

स्वभाव अपना अलग हुआ करता है। यदि दोनों का मिलाप हो जाये तो फिर बड़ी कठिनाई हो जाती है। गुरमुख आत्मा अपने नियम पर अटल रहती है जबकि दुष्ट आत्मा राक्षस वृत्ति पर कायम रहती है।

एक बार शुकदेव मुनि जा रहे थे। एक छोटा सा तालाब नज़र आया। आपके मन मे विचार उठा कि मैं हाथ पांव धो लूँ। कुरली वगैरा कर लूँ, गर्मी बहुत पड़ रही थी। आप वहां पर गये और अंजलि भर कर पानी से हाथ धोने लगे। आपने देखा कि एक जीव उसके अन्दर डूब रहा है और बार बार बाहर आने की कोशिश करता है, फिर गिर जाता है। आपने गौर से देखा तो वह बिच्छू था। आपके मन में उसे बचाने के लिये इच्छा जाग्रत हुई क्योंकि परोपकारी भावना मन में रहती थी. किसी की जान बचाना अपना धर्म समझते थे चाहे दुश्मन ही क्यों न हो? आप ने उसे अंगुली का सहारा दिया तो वह बेहोश हुआ बिच्छू अंगुली का सहारा पाकर, अगली दो टागों से ऊपर चढ़ने लगा। थोड़ी देर में बिच्छू ने एक दम डंक मार दिया। हाथ कांपने लगा तो बिच्छू फिर धड़ाम से वहीं पानी में जा गिरा। महात्मा जी को फिर तरस आ गया। उन्होंने फिर उसे सहारा दिया, उसने फिर डंक मार दिया। इस प्रकार उसने दसों अंगुलियों पर डंक मार दिये। दर्द बहुत ज्यादा होने लगी। शरीर में विष असर करने लगा। इतनी देर में कोई सज्जन पुरुष उधर से आ निकला और बोला, ''सन्त जी! आप इसे बाहर निकालते हो और यह आपको डंक मार देता है। आपकी दसों अंगुलियों पर इसने डंक मार दिया। कोई ऐसी जगह नहीं रही, जहां पर इसने अपना वार न किया हो। इसका तो स्वभाव ही डंक मारने का है।'' महात्मा ने कहा, ''प्यारे जी! देखो यह जीव है। इसे परमेश्वर ने ज्ञान ही नहीं दिया। इसे यह मालूम नहीं कि मुझे बचाया जा रहा है। मेरी रक्षा की जा रही है। परन्तु मुझे तो परमेश्वर ने अकल दी है कि नेकी करना मेरा फर्ज़ है। जब यह पशु वृति में होकर अपना स्वभाव नहीं छोड़ता तो बताओ, फिर मैं मनुष्य होकर अपना नेकी का स्वभाव कैसे छोड दूं?'' इस प्रकार बातें चली आती है। कईयों के मन में भलाई की भावना बसी होती है तो कुछ के मन में बुराई बसी होती है? कुछ प्रेरणा के स्त्रोत होते हैं। अपनी अपनी वृति तथा स्थिति के अनुसार जीव काम करते है।

इस प्रकार दृष्टि में अन्तर हुआ करता है। गुरू पांचवे पातशाह महाराज, आप अभी छोटी उम्र के हैं, लगभग 17 साल के होगें। इस समय पृथी चन्द चालें चलता है कि किसी तरह गद्दी उसे मिले। परन्तु गुरू रामदास जी महाराज अच्छी तरह से कसौटी पर कस कर देखने के बाद गुरू पद इन्हें सौप देते हैं. जब गुरूपद इन्हें दिया गया तो आपकी आयु पृथी चन्द से छोटी थी। जितनी संगत के मुखिया आते हैं, अमीर लोग, अधिकारी वर्ग, राजसी कर्मचारी आते हैं, उनकी सेवा करता है और उनके साथ मित्रता भी करता रहता है। इस प्रकार राजसी ताकत इक्ट्ठी करने लगा। मसन्दों को ठगने लगा। इसने शुरू से ही ऐसी योजना बनाई थी, गुरू गद्दी का अधिकारी तो था नहीं, जबरदस्ती हथियाना चाहता था। महाराज जी ने अधिकारी देखकर, भोलेभाले दुनियां से पूरी तरह निर्लिप्त रहने वाले, सब कुछ जानते हुए भी अलग थलग रहने वाले, अमरदास जी को गुरूपद दे दिया। उस समय उसने रोष से भरकर पातशाह गुरू राम दास जी से कहा, ''देखो! आपने मेरा हक मार दिया, परन्तु मेरा नाम भी पृथी चन्द है। मैनें इसे एक दिन भी चैन से नहीं बैठने देना। कहते हैं, भाई भाई के बाजू होते हैं पर यह भाई बाजू की जगह पूरा दुश्मन है।'' तभी से घर की फूट शुरू हो गई। काफी समय तक महाराज जी के कोई सन्तान पैदा न हुई। बाद में जब बाबा बुड्ढा जी के आर्शीवाद से गुरू हरगोबिन्द साहिब जी प्रकट होने वाले थे, उस समय इसने एक जादूगर को जो जोगी के भेष में रहता था, उसे कहा, तू जितना मर्ज़ी धन ले ले, जैसे भी हो यह गर्भ नहीं रहना चाहिये। जादूगर लालची था। लोभ में आकर जब अपनी मन्द चाल चलने लगा तो महाराज जी की कृपा हो गई।

*रोगन ते अर सोगन ते जल जोगन ते बहु भांति बचावै ॥*
*सत्रू अनेक चलावत घाव तऊ तन एक न लागन पावै ॥*
*राखत है अपनो कर दै कर पाप समूंह न भेटन पावै ॥*
*और की बात कहा कह तो सों सु पेट ही के पट बीच बचावै ॥* *सवये पातशाही १०*

महाराज जी ने रक्षा कर दी। जो वार उस जोगी ने गुरू पत्नी माता पर चलाया था वह वपिस उसी जोगी पर आ चला और वह मर गया। इसके पश्चात उसने एक दाई (नर्स) को लालच दिया कि वह अपने स्तनों के साथ विष लगाकर, इस बालक को सदा की नींद सुला दे। जिस प्रकार श्री कृष्ण जी महाराज को मारने के लिये कंस ने पूतना को भेजा था। इस प्रकार जब वह गुरू महाराज जी को गोदी में लेकर दूध पिलाने बैठती है तो गुरू महाराज जी दूध नहीं पीते बल्कि हाथ से उसके स्तनों को इतने जोर से दबाते हैं कि वह वहीं पर दम तोड़ देती है। पूर्व जन्म का श्राप लगा हुआ था, अतः गुरू महाराज जी की स्तुति करती हुई परलोक चली जाती है। कहती है, ''पातशाह! आपने मुझे क्षमा कर दिया। धन्य हैं आप।'' इस प्रकार बचपन से ही आप जी ने अनेक कौतुक दिखाये। फिर उसने किसी सपेरे को लालच देकर एक बहुत बड़ा सांप पीछे छुड़वा दिया। बहुत ही जहरीला नाग गुरू महाराज जी की ओर सीधा ही बढ़ता आ रहा है, जैसे ही

यह डंक मारने की कोशिश करता है, महाराज जी इसको फन से पकड़ लेते हैं। बड़ी जोर से पकड़ कर धरती पर फैंक कर मारते है। उस समय महाराज जी चलना भी नहीं जानते थे, केवल लुढ़कना ही सीखे थे। यह घटना उस समय की है। इस प्रकार फन पकड़ कर धरती पर रगड़ रगड़ कर, उस सांप को मार देते है। यह कौतुक देखकर सभी दंग रह गये। सपेरा पकड़ लिया गया और उसने सच सच बता दिया कि पृथी चन्द ने उसे लालच देकर भेजा था।

इतना ही नहीं एक बार गुरू साहिब के पण्डित दुनी चन्द को भी इस मन्द कर्म में फंसा लिया। उसने दुनी चन्द से कहा, ''गुरू साहिबजादे दही बहुत पसन्द करते हैं। उनकी दही में थोड़ा सा सायनाईड ज़हर मिला देना बस मुँह से स्पर्श करने की देर होगी कि ज़हर सारे शरीर में असर कर जायेगा और काम हो जायेगा। अभी 500 रुपये रख ले, फिर काम हो जाने बाद तुझे मुँह मांगा धन दूंगा।'' इस प्रकार पण्डित दुनी चन्द भी लालच के वशीभूत हुआ गुरू महाराज जी को गोदी में लेकर दही खिलाने लगा। पर गुरू महाराज जी नहीं खाते। वह जब जबरदस्ती मुँह में डालता है तो महाराज जी चीख पड़ते हैं शोर सुन कर महाराज जी, तथा माता जी भी आ जाती हैं और कहती है, ''पण्डित जी! क्यों जबरदस्ती खिलाते हो? नहीं खाना चाहते मत खिलाओ।'' इधर महाराज जी ऐसा हाथ मारते हैं कि दही इधर उधर बिखर जाता है। उधर से एक कुत्ता आता है और वह दही खाने लगता है। जैसे ही वह दही चाटता है, ज़हर बहुत असरदार था, अत: तुरन्त धरती पर लोट पोट होता हुआ मर जाता है। पण्डित जी को पूछा, ''यह तुमने क्या किया है?'' तो उसने रून्धे हुए गले से अपनी गलती मानते हुए कहा, ''मुझे पांच सौ रूपये देकर यह मन्द कर्म करने के लिये पृथी चन्द ने भेजा था।'' जो बुरा व्यक्ति होता है उससे धन के लालच में जितना बड़ा मर्ज़ी घृणात्मक काम करवा लो, वह कर देगा। उस समय प्रकृति का न्याय चलता है। गुरू महाराज जी उसे कुछ नहीं कहते। न उसे मारते हैं और न ही डाँटते हैं। बस इतना ही कहते हैं, ''तूने बहुत बुरा किया।'' थोड़ी देर बाद धरती पर लेटने लग जाता है। पेट में सूल पड़ते हैं, दर्द के मारे, सारी संगत के सामने प्राण त्याग देता है। उस समय गुरू महाराज जी ने इस तरह से शबद का उच्चारण किया।

*धारना - पापी पच के मरिआ जी*
*हरि जन राखे आप हरी ने।*

*लेपु न लागो तिल का मूलि॥*
*दुसटु ब्राहमणु मूआ होइ कै सूल॥ अंग - 1137*

इस प्रकार उसे अपने पाप कर्म का फल स्वयं ही मिल गया। यहां पर इन प्रसंगों से गुरू महाराज जी के स्वभाव का पता चलता है। मन्द कर्म के बदले में कोई वार नहीं किया। माता जी के मन में कई बार संशय होता है कि पृथी चन्द साहिबजादे जी का नुकसान कर सकता है। परन्तु महाराज जी कहते हैं, ''जिसका रक्षक मालिक हो जाये, उसे कोई नहीं मार सकता। उसकी कभी हार नहीं हुआ करती। उसकी सदा जीत होती है।'' फरमान है -

*जिसके सिर ऊपरि तूं सुआमी सो दुखु कैसा पावै॥*
*अंग - 749*

जिसके सिर पर परमेश्वर का हाथ हो, उसे कभी भी दुख नहीं आ सकता। इस प्रकार महाराज जी के स्वभाव के बारे में इन साखियों और वाणी से पता चलता है, आप जी ने फरमान किया कि -

*लेपु न लागो तिल का मूलि॥*
*दुसटु ब्राहमणु मूआ होइ कै सूल॥*
*हरि जन राखे पारब्रहमि आपि॥*
*पापी मूआ गुर परतापि॥*
*आपणा खसमु जनि आपि धिआइआ॥*
*इआणा पापी ओहु आपि पचाइआ॥*
*प्रभ माता पिता अपणे दास का रखवाला॥*
*निंदक का माथा ईहां ऊहा काला॥*
*जन नानक की परमेसरि सुणी अरदासि॥*
*मलेछु पापी पचिआ भइआ निरासु॥ अंग - 1137*

इसके बाद पृथी चन्द का एक और बड़ा मित्र बीरबल नाम का था। जिसके बारे में लोग बहुत सी कहानियां सुनाया करते हैं। चुटकले सुनाया करते हैं। कुछ लोगों ने अपने ही मन गढ़न्त बनाये होते हैं पर नाम बीरबल का लिख देते हैं। कुछ वह करता भी ऐसे ही काम था। एक बार युसुफ ने उसे काबुल भेजना था। वहाँ युद्ध हो रहा था। अकबर बादशाह इससे बहुत खुश थे। अकबर ने कहा, ''बीरबल! आप काबुल जाओ। रास्ते में सारा हाल चाल भी देखते जाना और प्रजा को प्रसन्न करते जाना।'' बीरबल बोला, ''महाराज! मैं ब्राह्मण हूँ और फिर राज ब्राह्मण की मेरी पदवी है। आपने मुझे राज पण्डित का मान दिया है। आपके राज्य में जितने भी खत्री रहते हैं, वे सभी मेरे यजमान बनते हैं। इसलिये एक परवाना लिख दो कि सभी खत्री मुझ ब्राह्मण को दक्षिणा देना न भूलें।''

इस प्रकार लिखवा लिया और दिल्ली से चल पड़ा। उगाही करता हुआ आ रहा है, करोड़ों रूपया इक्ट्ठा कर लिया। जिसके पास भी अच्छी अमीरी देखता है, तुरन्त सन्देशा भेज देता है, ''राज पण्डित को अमुक दक्षिणा, भेज दो।'' इस प्रकार डर के मारे उसे मनचाही दक्षिणा धन के रूप में मिल जाती है। इस तरह चलते चलते, वह अमृतसर आ पहुंचता

है। शहर के बाहर डेरा डाल देता है। मन में गुरू घर अर्थात गुरू नानक के घर के प्रति बड़ी ईर्ष्या है। ये हमारे ब्राह्मणों का विरोध करते हैं। हमारे जनेऊ की जगह कहते हैं कि सच का जनेऊ पहनो। इस प्रकार ईर्ष्या मन में उठ रही है।

परन्तु गुरू नानक पातशाह ऐसे नहीं कहते थे कि जनेऊ मत पहनो। आपने जनेऊ डालने के लिये कभी मना नहीं किया। आप तो चाहते थे कि इसके अन्तरीव अर्थों को समझें। इसे केवल धागा समझ कर न पहनें। आप इस जनेऊ के अन्तरीव अर्थ समझाते हुए बताते हैं कि इसकी कपास दया की हो, सन्तोष के सूत से बटा हुआ हो, जत की गांठे हो, सत के चरखे पर काता गया हो। ऐसा डाला हुआ जनेऊ, फिर यहां भी और दरगाह में भी साथ जायेगा। यदि कोई और जनेऊ डालते हो तो -

*चऊकड़ि मुलि अणाइआ बहि चउकै पाइआ॥*
*सिखा कंनि चड़ाईआं गुरु ब्राहमणु थिआ॥ अंग - 471*

यदि तुम ऐसा करते हो, ब्राह्मण ने उसे बट लगाये और तुमने गले में डाल लिया। कहते हैं -

*ओहु मुआ ओहु झड़ि पइआ वेतगा गइआ॥*
*अंग - 471*

''वह तो यहीं पर ही झड़ जायेगा, गल जायेगा आगे कहाँ मिलेगा?'' यदि कोई चिन्ह पहनना ही है तो ऐसा पहनो जो दरगाह में भी साथ जाये। जो यहीं पर ही शरीर के साथ ही मर जाये, ऐसे चिन्ह का क्या लाभ? इसलिये आप कहा करते थे कि इस जनेऊ के आन्तरिक भावों को हृदय में बसाओ। स्थूल शरीर के बाद जो कारण शरीर है, इसके अन्दर भी बसाओ। फिर तुम्हें जनेऊ मुबारक है।

इस असली बात को न समझने के कारण ये कर्म-काण्डी लोग गुरू घर के साथ द्वैष करते थे। कट्टर पंथी भावना के कारण जो ब्राह्मण वर्ग था, वही द्वैष और ईर्ष्या से जलता था। आम हिंदू तो गुरू नानक साहिब को मानते थे। यदि गुरू साहिब को न मानते तो जिस दिन पांच प्यारों का चयन हुआ, तो सारे देश में से कैसे उठकर आ जाते, द्वारिका से कैसे आते? बिदर से कैसे आते? उड़ीसा से कैसे आ सकते थे? सारे हिन्दुस्तान में से एक एक प्रतिनिधि खड़ा दिखाई देता था। यदि सिखी न होती तो कौन आता? उस समय केवल विरोध करने वाले ये अपने आपको ऊंची जाति के समझने वाले ब्राह्मण ही थे। वह ज़ोर के बल पर गुरू घर को झुकाना चाहता था। गुरू अर्जन देव जी महाराज के पास सन्देशा भिजवाता है कि मुझे एक लाख रूपया दक्षिणा भिजवा दो। साथ ही यह भी सन्देशा भिजवाया कि यदि आपने दक्षिणा न दी तो घर बार ज़ब्त करने का हुक्म मेरे पास है और मैं आपको गिरफ्तार भी कर सकता हुँ। महाराज जी को बताया गया। महाराज जी ने कहा, ''क्या जल्दी है?''

*अजहु सु नाउ सुमंद्र महि किआ जानउ किआ होइ॥*
*अंग - 1366*

आज तक, कल किसी ने नहीं देखी। जब कल आयेगी तो देखी जायेगी। कल की बात कल करेगें। रात को उसे हुक्म आ गया कि युसुफ सहित जल्दी चले आओ। पठानों का जोर पड़ गया। उसी समय बात को बीच में ही छोड़ कर वापिस चला गया। साथ ही हिदायत दे गया कि जब मैं वापिस आऊंगा तो व्याज सहित पैसा वसूल करूंगा। दण्ड लगाऊंगा। इस तरह बात खत्म हो गई। जो अहंकारी होते हैं, वे परमेश्वर को भाते नहीं है। वे जल्दी ही गिर जाया करते हैं।

*धारना - धरती ते गिरदे ने करदे अभिमान जिहड़े -2, 4.*

*जो जो करते अहंमेउ झड़ि धरती पड़ते॥ अंग - 317*

कहते हैं कि जो भी ताकत दिखाता है, चाहे पहले दिखाये या बाद में, वह गिरता ही गिरता है।

*ऊचा चड़ै सु पवै पइआला॥*
*धरनि पड़ै तिसु लगै न काला॥ अंग - 374*

जो धरती पर पहले ही गिरा पड़ा हो उसे और नीचे क्या गिराना? साध संगत जी! जो ऊंचा चढ़ता है, उसने ही गिरना होता है। सो गिर गया। समाप्त हो गया। इस प्रकार एक तरफ तो षडयन्त्र ही षडयन्त्र रचे जा रहे हैं। दूसरी ओर देखा जाये तो श्री गुरू ग्रन्थ साहिब में आधी वाणी गुरू महाराज पांचवे पातशाह ने उच्चारण की है। कलयुगी जीवों को शान्ति देने के लिये, रास्ता दिखाने के लिये, बड़े बड़े मुश्किल सिद्धान्तों को बहुत ही सरल एवं सुन्दर ढंग से प्रकट किया। सुखमनी साहिब में चारों वेद, छह शास्त्र, 27 स्मृतियां उपनिषदों, कुरान शरीफ, तौरेन्त, अन्जील, जम्बूर, बाईबल जितने भी धर्म ग्रन्थ और जितने भी महापुरुषों के सैद्धान्तिक कर्म, उपासनाएं, ज्ञान, विज्ञान ये सभी महाराज जी ने 24 अष्टपदियों में अंकित करके हमारा मार्ग दर्शन किया है। एक ही वाणी हमें भक्ति से लेकर ज्ञान तक, परमेश्वर तक, लीनता तक ले जाती है। ऐसी वाणी का उच्चारण कर रहे हैं। मन में कोई द्वैष भावना नहीं है। इस प्रकार समय बीतता गया। साहिबजादे जवान हो गये। अकबर ने शरीर त्याग दिया और जहांगीर तख्त पर बैठा। तख्त पर बैठने के बाद सारा राज-पाट देखता है तो थोड़ा सा इसकी नीयत में परिवर्तन आ जाता है। अक्बर की नीति समझौते वाली थी। वह चाहता था कि धर्म और मज़हब का राज्य प्रबन्ध के साथ कोई सम्बन्ध नहीं होना चाहिये। बात समझने वाली है। अकबर

की नीति सभी धर्मों को बराबर सम्मान देने वाली थी। जहांगीर के आते ही नीति बदल गई।

इस नीति में परिवर्तन करने वाला, भेद भाव पैदा करने वाला, एक सलाहकार था शेख अहमद सरहन्दी जिसका मकबरा फतहगढ़ साहिब के पास बना हुआ है। वह सभी को कट्टरवादी बना रहा था। जो पीर फ़कीर सन्धि में विश्वास रखते थे, वे सब अपने पीछे लगा दिये। इस्लामी राज्य घोषित कर दिया। अकबर का राज्य इस्लामी राज्य नहीं था। वह हिन्दुस्तान की प्रजा का राज्य था। बेशक वह मुसलमान बादशाह था पर सभी धर्मों का आदर करता था। सभी के कल्याण के लिये उसने कानून बनाये हुए थे। जब राज्य मज़हबी बन जाता है, उस समय मज़हबी कानून बन जाते हैं, जिसमें उसी मज़हब के लोग फिट रहते हैं, बाकी धर्मों के लोगों के लिये ठीक नहीं हुआ करता। धर्म हमेशा पवित्र एवं उच्च चरित्र हुआ करता है, इसलिये धर्म और राजनीति का मेल नहीं हुआ करता। उच्च चरित्र एवं राजनीति इक्ट्ठी हो, तो राजनीति में शुद्धता रहेगी। यदि मज़हब और राजनीति इक्ट्ठी हो जाये तो फिर द्वैत आ जाती है। इसने मज़हब और राजनैतिक शक्ति को इकट्ठा कर दिया। इसका परिणाम यह निकला कि जो साफ दिल एवं खुशदिल मुसलमान थे, सूफी वगैरा उनके सामने बड़ी कठिनाईयां आने लगीं। जो हिन्दू थे, उन्हें भी तकलीफें उठानी पड़ीं। गुरू घर के साथ जो मित्रता और श्रद्धा चल रही थी, उसमें विघ्न पड़ना शुरू हो गया। अकबर गुरू अमरदास जी से मिला, धरती पर बैठ कर संगत के साथ मिलकर, पंगत में बैठा और भोजन किया। दूसरी बार चौथे गुरू पातशाह से भेंट हुई। उस समय गुरू ग्रन्थ साहिब की बाणी सुनकर और भी अधिक प्रभावित हुआ। तीसरी बार फिर गुरू पाचवें पातशाह जी के साथ मुलाकात हुई। उसमें इसने कहा, ''जो मैनें आपको पट्टा बना कर दिया है, उससे होने वाली आय को लंगर में प्रयोग किया करो। लंगर में आपका बहुत खर्च होता है। इसलिये यह परगना मैं आपको देता हूँ। इसका प्रयोग लंगर के लिये करो।'' महाराज जी ने कहा, ''हमारा लंगर कोई छोटा मोटा नहीं है, बहुत बड़ा है। यह तो इतना बड़ा है जितना बड़ा विश्व है। तुम्हारे इस परगने को लेकर कुछ भी नहीं बनेगा। हां, यदि आप वास्तव में ही सहायता करना चाहते हो तो इस समय पंजाब में अकाल पड़ा हुआ है, भुखमरी फैली हुई है। अपने खजानों में से, भण्डारों में से पंजाब को अनाज भेज दे। अनाज के भण्डार खोल दें। दूसरी बात इस गरीब जनता का मालिया वापिस कर दे। अकबर ने उसी समय मालिया वापिस कर दिया। सरकारी भण्डार में से अनाज भेजा। इस प्रकार वह आप जी की सेवा से बहुत प्रभावित हुआ।

जब लाहौर में भुखमरी फैली, बीमारी फैली, गलियों में लाशों के अम्बार पड़े थे। उनकी कोई देखभाल नहीं कर रहा था, ऐसे समय में गुरू महाराज अपने सिखों को साथ लेकर, हिन्दुओं के संस्कार तथा मुसलमानों को कब्रों में दफनाने का कार्य करते रहे। आप का हिन्दुओं और मुसलमानों में बड़ा यश हुआ। उस समय भी बहुत से लोग महाराज जी का विरोध करते थे। इधर उस चन्दू दीवान ने अपनी लड़की का रिश्ता करने के लिये निमन्त्रण भेजा। उन दिनों में ऐसा कोई रिवाज नहीं होता था कि शगन में पैसा आ जाये और बस रिश्ता पक्का कर दो। रिश्ता पक्का हो जाता था, फिर लड़की कहीं और शादी नहीं कर सकती थी, बस वहीं पर उसी लड़के के साथ विवाह करना पड़ता था। जब रिश्ता करने वाले ढूंढते ढूंढते अमृतसर पहुँचे और गुरू महाराज जी के स्वभाव के बारे में सुना और गुरू छठे पातशाह के दर्शन किये तो उनके मन में आया कि दुनियां में इससे बढ़िया रिश्ता और कोई नहीं मिल सकता। बहुत खुशी हुई। उन्होंने सगाई पक्की करने के लिये रुपया दे दिया और समय की मोहलत मांग ली। महाराज जी ने कहा कि हम सोच विचार कर आपको जवाब देगें। ठीक है आपने अपनी बात कह दी, अब हम सोच विचार के बाद उत्तर देगें। जब वे दिल्ली लौटे तो बड़ी खुशियां मनाई गईं। सभी कहते कि इसकी लड़की की सगाई हो जायेगी, गुरू घर का रिश्ता मिल जाना है। उस समय गुरू की संगत के बहुत से प्रेमी चन्दू के घर चले जाते हैं। वे मन ही मन सोचते हैं कि यदि यह फैसला हो गया तो उसको बधाईयां देगें तथा जिस लड़की के साथ नया सम्बन्ध होगा, उसके चरण स्पर्श करेगें। वह बहुत ही भाग्यशाली लड़की होगी तथा जगत माता बनेगी। जब ये वहां पहुँचे और इसके पहलकारों ने रिश्ते के सम्बन्ध में बताया तो इसने नाक भौंह चढ़ा ली, माथे पर त्यौरियां चढ़ गई। कहता है, ''तुम्हें अकल नहीं थी। कितना बुरा काम कर आये हो?'' वे बोले, ''महाराज! उन जैसा तो संसार में और कोई है ही नहीं।''चन्दू अभिमान से भरकर बोला, ''मैं सरकारी अफसर हूँ और वे फकीरों की गद्दी पर बैठे हैं। तुमने यह क्या किया? चौबारे की ईंट को गन्दी नाली के साथ लगा दिया?'' इस प्रकार अहंकार से भरे वचन कहे।

उस समय जो गुरू घर के प्रेमी वहां बैठे थे, उनके मनों में बहुत पश्चाताप हुआ और अफसोस किया कि ऐसा अहंकारी, पापी इसका रिश्ता गुरू घर के साथ नहीं होना चाहिये। उन्होंने उसी समय एक पत्रिका लिखी। इनके पहुँचने से पहले पहले वह पत्रिका पहुँचाई। उसमें आप लिखते हैं -

*धारना - मूरख आप नूं चौबारा आखे निदिआ करे पूरे गुरां दी -2, 4.*

*लिखतुम सभि दिल्ली की संगति*
*सतिगुर के सनमुख अरदासि॥*
*शाहि दिवान सुता को नाता॥*
*भेज्यों अहै तुमारे पासि॥*
*आप हंकारी बनयो चुबारा*
*तुमहि कहयो मोरी संकास॥*
*बिन शरधा ते मूरख बोलयो*
*इत्तयादिक निंदा की रास॥*
*हम को नहिं चलयो सु लिखयो ब्रितंत॥*
*सुता न साकत की तुम लीजहु*
*इह संगति को अहै मतंत॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रंथ, अंग - 2240*

प्रस्ताव पास कर दिया गया कि यह रिशता मन्जूर नहीं करना। गुरू महाराज जी के पास चिट्ठी पहुँच गई। पक्ष विपक्ष पर विचार किया गया। सभी ने विचार किया कि जो पहले ही हमारे निन्दक हैं, उनका कोई अन्त नहीं। अब यह बड़े पद और मान वाला भी हमारा विरोधी बन गया तो वैर भाव और भी बढ़ जायेगा। इस प्रकार गुरू महाराज जी के सामने एक तरफ तो संगत की प्यार से भरी अरदास है, दूसरी ओर इतने सारे कष्ट हैं। उस समय गुरू महाराज जी ने संगत का पक्ष लेते हुए, संगत की बात मान ली। जवाब लिख कर भिजवा दिया, ''भाई! हम तो गरीब हैं, अतः आप कोई अपने मुकाबले वाला बड़ा रिश्ता देखो।'' सच तो यह है कि वह सतगुरू की महिमा नहीं जानता और न जानने के कारण पहचानता नहीं। गुरू तो सच्चा पातशाह होता है। दुनियां के पातशाह तो झूठे होते हैं।

*राजा सगली स्त्रिसटि का हरि नामि मनु भिंना॥*

*अंग - 707*

जिसका मन, नाम के साथ पूरी तरह भीग जाता है वह तो सारी सृष्टि का पातशाह होता है। सतगुरू सच्चे पातशाह की अज्ञानता के कारण महिमा नहीं जानता।

इस प्रकार मूर्ख चन्दू, सच्चे पातशाह की कद्र नहीं जानता था। सतगुरू का कितना महान पद होता है?

*समुंदु विरोलि सरीरु हम देखिआ*
*इक वसतु अनूप दिखाई॥*
*गुर गोविंदु गोुविंदु गुरू है नानक भेदु न भाई॥*

*अंग - 442*

इस प्रकार जब गुरू महाराज जी द्वारा रिश्ते से इन्कार कर दिया जाता है। ईर्ष्या ओर द्वैष बढ़ाना शुरू कर देता है। मौके की तलाश में रहता है कि अच्छा मौका मिलने पर बदला लेकर रहूंगा। तब उनसे पूछूंगा कि तुमने जो इतना बड़ा काम किया था किसके बलबूते पर किया था? इधर पृथी चंद को एक और सहायक भी मिल गया। उस समय दोनों ने मिलकर षडयन्त्र रचा। यह शिकायत की गई कि जहांगीर के लाहौर आने पर चोरी हो गई और वह गुरू अर्जुन साहिब ने करवाई है। उनके पास सारे देश के लड़ाकू और डाकू रहते हैं। वज़ीर खान जिसका पांचवें पातशाह महाराज के वचनों से जलोधर रोग दूर हुआ था, वह गुरू महाराज जी का श्रद्धालु है। वह झिड़कियां देकर सभी को वापिस भगा देता है। उनकी दाल नहीं गलती। फिर निचले स्तर पर कोशिश करते हैं। सुलभी नाम के एक खान को पटाते हैं, जो सुलही खान का भतीजा लगता था। उसे गुरू जी को पकड़कर लाने के लिये भेजते हैं। उन्हें कष्ट दे और उनसे पूछ कि कितने डाकू उनकी शरण में रहते हैं? जहांगीर की चोरी का ज़रूर पता चल जायेगा। इस प्रकार वह षडयन्त्र रचा कर, सौ घुड़सवार साथ लेकर चलता है। गुरू महाराज जी को खबर दे दी जाती है। सन्देशा दिया, ''महाराज जी! एक हाकिम फौज़दार जिसका नाम सुलभी खां है, इस तरह से सिखी को बांटने के लिये चढ़ाई करके आ रहा है।'' महाराज जी कुछ न बोले। प्रेमियों ने प्रार्थना की, ''सच्चे पातशाह! हम भी कोई हथियार उठायें। कोई उपाय करें? सवारों का मुकबला करें क्योंकि ऐसे हाथ पर हाथ रख कर बैठे रहना तो ठीक नहीं है?'' महाराज जी ने कुछ देर मौन रहने के बाद कहा, ''हमारे पास तो बहुत बड़े बड़े हथियार हैं। हमारे पास ऐसी गदा है जो कभी हार नहीं मानती। उसकी हमेशा जीत होती है। भीम सैन के पास गदा थी। उसकी ज़िन्दगी में कभी हार नहीं हुई थी। हमारे पास तो उससे भी ज्यादा ताकतवर गदा है। हमारे हाथ में ऐसा खण्डा है जिसका वार कभी चूकता नहीं है।'' संगत ने कहा, ''सच्चे पातशाह! आज तक तो देखा नहीं?'' उस समय गुरू महाराज जी, संगत की जानकारी के लिये हथियारों की जानकारी इस प्रकार करवाते हैं।

*धारना - गरीबी गदा हमारी है,*
*अग्गे कोऊ न टिके विकारी।*

महाराज जी ने बताया, ''गुरसिखो! हमारे पास तो विनम्रता की गदा है और जो हमारे पास खण्डा है वह चरणो की धूल हो जायेगा।''

*गरीबी गदा हमारी॥*
*खंना सगल रेनु छारी॥*
*इसु आगै को न टिकै वेकारी॥*
*गुर पूरे एह गल सारी॥* *अंग - 628*

पूर्ण गुरू महाराज जी ने यह बात बताई है। सुलभी खान सवार लेकर पहुँचता है। जब ब्यास पार करने वाले थे, अभी एक मन्जिल पीछे थे तो उस समय उसकी फौज में सैयद अली

नाम का एक सिपाही था। वह बोला, ''खान साहिब! आपने मेरा दो महीने से वेतन नहीं दिया और सभी को दे दिया।'' इस पर सुलभी खान ने दो चार गालियां सुना दीं। सिपाही तैश में आ गया। उसने तुरन्त तलवार निकाली और सिर धड़ से कलम कर दिया। महाराज जी के पास खबर पहुंची और बताया, ''महाराज जी! वह तो रास्ते में ही मर गया।'' पृथी चन्द को बड़ा अफसोस हुआ। उसने जाकर सुलही खान को झूठी खबर देकर और भड़का दिया। उसने कहा कि तेरे भतीजे को उन्होनें साजिश करके मरवा दिया। असली बात उन्हें न बताई। इतना होने पर भी निन्दक कभी मानता नहीं है। कुछ समय बाद सुलही खान जो बहुत बड़ा फौजी अफसर था, काफी सारी फौज लेकर चल पड़ता है। जब उसके आने की सूचना मिली तो उस समय बड़े बड़े मुखिया बाबा बुड्ढा जी, भाई गुरदास जी, भाई कलिआणा जी, भाई बिधि चन्द जी, भाई पराना जी और भाई जेठा जी, सभी इक्ट्ठे होते हैं और विचार चलती है। सभी मिलकर निर्णय लेते हैं कि ऐसा करते हैं कि पहले उसे एक चिट्ठी लिखते हैं कि गुरू साहिब का कोई दोष नहीं है, पहले तुम जांच पड़ताल करवाओ, एक जांच कमेटी भेजो। ये सभी झूठी शिकायतें हैं जो गुरू महाराज जी के विरूद्ध की जा रही हैं। दूसरा यह निर्णय लिया गया कि पांच सात व्यक्तियों का प्रतिनिधि उसे जाकर मिले। तीसरा यह निर्णय हुआ कि परमेश्वर ने हमें भी हाथ पैर दिये हैं, अतः इनका मुकाबला करो। इस प्रकार गुरू साहिब के सामने तीनों प्रस्ताव रख दिये और पूछा,''महाराज जी! आप भी अपना निर्णय दीजिये क्या करें?'' महाराज जी ने कहा, ''हमारा तो यह मत है कि आखें बन्द करके, परमेश्वर के ध्यान में बैठ जाओ। जिसके हम हैं, वह अपने आप रक्षा करेगा।'' आप गुरू ग्रन्थ साहिब जी में अंकित करवाते हैं -

*प्रथमे मता जि पत्री चलावउ ॥*
*दुतीए मता दुइ मानुख पहुचावउ ॥*
*त्रितीए मता किछु करउ उपाइआ ॥*
*मै सभु किछु छोडि प्रभ तुही धिआइआ ॥ अंग - 371*

इधर जब सुलभी खान पहुंचता है तो वह पृथी चन्द को साथ लेकर चलने के लिये उसके गांव चला जाता है। जब वह वहां पहुँचता है तो पृथी चन्द ने बड़ी बड़ी इमारतें बनवाने के लिये आवे (ईटों के भट्टे) बनवाये हुए थे। उन्हें दिखाने के लिये ले जाता है। जब वह दिखा रहा था तो सुलही खान का घोड़ा बिदक गया और डर के मारे उसने भट्टे में ही छलांग लगा दी। पहली छलांग में वह ऊपलों पर जा गिरा और दूसरी छलांग में जहां ऊपले जल रहे थे, वहां जा गिरा। इस प्रकार घोड़े सहित सुलही खान का अन्त हो गया।

जब महाराज जी को यह सूचना मिली तो आप जी ने फरमान किया -

*सुलही ते नाराइणु राखु ॥*
*सुलही का हाथु कही न पहुचै*
*सुलही होइ मूआ नापाकु ॥*
*काढि कुठारु खसमि सिरु काटिआ*
*खिन महि होइ गइआ है खाकु ॥ अंग - 825*

परमेश्वर ने कुल्हाड़ा निकाल कर सिर धड़ से अलग कर दिया।

*मंदा चितवत चितवत पचिआ*
*जिनि रचिआ तिनि दीना धाकु ॥*
*पुत्र मीत धनु किछू न रहिओ सु*
*छोडि गइआ सभ भाई साकु ॥*
*कहु नानक तिसु प्रभ बलिहारी*
*जिनि जन का कीनो पूरन वाकु ॥ अंग - 825*

जब वह भी मर गया तो पृथी चन्द को बहुत दुख और पश्चाताप होता है और सोचता है कि दो वार किये, दोनों ही खाली चले गये। फिर ये मेहरबान के पास वापिस जाते हैं और कहते हैं, ''जब गुरू महाराज जी के कोई सन्तान नहीं हुई थी तो उन्होनें मुझे मसन्द बनाया था। अब जब सन्तान हो गई तो मुझे निकाल दिया। मेरा भी गुरुआई पर हक है। मुझे मेरा हक दिलवाया जाये।'' वज़ीर खान ने सोचा कि रोज रोज झगड़ा खत्म हो इसलिये इसे तीन मसन्दों की सिखी दिलवा दी। इसमें बन्नू की टाक, डेरा गाज़ी खान और चनिओट का इलाका शामिल था। उन गुरसिखों को जब पता चला कि हमारी अर्थात संगत में फूट डाल दी गई है तो इन्होनें जवाब दे दिया कि हम किसी मसन्द को नहीं मानते। मसन्द आकर कहते हैं कि जिसने तुझे देना है तू उसका मसन्द है। हमारा दसवन्ध तो गुरू के पास ही जायेगा। गुरू जी इतने दयालु हैं कि पता चलते ही तुरन्त हुक्मनामा भेज दिया, ''भाई! जो आप इन तीन स्थानों से हमें दसवन्ध में रकम भेजते हो, आप इस मेहरबान को दे दिया करो। आप की तरफ से ऐसी कोई बात नहीं होनी चाहिये।'' इस प्रकार से ये ऐसी ओछी हरकतें करते हैं।

इधर जहांगीर के पुत्र खुसरो ने उसके खिलाफ बगावत कर दी। लेकिन लड़ाई में हार गया। वह पानीपत से होता हुआ इधर की तरफ आता है। उन दिनों गुरु महाराज जी तरनतारन पधारे हुए थे। गोइन्दवाल साहिब के पत्तन से जब पार करते हैं, तो इसकी फौज भूख से व्याकुल हो रही होती है। धन इसके पास नहीं होता। कोई भी खाने-पीने का प्रबन्ध भी नहीं है। उस समय उसे पता चला कि गुरु नानक पातशाह की गद्दी के जो पांचवे पातशाह हैं, वे तरनतारन में ठहरे हुए हैं। फौज को उधर ले गया और गुरु महाराज जी के चरणों

में नमस्कार किया। बहुत दीन हीन होकर प्रार्थना करता है, ''सच्चे पातशाह! मैं जहांगीर का पुत्र हूँ। इस प्रकार मैं मारा-मारा भटक रहा हूँ। मेरा कुछ भी वश नहीं चलता। कृपा करके मेरी सहायता करो। मुझे दो लाख रूपये देकर कृतार्थ करो। फिर मैं दोबारा युद्ध करूंगा। यदि जीत गया तो पंजाब का राज्य पेशावर से लेकर दिल्ली तक, जितना रास्ता है - सच्चे पातशाह! यह मैं सारा का सारा आपको भेंट कर दूंगा।'' महाराज जी ने कहा, ''खुसरो! तुम्हें राज देने वाला, तुमसे राज्य मांगे। यह जो तुम्हें राज्य मिला है, यह तो गुरु नानक देव जी की कृपा से मिला है। ये झूठे राज्य हमें नहीं चाहिये।''

*राज मिलख सिकदारीआ अगनी महि जालु॥*
*अंग - 811*

*ऐसो राजु न कितै काजि जितु नह त्रिपताए॥*
*अंग - 745*

सच्चा राजा वह हुआ करता है -

*जा का कहिआ दरगह चलै॥*
*सो किस कउ नदरि लै आवै तलै॥* *अंग - 186*

जिसके हुक्म को धर्मराज माने, हवा, पानी आग भी माने, वह तो असली राजा हो सकता है। हमारे यहां तो जो बन्दगी करके उसके साथ इकमिक हो जाये, प्रभु के साथ रम जाये, वे राजा होते हैं।

*धारना - चित हरी दे नाम नाल लगिआ,*
*राजा सारी दुनीआं दा।*

*राजा सगली स्रिसटि का हरि नामि मनु भिंना॥*
*अंग - 707*

*राजु न चाहउ मुकति न चाहउ*
*मनि प्रीति चरन कमलारे॥* *अंग - 534*

महाराज जी कहते हैं, ''खुसरो! हमें ऐसे राज्यों की ज़रूरत नहीं है। राज पाट, पद तो बन्दगी करने वालों के चरणों में ठोकरें खाते फिरते हैं। वे तो इनकी तरफ झांकते तक नहीं।

*राजु न चाहउ मुकति न चाहउ*
*मनि प्रीति चरन कमलारे॥* *अंग - 534*

गुरु नानक का घर उन दीनों की रक्षा करता है जो इसकी शरण आते हैं। भोजन कर और अपनी फौज को भी भोजन करवा, भूख से मर रही है और यह पांच हज़ार रूपया हम तुझे देते हैं। रास्ते का तुझे खर्च पानी दे रहे हैं। बाकी जहां तू जाना चाहता है जा। इसके बाद खुसरो वहां से चला जाता है।

उधर जहांगीर इसके पीछे-पीछे फौजें लेकर आ रहा होता है। जिस जिसने भी खुसरो की मदद की उन्हें सजायें देता है। कहते हैं कि सात सौ लोगों को गधों तथा गायों की चमड़ी उतरवाकर उनमें बन्द करके धूप में सूखने डलवा दिया। वे सभी दम घुटने से मर गये। बहुत से लोगों को फांसी पर चढ़वा दिया। ऐसे ज़ुल्म करते-करते 20 दिन बीत जाते हैं।

अब चन्दू और पृथी चन्द आपस में सलाह करते हैं। चन्दू, पृथी चन्द से कहता है, ''जहांगीर आजकल इधर आया हुआ है और तेरी बात बहुत जल्दी मान लेगा। और भी पूरी-पूरी कोशिश करूंगा। जो अन्य विरोधी हैं, वे भी हमारे साथ होंगे।''

जब पृथी चन्द घर से चलता है तो उसकी पत्नी करमों ने उसे जाने से मना किया और कहा कि मुझे अपशकुन दिखाई दे रहे, अभी मत जाओ। वह बोला, ''मैं तो गुरु हूँ, क्या मुझे भी अपशकुन लग जायेंगे।'' चलते-चलते जब हेरी पहुँचता है तो यहां पर आकर भोजन करता है। भोजन बड़ा ही स्वादिष्ट था। कुछ ज्यादा खा लिया। रात को पेट में ऐसा दर्द उठा कि तड़प-तड़प कर वहीं मर गया। लाहौर पहुँच ही न सका।

अब चन्दू अकेला रह जाता है। जहांगीर उसे इस इलाके का जानकार होने के नाते, उसके साथ सलाह मशवरा करता है। फिर चन्दू ने बात छेड़ दी। कहने लगा, ''महाराज! आपने सभी को सजा दे दी और बस एक आदमी ही रह गया है। असलियत में जड़ है। जो आपको सूचना देते हैं, वे आपको सही खबरें नहीं देते। आपके गुप्तचर भी ठीक सूचना आप तक नहीं पहुँचाते।'' इस पर जहांगीर ने कहा, ''चन्दू लाल! क्या बात है? दिल खोलकर बता।'' कहता है, ''महाराज! यहां पर अर्जुन नाम का एक व्यक्ति रहता है। आपने पहले भी इसके बारे में सुना हुआ है।'' जहांगीर बोला, ''हाँ, मुझे पता है। मैं अच्छी तरह जानता हूँ कि वह मुसलमानों और हिन्दुओं दोनों को भड़काता रहता है और ठगी की दुकान चला रहा है। और मैं इस गद्दी को समाप्त कर देना चाहता हूँ। ताज़ुके जहांगीरी में यह बात लिखी हुई है। उस समय अच्छा मौका देखकर चन्दू बोला, ''असली दोषी तो वही रह गया है। उसने तो खुसरो को आपके खिलाफ बगावत के लिये दो लाख रूपये दिये हैं। साथ उसके माथे पर जीत का तिलक लगाया है। उसके राज्य के लिये प्रार्थना की है। महाराज! सारे पंजाब के खास तौर पर जाट लोग यदि हथियार उठा लें तो पता नहीं तुम्हारी फौजों का क्या हाल कर देंगे? वे सभी इस पर जान देने को तैयार रहते हैं। यदि आपने इसका कोई बन्दोबस्त न किया तो राज्य के लिये बहुत बड़ा खतरा बन सकता है।''

इतना ही नहीं और झूठ बोलते हुए कहता है, ''महाराज!

उसके पास तो बड़े-बड़े डाकू, चोर रहते हैं। आप बहुत बड़ा जादूगर है। पहले सुलभी खान को मरवा दिया। फिर सुलही खान मरवा दिया। बीरबल ने भी ऐसे ही कहा था। उस पर भी जादू किया था और वह भी डर गया था। इसके साथ जितना जल्दी हो सके, सुलझना चाहिये वरना इसकी ताकत इतनी बढ़ जायेगी कि सारी फौज भी खतरे में पड़ सकती है। राज्य को भी खतरा पैदा हो सकता है।'' जहांगीर कानों का कच्चा, उसी समय गुरु अर्जुन देव जी को हाजिर करने का हुक्म दे दिया।

जब महाराज जी के पास उसके सिपलहार पहुँचते हैं तो महाराज जी ने कहा, ''आप चिन्ता मत करो। हम तो आप ही आ जायेंगे।'' महाराज जी ने भविष्य देखा और पता चला कि शरीर छोड़ने में थोड़े से दिन बाकी रह गये हैं।

गुरु समरथ हुआ करता है। उनकी इच्छा होती है। वे शरीर रखना चाहें तो पचास साल तक शरीर में रह सकते हैं। इसके बाद आप जी ने विचार करके बाबा बुड्डा जी तथा भाई गुरदास जी को बुलाया। गुरु छठे पातशाह जी को भी बुलाया और आपने अपनी गुरुआई पंच परिक्रमा करके नारियल आदि लेकर शीश नंवाया और बाबा बुड्डा जी की ओर संकेत करके बोले, ''लो बाबा जी! यह राजगद्दी का तिलक है, यह उस समय इन्हें लगाना जब हम शरीर छोड़ जायें। यह पूर्ण गुरु होंगे। शस्त्रधारी गुरु होंगे। दोषियों, राक्षसों, बुरे कुकर्मी लोगों को दण्ड देंगे।'' इस प्रकार गद्दी सौंपने के बाद आप जी दूसरे दिन हरिमन्दिर साहिब की परिक्रमा करते हैं। सभी स्थानों पर देग रख कर शीश नंवाते हैं, फिर दरबार साहिब पहुँचते हैं। मस्तक नंवाया और पूरे गौर के साथ भविष्य जांचते हुए देखा कि अब यह हमारा अन्तिम दर्शन होगा। तत्पश्चात महलों में गये तथा माता गंगा जी को सारी बात बताई और कहा कि अब हम जा रहे हैं, फिर वापिस नहीं आयेंगे। हमारा और तुम्हारा यह अन्तिम मेल है। जब माता जी ने वचन सुने, उस समय बहुत वैराग करती हैं। दोनों हाथ जोड़कर आप इस प्रकार प्रार्थना करती हैं -

*धारना - मैथों झलिआ विछोड़ा नहीओ जाणा,*
*जग रहिणा औखा होजूगा।*

*जिसु पिआरे सिउ नेहु तिसु आगै मरि चलीऐ॥*
*ध्रिग जीवणु संसारि ता कै पाछै जीवणा॥*
*अंग - 83*

नेत्रों से छमा-छम प्रेम आंसू झर रहे हैं। इस प्रकार छिप जायेंगे। हम आपके बिना कैसे जीएंगे? महाराज जी ने कहा, ''देखो, आप ज्ञानवती हैं। यह तो एक तमाशा हो रहा है।''

*नह किछु जनमै नह किछु मरै॥*
*आपनु चलितु आप ही करै॥* *अंग - 281*

*बाजीगर जैसे बाजी पाई॥*
*नाना रूप भेख दिखलाई॥*
*सांगु उतारि थंम्हिओ पासारा॥*
*तब एको एकंकारा॥* *अंग - 736*

यह तो एक ऐकंकार जी खेल कर रहे हैं। सभी रूपों में, तुम्हारे अन्दर, हमारे अन्दर, न कोई मरता है, न कोई पैदा होता है। आप इस प्रकार के विचारों में क्यों पड़ गये हो?'' धीरज बन्धाया, दिलासा दी और कहा कि गुरु हरगोबिन्द साहिब अभी बच्चे हैं, उन्हें तुम्हारी सहायता और मार्ग दर्शन की बहुत ज़रूरत है। उनका ध्यान रखना है। अब हमें खुशियां बख्शें।

उस समय महाराज जी की यह बात उड़ते-उड़ते चारों ओर सारी संगत में, जंगल में आग की तरह फैल गई। गुरु महाराज जी तो ऐसा करने जा रहे हैं। जिसने भी यह खबर सुनी, सारी संगत इक्ट्ठी होनी शुरू हो गई। बहुत बड़ा इक्ट्ठ हो गया। जिस प्रकार श्री राम चन्द्र जी को वनवास मिला था तो सारी अयोध्या उनके पीछे चल पड़ी थी। इसी तरह सभी गुरु महाराज जी के पीछे चल पड़े। कोई भी ऐसा न रहा जो महाराज जी के साथ न जाना चाहता हो। महाराज जी ने कई बार रूक-रूक कर कहा और समझाया, ''प्रेमियो! अब तुम जाओ। हमारी खुशी इसी में है कि आप वापिस लौट जाओ। अन्त में जब पिपली पहुँच गये तब महाराज जी ने कहा, ''बस, अब इस स्थान से आगे आप जी ने नहीं बढ़ना।'' पांच सिंह, भाई बिधि जन्द, भाई जेठा जी, भाई लंगाहा, भाई पराणा तथा भाई पैडा अपने साथ ले लिये। उस समय सभी ने अरदास की, ''पातशाह! जब श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी वनवास गये थे तो वह वियोग तो केवल चौदह वर्षों का था, परन्तु यहां तो ज़िन्दगी भर के बिछौड़े हो जायेंगे। पातशाह! बड़ी मुश्किल हो जायेगी।'' इस तरह से बार-बार बेनतियां करते हैं।

*धारना - किवें झलांगे विछोड़ा तेरा पातशाह॥*

*जिउ मछुली बिनु पाणीऐ किउ जीवणु पावै॥*
*बूंद विहूणा चात्रिको किउ करि त्रिपतावै॥*
*नाद कुरंकहि बेधिआ सनमुख उठि धावै॥*
*भवरु लोभी कुसम बासु का मिलि आपु बंधावै॥*
*तिउ संत जना हरि प्रीति है देखि दरसु अघावै॥*
*अंग - 708*

नेत्रों से प्रेम आंसू झर रहे हैं। मन में धैर्य नहीं बन्ध पा रहा। बस एक ही बात सभी के मन पर है कि अब थोड़ी देर के पश्चात ये रूहानी दर्शन सदा के लिये बिछौड़ा दे

जायेंगे। महाराज जी धीरज देते हुए उपदेश देते हैं, ''प्रेमियो! जाओ हमारा वचन मान कर लौट जाओ।'' इस प्रकार पांच सिहों को लेकर जब आप थोड़ी दूर निकल आये तो पीछे मुड़कर देखा, संगत को शीश नवाया और चल पड़े। संगत ने भी जी भर कर दर्शन किये और सिर झुका दिया। जब तक महाराज जी दिखाई दे रहे होते हैं, तब तक संगत वहीं खड़ी-खड़ी उन्हें निहारती रही। जब तक धूल उड़ती दिखाई देती रही, वे उसी तरह खड़े रहे। इसे बाद गुरु महाराज जी एक गुरसिख को भेजते हैं। उसे सन्देशा देते हैं, ''गोइन्दवाल जाओ। वहां पर अरथमल जी, गुरु अमरदास जी के पौत्र और मोहरी जी के पुत्र हैं, उन्हें कहना कि हमें कल लाहौर में आकर मिले।'' मुखिया थे। कुछ वचन वार्तालाप करके समझाना था। उस समय आपके अन्दर से एक आवाज़ आ रही है जिसे बड़े ध्यान से सुन रहे हैं। एक गुरसिख की हूक है। बार-बार हृदय से आवाज़ उठ रही है। वह लाहौर का गुरसिख भाई सन्धु है, जो इस प्रकार प्रार्थना कर रहा है।

*धारना - जिवें कृष्ण बिदर घर आये*
*मेरे विहड़े आ जा मालका।*

*जे तू वतहि अंञणे हभ धरति सुहावी होइ॥*

*अंग - 1095*

उधर संगत से विदा हो रहे हैं, इधर यह अरदास सुनी जा रही है। उधर सिख की भावना को फल लगाने के लिये यह अरदास सुनी। गुरसिखों ने देखा कि गुरु महाराज जी गम्भीर होते जा रहे हैं। किसी प्यारे की याद में खिंचे हुए चले जा रहे हैं। इस प्रकार चलते-चलते फिर वही करूणा पुकार सुनाई दी।

*धारना - हउं तुमरी करों नित आसा,*
*कदों गल लावोंगे साहिबा।*

*प्रभ कीजै क्रिपा निधान हम हरिगुन गावहगे॥*
*हउ तुमरी करउ नित आस प्रभ मोहि कब गलि लावहिगे॥*

*अंग - 1321*

अरदास हो रही है। गुरु महाराज जी तेजी से कदम बढ़ाते हुए जा रहे हैं। लाहौर में प्रवेश कर गये। भाई बिधि चन्द, भाई जेठा जी कहते हैं, ''पातशाह! धर्मशाला की ओर चलें।'' महाराज जी कहते हैं, ''भाई! एक गुरसिख प्रार्थना कर रहा है। आज उसके दिल की भावनाओं को फल लगाना है।'' अतः गुरु महाराज जी सीधे ही भाई सन्धु के घर चले जाते हैं। उसके तो खुशी के मारे धरती पर पैर नहीं टिकते। बड़ा हैरान होता है और कहता है - ''हैं! गुरु महाराज मेरे घर आ रहे हैं।''

*करनि कामना पूरन तांही।*
*सभि तजि, गए सिखय घर मांही॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2353*

बड़े-बड़े सेवादारों के घरों को छोड़कर आप जी एक गरीब घर में छोटे से कमरे में चले जाते हैं।

ऊच नीच की परख न कोई।
*प्रेम बिलोकति हरि गुरु सोई॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2353*

ऊंच-नीच, जात-पात कुछ नहीं देखा। बस प्रेम भरी भावना देखी।

कहता है - ''पातशाह! जिस प्रकार कृष्ण महाराज, बड़े-बड़े महलों के वासी भीष्म पितामाह जैसे महारथियों को छोड़कर, बिदुर की झौंपड़ी में आकर ठहर गये थे, यह तो आपका आदि से स्वभाव है। आज आपने मेरा घर भी उसी तरह से पवित्र कर दिया।'' उस समय आपने बड़ी मन-तन-धन से सेवा की। सारे गुरसिख प्रसन्न कर दिये। उसे कुछ भी पता नहीं था कि क्या होने वाला है। गुरसिख के धरती पर पांव नहीं टिक रहे। बेअन्त संगत आ रही है। जिसको भी पता चलता है वही प्रेमी महाराज जी के दर्शन करने के लिये भागा चला आ रहा है। दूसरे दिन भाई अरथमल जी भी आ जाते हैं। आप उसे एकान्त में ले जाकर बताते हैं, ''भाई अरथमल जी! अब हमारा अन्त समय आ गया है। बस थोड़े से दिन रह गये। इसके बाद हमने निज घर प्रवेश कर जाना है। वह कहता है, ''पातशाह! यह कैसी बात है। आप शरीर देने के लिये तैयार हुए हैं? महाराज जी कहते हैं, ''हां!'' भाई अरथमल ने बेनती की, ''पातशाह! आप तो समरथ सतगुरु हैं। आपका शरीर लेने की किसी में ताकत ही नहीं है।'' महाराज जी ने कहा, ''यह तो ठीक है। कोई नहीं ले सकता, पर हमारी कुछ ज़िम्मेवारियां हैं। एक तो यह कि जब हमारी माता जी ने दादा गुरु अमरदास जी से यह वरदाना मांगा था कि घर में गद्दी बनी रहे तो उस समय सहज स्वभाव उनके मुख से वचन निकल गया था कि आप बहती हुई सरसा नदी पर बान्ध बनाना चाहते हो। अच्छा, बना लो, परन्तु याद रखना, कष्ट बहुत आयेंगे। शरीर कुर्बान करने पड़ेंगे। एक तो गुरुदेव का वह वचन हमें याद है। दूसरी बात जब हमारे पास कान्हा आया था, जो ब्रह्मज्ञानी था, परन्तु हम उसकी बाणी को गुरु ग्रन्थ साहिब में स्थान नहीं देना चाहते थे क्योंकि उसका जो सच था। उसने बिना पर्दे के सच्च को बाहर निकाल दिया। कलयुगी जीवों ने उसे पढ़कर ब्रह्मस्मि बन जाना था और बिना कुछ साधना किये -

*एको एकु कहै सभु कोई हउमै गरबु विआपै॥*

*अंग - 930*

हमने उन्हें कहा कि आपके ये वचन गुरु ग्रन्थ में नहीं रखे जा सकते क्योंकि यह भक्ति सहित ज्ञान का भण्डार

है। उस समय उनके मुख से ये वचन निकले थे कि तुम्हारे शरीर का अन्त तुम्हारे वैरियों के घर में होगा। उस साधु के वचनों को हमने पूरा करना है। फिर हमने इस प्रथा को बढ़ाना है कि सन्तों का वचन कभी नहीं टल सकता। चाहे चन्द्रमा और सूरज का नाश क्यों न हो जाये पर साधु के वचन सत्य सिद्ध होने चाहियें।

*धारना - भावें चन्द्रमा नाश हो जावे,*
*सन्तां दा बोल ना टले।*

महाराज जी कहते हैं, ''अरथमल जी! साधुओं के वचनों को गुरु तो उलट सकते हैं परन्तु यह आदि जुगादि से मर्यादा चली आ रही है, प्रभु ने कभी भी साधु के वचन नहीं टाले। सो इस प्रकार हम उनके वचनों को पूरा करना चाहते हैं। साथ ही बाबा श्री चन्द जी ने भी एक बार सहज स्वभाव वचन कर दिया था कि इनका शरीर इन्हीं के दुश्मनों के घर जायेगा। सो उनका भी वचन है। गुरु अमरदास जी का भी वचन है। फिर हमारी भी यही इच्छा है कि हम उस जुल्म राज्य को समाप्त कने के लिये अपना बलिदान देना चाहते हैं क्योंकि गुरु नानक पातशाह ने सात पातशाहियां बख्श दीं और सात शीश देकर इनसे वापिस ले लीं। उन्होंने वचन किया था कि यदि तुम अन्याय करोगे तो हम सात शीश देकर वापिस ले लेंगे। अतः पहला शीश हम अपना देना चाहते हैं। इस प्रकार यह सारी खेल पहले से ही रची हुई है।'' उस समय अरथमल जी से वैराग सहन न हुआ और बेनती करते हैं, ''पातशाह! यदि जाना है तो मैं चला जाता हूँ। मैं आपकी जगह जाने को तैयार हूँ।'' महाराज जी ने कहा, ''कोई बात नहीं। तुम्हें हमारा वियोग अधिक दिन नहीं सहना पड़ेगा। आज से 40वें दिन आप भी हमारे पास आ जाओगे। बस चालीस दिन और रूको।''

*रही आरबल बासुर चाली॥*
*तबि तुम कायां तजो सुखाली॥*
*मिलहु आनि परलोक सु मोही॥*
*नहिं वियोग बहु दिन को होही॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ 2356*

कहते हैं कि बहुत दिनों का वियोग नहीं होगा, चालीस दिन के अन्दर ही आप सहज शरीर छोड़ दोगे। अब तुम्हें देह रखने के लिये कष्ट उठाना पड़ेगा। उस समय उसे धीरज देकर गुरु महाराज पांच सिहों सहित जहांगीर की ओर चल पड़ते हैं और संगत को वापिस अपने-अपने घरों को भेज देते हैं। जब जहांगीर के पास पहुंचते हैं तो उसके पास चार्जशीट (दोषापोरण के कागज़ात) रखे होते हैं। वह देखता है कि इसमें लिखा है कि इनके पास चोर डाकू रहते हैं परन्तु यह तो निरे साधु स्वरूप हैं। वह तो परमेश्वर, अल्लाह का स्वरूप नज़र आते हैं। इन्हें देखकर मन में प्यार उमड़ता है। यह चार्जशीट झूठी है। अतः अपने हाथ से ही उसे काट देता है और कहता है कि यह गलत लिखी गई है। दूसरी बात उसने पातशाह से पूछा, ''पीर जी! हिन्दू कहते हैं कि हम स्वर्ग में जायेंगे, मुसलमान कहते हैं कि हम बहिशत में जायेंगे। दोनों का झगड़ा कैसे निपट सकता है?'' गुरु महाराज ने कहा, ''जहांगीर! न तो हिन्दू होने से स्वर्ग मिलता है और न ही मुसलमान बनने से बहिशत मिलती है। यह तो नेक कर्मों के अनुसार मिलती है।'' महाराज जी ने बाणी द्वारा फरमान किया -

*कोई बोलै राम राम कोई खुदाइ॥*
*कोई सेवै गुसईआ कोई अलाहि॥* *अंग - 885*

जब पूरे शबद का भाव सुनाया तो उस पर इसका बहुत प्रभाव पड़ा। फिर कहता है कि तीसरा दोष तुम्हारे ऊपर बहुत ही भयानक है। वह यह है कि तुमने मेरे पुत्र के माथे पर विजय का तिलक लगाया और उसके तख्त पर बैठने की कामना की। आपने दो लाख रूपया तो नहीं दिया। महाराज जी ने कहा, ''बादशाह! यह जो हमारी गद्दी है, यह फकीरों की है, इसके पास धन नहीं हुआ करता। यह तो आनी जानी रहती है। जितना खर्च होता है बस उतना आ जाता है। हम गृहस्थियों की तरह पैसा इक्ट्ठा नहीं किया करते, न ही हम किसी को देते हैं, न हमारी किसी के साथ नज़दीकी रिश्तेदारी है और न ही दूर की रिश्तेदारी है। सारी सृष्टि परमेश्वर की है। राजभोग तो तुम करते हो, मान के साथ करो। हमारी कोई इच्छा नहीं है। बाकी यदि गरीब आदमी हमारे पास आया भी था तो गुरु नानक के घर में लंगर चलता है, कोई भी आकर भोजन कर सकता है, किसी को मनाही नहीं होती। चाहे राजा हो या प्रजा, डाकू हो या साधु, लंगर के द्वार तो हमेशा सभी के लिये खुले रहते हैं। निशान साहिब भूखों को आवाज़ें देता है, दो मील, तीन मील, चार मील की दूरी तक जहां तक भी दृष्टि जाती है, हर समय हिलता रहता है आवाज़ देता है, ''तुम इधर आ जाओ। यहां पर तुझे शारीरिक खुराक के साथ-साथ रूहानियत खुराक भी मिलेगी। यहां पर आने से तेरा जन्म भी सफल हो जायेगा और तेरी भूख भी मिट जायेगी। आजा। तेरे दुखों के खातमें की यह जगह है। वह तो हर समय लहराता हुआ दुनियां को आवाज़ें लगा रहा है। कोई भी गुरु घर में आ सकता है। यहां पर तुम्हारे पिता जी भी आये थे, अब्बा जान भी आये थे, उन्होंने भी दो बार यहां पर आकर भोजन किया था। यह गुरु नानक देव जी का घर सब के लिये खुला है। यदि तेरा पुत्र आया तो हमने उसे कोई धन दौलत नहीं दी, बस पांच हजार रूपये दिये थे। जहांगीर बोला, ''इसकी सजा तुम्हारे ऊपर दो लाख रूपये

दण्ड लगाऊंगा।'' महाराज जी ने कहा, ''हमारे पास तो दो लाख रूपये नहीं हैं और न ही हम संगत के पैसे को इधर देना चाहते हैं और न ही किसी अन्य स्थान पर खर्च करते हैं। यह तो यहीं लंगर की सेवा में लगेगा।'' वहां पर एक और अहलकार बैठा था। वह कहने लगा, ''गुरु जी! सारी बात का निपटारा हो जायेगा यदि आप अपने ग्रन्थ में दो चार शबद मोहम्मद साहिब के लिखवा दें। बस इतना लिखवा दो कि मोहम्मद साहिब बहुत बड़े पीर आये थे।'' महाराज जी ने कहा, ''खान साहिब! हम बाणी नहीं रचा करते-

*हउ आपहु बोलि न जाणदा*
*मै कहिआ सभु हुकमाउ जीउ॥* *अंग - 763*

यह वाणी मेरी रची हुई नहीं है।

*धारना - इह धुर की बाणी आई।*

बादशाह यह तो धुर की बाणी है।

*जैसी मै आवै खसम की बाणी*
*तैसड़ा करी गिआनु वे लालो॥* *अंग - 722*

''यह तो सत की बाणी है जो धुर से आ रही है। इसमें एक भी अक्षर, एक भी मात्रा छोटी-बड़ी बिन्दी भी कम नहीं हो सकती।'' बाणी की रक्षा के लिये पहली शहीदी गुरु अर्जुन साहिब ने दी। बाणी को उलट-पुलट नहीं किया जा सकता। जिसने भी इसे छेड़ा और इसके अन्दर तोड़-फोड़ की है, उसे उसका फल भुगतना पड़ा। बहुत से लोगों ने कोशिश की थी कि इस बाणी में कुछ और मिला दें। परन्तु कुछ न बन सका। कचहरी की समाप्ति का समय हो गया। बादशाह उठ कर चले गये। फिर चन्दू कहता है, ''महाराज! आप इसे मेरे हवाले कर दो। मैं दो लाख रूपया इससे वसूल करके खजाने में जमा करवा दूंगा तथा इन्हें यह भी मनवाने की कोशिश करूंगा कि मोहम्मद साहिब की तारीफ ग्रन्थ साहिब में लिख दें।'' चन्दू इन्हें घर ले जाता है और वहां पर हवेली के अन्दर, गुरु महाराज जी को डयोढ़ी में कैद कर दिया। गुरु साहिब एक सीखों वाले पिंजरे में कैद हैं। निकलने का कोई रास्ता नहीं है। इसके बाद वह गुरु महाराज जी से पूछता है, ''बताओ अब कोई तुम्हारी सहायता करने वाला है? यहां पर तुझे कोई बचाने वाला है तो उसे बुला ले।'' महाराज जी मुस्कराये और कहने लगे, ''चन्दू! रक्षक तो हर समय हर स्थान पर साथ रहता है। वह कहीं दूर नहीं रहता, उसे बुलाने की ज़रूरत नहीं होती। तू अपना काम कर। जो कुछ भी तू करना चाहता है, किये जा।'' चन्दू बोला, ''मेरा रिश्ता मान ले। वरना मैं रात-रात भर तुझे चैन से नहीं बैठने दूंगा। भूखा प्यासा सताऊंगा।'' महाराज जी ने कहा, ''तू जो मर्ज़ी करना चाहता है, कर ले। हमने तो गुरसिखों की प्रार्थना सुनकर प्रण कर लिया, वह अब नहीं टूट सकता। अब चाहे कुछ भी हो जाये, वह नहीं बदला जा सकता।'' चन्दू बोला, ''मैं बदलवा कर दिखाऊंगा। ऐसी बातें बनाना बड़ा आसान है पर जब कष्ट दिये जायेंगें, तब पता चलेगा। डन्डे के आगे तो बड़े-बड़े राठ भी मान जाते हैं। जो यह कहते हैं कि मैंने नहीं मानना, चाहे हमारा पुर्ज़ा-पुर्ज़ा भी क्यों न कट जाये, वे भी बोल पड़ते हैं।'' वे कहते हैं, ''हां, हम ऐसा ही करेंगे।'' हम वहां अमुक स्थान पर रहे आदि-आदि। महाराज जी ने दो टूक जवाब दे दिया, ''तेरी मनमर्ज़ी तेरे साथ, हमारी हमारे साथ है। जैसा तेरा मन करे, कर ले।'' उस समय उसने गुरु महाराज जी पर पहरा लगवा दिया और कहा कि इन्हें सारी रात बैठने नहीं देना। कोई पानी नहीं देना, भोजन नहीं देना। यदि भोजन के लिये कहें तो एक रोटी के लिये पहले एक लाख रूपया दो। पानी मांगें तो कह देना कि एक लाख रूपया लाओ फिर पानी का एक गिलास मिलेगा। इन्हें यहीं पर डयोढ़ी में बन्द रखना है। बाहर नहीं निकलने देना। फिर इसके बाद झूठा दोष मढ़ते हुए बोला, ''देख! एक बात तुझे और बताता हूँ कि तूने मुझे कुत्ता कहा है।'' महाराज जी ने तुरन्त कहा, ''हम ऐसे फीके और बेहूदा वचन नहीं बोला करते पर यदि किसी गुरसिख ने कह भी दिये तो गुरसिख भी हमारा ही रूप होता है। अगर तू नहीं मानता, तो फिर तेरी मर्ज़ी है, जैसा तू समझता है, समझ। परन्तु हम तुझे फिर भी यहीं कहेंगे कि हम ऐसा अपशब्द नहीं बोला करते।'' इतना सुनकर वह चला जाता है।

दूसरे दिन आकर फिर वही तकरार शुरू कर देता है। महाराज जी ने कहा, ''हम प्रण नहीं तोड़ सकते।'' वह घमण्ड में बोला, ''मैं तोड़कर दिखाऊंगा।'' उस समय एक बहुत बड़ी देग मंगवा ली और चूल्हे पर रखवा दी। उसके बाद उस पानी को उबलने के लिये रख दिया। जब पानी खौलने लग गया तब बोला, ''आपको इसमें उठाकर फैंक देते हैं।'' महाराज जी कहते हैं, ''उठा कर फैंकने की ज़रूरत नहीं है। हम अपने आप ही चले जाते हैं।'' इधर महाराज जी उठे देग की तरफ बढ़े और उसमें ऐसे चरण रख रहे हैं जैसे ठण्डे पानी में रख रहे हों। इस तरह का फ़रमान है -

*धारना - देग उबले, उबाले खावे*
*सतिगुरू आ के विच बैठ गए।*

भाई साहिब भाई सन्तोख सिंह जी लिखते हैं -

*कहि चाकर सो देग उबारी।*
*पकरो देहु तिसी महिं डारी।*
*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

इसे पकड़कर इसमें डाल दो। देग में उबाल आता है।

*तबि सतिगुरु उठि आपे गए।*
*तपति नीर महिं बैठति भए।*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

जिस प्रकार कोई स्नान करने के लिये पानी में बैठता है, इस प्रकार जाकर बैठ गये। तपते हुए नीर में शीतल जल की तरह बैठ गये। जब गुरसिखों ने यह दृश्य देखा तो सहन न हुआ।

*हाहाकारि हेरि सिख करैं।*
*उठयो पिराणा शकति न जरै॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

भाई पराना जी उठ कर खड़े हो गये। आन्तरिक शक्ति को जर नहीं कर पा रहे, बाहर निकलने के लिये खौल रही है। आपने बाजू ऊपर उठा ली। तब महाराज जी ने कहा, ''भाई पराना! ठहर, ठहर। यह क्या करने चला है?''

*प्रभु जी! रहयो जाइ नहिं मोते।*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

''हे प्रभु! अब मुझ से सहन नहीं होता। मैं बेबस हो गया हूँ।''

*रावर को एतिक दुख होते॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

''इतने कष्ट होते हुए, मैं कैसे सहन करूं?''

*दिल्ली लवपुरि नगर बिसाले।*
*अहि लेवौं निज हाथ उठाले।*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

एक तरफ दिल्ली और दूसरी तरफ लाहौर उठा लिया।

*दुहनि भिरावों जिउं करतारी।*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

महाराज! जिस प्रकार झुनझुने को बजाते हैं, इस तरह से अभी बजा देता हूँ।

*देउं नास करि, लगहि न बारी॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

''मैं अभी दोनों का नाश कर देता हूँ। मुझ से सहन नहीं हो रहा।'' महाराज जी ने कहा, ''भाई पराना! तेरे अन्दर इतनी शक्ति कहां से आ गई?'' उन्होंने कहा, ''महाराज आप की सेवा से।'' फिर कहने लगे, ''सेवा करने से यदि इतनी शक्ति आ सकती है तो जो देने वाला है क्या उसके अन्दर शक्ति नहीं है। न मेरे प्यारे! हम तो एक उपदेश दे रहे हैं। इसमें आप हमारी सहायता करो।''

*धारना - इह भाणा मालक दा,*
*मिट्ठा करके मंन लै पिआरे।*

भाई पराना! यह तो अकालपुरुष का हुक्म है। इसे प्यार से मान ले। कोई शक्ति दिखाने की ज़रूरत नहीं है। शक्ति नहीं दिखानी, वरना हमने शक्ति खींच लेनी है। फिर तुझे और भी मुश्किल हो जायेगी।

*भाणै उझड़ भाणै राहा॥*
*भाणै हरि गुण गुरमुखि गावाहा॥* *अंग - 98*
*जो तुधु करणा सो करि पाइआ॥*
*भाणे विचि को विरला आइआ॥*
*भाणा मंने सो सुखु पाए भाणे विचि सुखु पाइदा॥*

*अंग - 1063*

सभी को सहारा दे दिया उन्हें टिका दिया। सारा दिन जिस तरह आलुओं को उबाला जाता है, इस प्रकार उबाल दिया। कुछ समय बाद चन्दू ने सोचा कि अब तो अच्छी तरह से उबल गये होंगे, खत्म हो गये होंगे, देखने के लिये आया। कहता है, ''बाहर निकालो इसे।'' गुरु महाराज जी को बाहर निकाला गया। शरीर पर फफोले पड़े हुए हैं। कहता है, ''अब भी बता दे। अभी भी हमारा रिश्ता मान ले। मेरी बाकी की बातें भी मान ले। तूने मुझे कुत्ता कहा है, अब देख कुत्ता क्या-क्या करता है?'' महाराज जी ने कहा, ''अभी तक तो तुझे कहा ही नहीं, पर तू कहता है तो कहता रह। ऐसे ही सही क्योंकि हमें तेरा कोई डर या भय नहीं है।''

*भै काहू कउ देत नहि नहि भै मानत आन॥*

*अंग - 1427*

उस समय गुरसिखों से कहा कि तुम शूरवीर बन कर रहना।

*हमने इम ही कारन करना।*
*तूं नहिं लखैं एव आचरना॥*

*श्री गुरु प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

हम अपना कारण आप ही बना रहे हैं। चन्दू तुझे इन बातों का पता नहीं है। इतना सुनकर चला जाता है। धमकी देकर चला जाता है, कहता है, ''सुबह देखूंगा।'' उस समय गुरु महाराज जी की खबर इसके घर पहुँचती है। इस महिला गुरसिख लड़की ने सुना, तभी से अन्न, पानी त्याग दिया। बहुत ज़ोर-ज़ोर से रो रही है। रात हो गई। इतना सख्त पहरा है कि कोई भी पहरेदार, सेवक अन्दर नहीं जा सकता। पहरेदार को बुलाया। उसे सोने का जेवर देते हुए कहा, ''भाई! आप मेरे सतगुरु हैं। मैं उनके दर्शन करना चाहती हूँ।'' वह बोला, ''देख! शोर मत मचा देना वरना हम मारे जायेंगे।'' उसने मीठा पानी एक लोटे में डाला और चूरमा बनाकर एक साफ पवित्र कपड़े में बान्धी और गुरु महाराज जी के पास चली जाती है। धड़ाम से महाराज जी के चरणों में गिर जाती है। महाराज जी ने शीश पर हाथ रखा, प्यार किया और कहते हैं, ''बेटी! सावधान!'' वह बोली, पातशाह!'' मेरे ससुर ने आपका यह हाल कर दिया। मैं गुरसिख की बेटी हूँ। मैं जीवित नहीं रह सकती। कृपा करो।

मैं थोड़ा सा प्रसाद लेकर आई हूँ। आपको भूखे रहते पता नहीं कितने दिन बीत गये? पानी तक भी नहीं पीया। आपके लिये मीठा जल लेकर आई हूँ।'' महाराज जी ने उस गुरसिख लड़की का मीठा पानी नहीं पीया। साध संगत जी! जब से गुरु साहिब गये हैं, तभी से ही आज तक हम लोग मीठा पानी पिलाने की प्रथा चलाते आ रहे हैं। यह एक तरह से गुरु साहिब को ही पिला रहे हैं। महाराज जी ने कहा, ''नहीं बेटी! हमने इस घर का अन्न, जल नहीं पीना।''

*खान पान इस के घर केरा।*
*हम नहिं करहिं, जाहु ले फेरा॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2364*

इस बुरे व्यक्ति का अन्न अच्छा नहीं है।

*जा की रहित न जाणीऐ गुरबाणी नही रीत*
*तिस दे हथहु खाधीऐ विसरे हरि की प्रीत।*

इस तरह महाराज जी ने वह वापिस कर दिया। बहुत दुखी हुई, वापिस लौट आती है। दूसरे दिन चन्दू आता है। उसने एक भट्टी गर्म करवा रखी है, उसके अन्दर रेता डाला हुआ है। रेता बहुत गर्म हो जाता है। हाथ तक कोई नहीं लगा सकता।

महाराज जी से कहता है, ''यदि नहीं मानना तो इसमें बैठने के लिये तैयार हो जा।'' महाराज जी कहते हैं, जहां मेरा मालिक बिठाना चाहेगा, बैठ जायेंगे।

*जह बिसालहि तह बैसा सुआमी जह भेजहि तह जावा॥*
*सभ नगरी महि एको राजा सभे पवितु हरि थावा॥*

*अंग - 993*

यहां पर बिठायेगा तो यहां भी बैठ जायेंगे। महाराज जी उठे और वहां पर जाकर ऐसे समाधि लगा ली जैसे ठण्डे रेते पर बैठे हों। देखा कोई हिल-जुल नहीं जाकर समाधि में बैठ गये। चन्दू कहता है - ''ऐसे करो, रेता भर-भर कर इसके सिर पर डालो।'' इस प्रकार कलछा भर-भर सिर पर तपता हुआ रेता फैंके जा रहे हैं।

धन्य गुरु अर्जुन साहिब जी महाराज! साध संगत जी इतना बड़ा जिगर! इतना सब्र (सन्तोष)! जिसका व्यवहारिक अर्थ बता रहे हैं। बहुत बड़ा उदार दिल है।

*धारना - रुखां वरगा जेरा पिआरे*
*लोड़ीदै दरवेसां नूं।*

साध संगत जी! कितना महान विशाल दिल है? दरवेशों का जिगर पेड़ों की तरह होता है। कोई काटे जाओ, कोई ईंट, पत्थर मारे जाओ लेकिन वे अपना फल देते ही रहते हैं। इसी तरह का दिल साधुओं का होता है। कष्ट सहन करके भी, अपनी शक्ति का प्रयोग नहीं करते। इस तरह से -

*भरि करछे तबि ऊपर पाए।*
*नहिं कुछ कहयो न अंग डुलाए॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2369*

बिल्कुल हल-चल नहीं है। मौन बैठे हुए हैं जैसे शीतल जल का स्रोत हों। कोई धारा शीश पर पड़ रही है। गुरसिख देख रहे हैं। चीख, पुकारें, शोर मच रहा है। चन्दू को दोषी बता रहे हैं। बार-बार आवाजें आ रही हैं, ''चन्दू, तू अपना सर्वनाश कर रहा है। अपनी जड़ें आप खोद रहा है। इतना घृणित कर्म!'' सिपाहियों को हुक्म दे दिया कि इन लोगों को यहां से भगाओ। इन्हें डण्डों से मारो। सिपाही अपने पूरे जुल्म दिखाते हैं। गुरसिखों की टांगों, घुटनों पर डण्डे मारते हैं। महाराज जी ने कहा, ''क्यों मार खाये जा रहे हो। सावधान होकर बैठ जाओ। हमें भी पता है जो कुछ हो रहा है।'' साध संगत जी! इस दृश्य को देखकर उस समय सारा देवलोक हिल गया। इन्द्र का तख्त भी डोलने लग पड़ा। वे देख रहे हैं कि मातलोक में इतना बड़ा सिद्धान्त परिपक्व किया जा रहा है जो आज तक नहीं हुआ। प्राचीन ऋषियों-मुनियों की यदि थोड़ी सी भी अवज्ञा हुई थी तो तुरन्त शाप दे देते थे। वहीं पर ही भस्म कर देते थे। ऐसी महान शक्तियां उनके पास थीं।

धन्य गुरु अर्जुन साहिब जी महाराज! कितना कष्ट दिया जा रहा है! उस समय देवलोकों के देवता भी चक्रित हो गये। आप जी जैसे-जैसे कष्ट में से गुज़र रहे हैं, जय-जयकार हो रही है।

*धारना - देव लोकां च जैकारे बोलदे,*
*हथ बंन्हीं खड़े देवते।*

सभी सुरलोक, गन्धर्व लोग, देव गन्धर्व लोक, पितृलोक, इन्द्र लोक, स्वर्ग लोक, कर्मदेव लोक, अजानदेव लोक, प्रजापति लोक, ब्रह्म लोक, शिव लोक, वैकुण्ठ धाम सभी देवताओं सहित विष्णु, ब्रह्मा, शिव जी हैरान हो रहे हैं कि गुरु अर्जुन देव जी महाराज, अकालपुरुष का रूप होते हुए भी दुख को ज़र कर रहे हैं। इतना अपमान सहन कर रहे हैं। आज तक तो इस मात लोक पर ऐसा कोई बहादुर नहीं जन्मा जिसने ऐसे कष्ट सहन किये हों। आमतौर पर समरथ व्यक्ति तो थोड़ा सा अपमान होने पर ही श्राप दे देता है। उसी समय भस्म कर देता है। इनका दिल कितना विशाल है! भाई सन्तोख सिंह जी लिखते हैं -

*अजर जरनि की औधि जनाई॥*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2369*

जो ज़र न हो सकता हो, उसे ज़र करके प्रत्यक्ष दिखा दिया।

*इते कशट ते नहीं दिखाई।*
*इन्द्र आदि जेतिक सुर सारे।*
*चक्रित चित गुरि चलित निहारे॥*

*'धन्य धन्य' सभि करहिं बखाना।*
*'इन ते बिना न ऐसो आना।'*

*श्री गुर प्रताप सूरज ग्रन्थ, पृष्ठ - 2369*

इनके सिवाय आज तक दुनियां में कोई ऐसा नहीं देखा। सभी शक्तियों का मालिक होते हुए भी, कुछ नहीं कह रहे। दूसरे दिन चन्दू फिर आ जाता है। कहता है, ''कल रेत डालने पर भी कुछ न हुआ, अब बड़ी लोह लाओ।'' छह फुट लम्बी लोह गर्म करवा दी। जब पूरी तरह से लाल हो गई तो उसकी ओर संकेत करते हुए कहता है, ''देख ले आग का रूप बनी हुई है। अभी भी मान जा। अभी भी अवसर है।'' महाराज जी ने कहा, ''जब तुझे एक बार कह दिया कि जो कुछ तू कर सकता है, कर ले। परन्तु हमने वचन नहीं बदलना। न तो किसी का भय मानना है और न ही भय देना है।''

चन्दू क्रोध और घमण्ड में आकर कहता है, ''बैठ जाओ इसके ऊपर।'' सेवादारों को कहता है, ''इसे उठाकर बिठा दो, अब इससे बैठा नहीं जायेगा।'' महाराज जी ने इसे कहा, ''एक तरफ हो जा।'' और स्वयं खड़े हो गये। तपती हुई लोह की ओर कदम बढ़ाया और उस पर ऐसे पैर रख दिया जैसे कुछ हुआ ही न हो। पैरों तले से धुआं निकला। साध संगत जी! तुरन्त दूसरा पैर भी रख दिया और चौकड़ी लगाकर उस पर बैठ गये।

*धारना - तपदी लोह ते समाधीआं ला के,*
*बोलण भाणा मिठा लगदा।*

*तेरा कीआ मीठा लागै॥*
*हरि नामु पदारथु नानकु मांगै॥ अंग - 394*

हिमालय पर्वत पर जहां बर्फ ही बर्फ पड़ी रहती है। जहां पर कोई भी आदमी नहीं पहुंच सकता, उन गुफाओं में बैठे गोरख नाथ की समाधि टूट जाती है। उसके साथ बैठे सभी साथियों की समाधि भंग हो जाती है। सिद्धों ने कहा, ''गुरदेव! बाहर इतनी बर्फ पड़ी है। पता नहीं जेठ आषाढ़ महीने की गर्मी से अधिक गर्मी यहां पड़ रही है। यह सारे ब्रह्मांड की गर्मी कहां से आ गई?'' गोरखनाथ ने अर्न्तध्यान होकर देखा और कहने लगे, ''नाथो! इस समय गुरु अर्जुन पातशाह एक गर्म-गर्म तवी पर बैठे हैं। वे सारे ब्रह्मांड के मालिक हैं। उससे सारे ब्रह्मांड की गर्मी फैल गई। अब और अधिक गर्मी सहन नहीं होती। उस समय उड़ान भरी और आते ही सभी पहरेदारों को सुला दिया और आप गुरु महाराज जी के सामने आकर खड़े हो गये और इस प्रकार बेनती की, ''महाराज! आदेश! आदेश! पातशाह! यह आप क्या करने चले हैं? आप इतने समरथ हैं कि सारे सिद्ध आपके सामने शक्तियां दिखा-दिखा कर थक गये थे, अब ऐसा कौन पैदा हो गया जो आपको गर्म तवी पर बिठा रहा है।'' महाराज जी ने कहा, ''गोरख नाथ! हम तो सब्र (सन्तोष) का अर्थ बता रहे हैं।''

*सबर अंदरि साबरी तनु एवै जालेन्हि॥*
*होनि नजीकि खुदाइ दै भेतु न किसै देनि॥*
*सबरु एहु सुआउ जे तूं बंदा दिड़ु करहि॥*
*वधि थीवहि दीरआउ टुटि न थीवहि वाहड़ा॥*

*अंग - 1384*

महाराज जी ने कहा, ''परमेश्वर शबद में वास करता है। शबद का अर्थ कर रहे हैं। सारी शक्तियों के मालिक होते हुए भी एक अनजान व्यक्ति की तरह बैठ कर दिखा रहे हैं। यदि हम चाहें तो अभी सभी कुछ भस्म कर सकते हैं। लेकिन परमेश्वर की रज़ा को प्रसन्नचित्त होकर मान रहे हैं।'' गोरखनाथ कहता है, ''महाराज! मैं यह नहीं देख सकता। इस चन्दू और इसके साथियों तथा जहांगीर सहित सभी के महल उलट-पुलट कर देता हूँ। ऊपर का हिस्सा धरती की ओर और ज़ड़ (नीचे) वाला हिस्सा ऊपर कर देता हूँ।''

महाराज जी ने कहा, ''गोरखनाथ! यह काम नहीं करना। हम तो यह उपदेश दे रहे हैं। कलयुग में आने वाली नसलों को जो मामूली सा दुख आने पर, डर के मारे अपने नियमों को छोड़ दिया करेंगे। हम तो एक पद चिन्ह छोड़ चले हैं ताकि लोग अपने नियमों पर दृढ़ रहें। गलत कामों की ओर न बढ़ें। सही कामों के लिये यदि शहादत देनी पड़े तो देनी चाहिये।'' इस प्रकार महाराज जी ने समझा बुझा कर उन्हें वापिस भेज दिया। जब मीयां मीर को पता चला तो वह भी बहुत क्रोधित हुआ और गुरु साहिब के पास आता है। उस समय महाराज जी से कहता है, ''सच्चे पातशाह! सारी शक्तियों के मालिक होते हुए, आप यह क्या कर रहे हैं? मुझसे यह सहन नहीं होता।'' इतना कहकर दोनों बाजू ऊपर उठा लीं। महाराज जी ने पूछा, ''मीर जी! यह क्या करने जा रहे हो?'' मीर जी बोले, ''मैं इसकी सजा दिल्ली और लाहौर दोनों को देने जा रहा हूँ।'' महाराज जी ने पूछा, ''मीर जी! लाहौर और दिल्ली ने क्या कसूर किया है?'' वह बोले, ''पातशाह! फिर आप ऐसा क्यों कर रहे हो?'' महाराज जी ने कहा, एक दिन आप आये थे तो आपने प्रश्न पूछा था -

*ब्रहमगिआनी कै धीरजु एक॥*
*जिउ बसुधा कोऊ खोदै कोऊ चंदन लेप॥अंग - 272*

आपने कहा था कि ब्रह्मज्ञानी में इतना धैर्य होता है कि चाहे कोई धरती खोदता रहे या कोई उस पर चन्दन का लेप करता रहे, वह हमेशा एक समान रहता है। तूने ऐतराज़ किया था कि ऐसी समवृति होना बहुत कठिन है। हमने तुम्हें जीवन मुक्त के अर्थ समझाये थे।

*प्रभ की आगिआ आतम हितावै॥*
*जीवन मुकति सोऊ कहावै॥*
*तैसा हरखु तैसा उसु सोगु॥*
*सदा अनंदु तह नही बिओगु॥* *अंग - 275*

खुशी तथा गमी दोनों अवस्थाओं में आनन्द में रहना है।

*तैसा सुवरनु तैसी उसु माटी॥*
*तैसा अंम्रितु तैसी बिखु खाटी॥*
*तैसा मानु तैसा अभिमानु॥*
*तैसा रंकु तैसा राजानु॥*
*जो वरताए साई जुगति॥*
*नानक ओहु पुरखु कहीऐ जीवन मुकति॥ अंग - 275*

उस समय तुमने शंका जताई थी कि महाराज! यह निश्छल बुद्धि, ब्रह्मज्ञानी तथा जीवन मुक्त के आपने जो अर्थ किये हैं क्या कलयुग में ऐसा जीवन मुक्त हो सकता है जो इन अर्थों का पालन करेगा? यही प्रश्न अर्जुन ने श्री कृष्ण से पूछा था, ''निश्छल बुद्धि व्यक्ति की क्या पहचान होती है?'' यह जो बात हुई थी, गुरु नौंवे पातशाह ने उसका हू-ब-हू अर्थ किया है।

*जो नरु दुख मै दुखु नही मानै॥*
*सुख सनेहु अरु भै नही जा कै कंचन माटी मानै॥*
*नह निंदिआ नह उसतति जा कै लोभु मोहु अभिमाना॥*
*हरख सोग ते रहै निआरउ नाहि मान अपमाना॥*
*आसा मनसा सगल तिआगै जग ते रहै निरासा॥*
*कामु क्रोधु जिह परसै नाहिनि तिह घटि ब्रहमु निवासा॥*
*अंग - 633*

''जीवन मुक्त के यह अर्थ थे। अब तुम जीवन मुक्त और ब्रह्मज्ञानी के व्यवहारिक अर्थ देख लो और समझ लो। कोई भी शक्ति प्रदर्शित नहीं करनी। अकालपुरुष की रज़ा देख। आपने कुछ नहीं कहना। कल हमारा अन्तिम दिन है। यह सब अपने आप ही खत्म हो जायेगा, तुम क्यों दुखी हो रहे हो? हमारा जाने का समय आ गया है।'' उस समय इस प्रकार महाराज जी ने अर्थ समझाये।

*धारना - जीवन मुकत दे रथ,*
*मीआं मीर करे बंदना।*

इस प्रकार नमस्कार करके चला जाता है। धन्य गुरु अर्जुन! धन्य गुरु अर्जुन! आप जैसा न तो कोई संसार में हुआ है और न ही होगा। ऐसा कहता हुआ, नमस्कार करता हुआ चला जाता है। साध संगत जी! उस समय पृथ्वी भी डोलने लगी, चन्द्रमा भी डोलने लगा, सूरज डोलने लगा, परन्तु जो पापी चन्दू है, अभी तक भी इसका मन नहीं डांवाडोल हुआ। बल्कि सोच रहा है कि अब मैं और क्या करूं? जिससे इन्हें मानना पड़ जाये। इसके बाद एक गाय मरवाता है, उसकी चमड़ी उतरवा लेता है। उस चमड़ी को दिखाते हुए अगले दिन फिर गुरु महाराज जी से कहता है, ''अब भी मान जाओ मेरी बात, वरना इस खाल के अन्दर मढ़वा दूंगा। संसार से बे-दीन होकर जाओगे। अभी भी मौका है, मान जाओ।'' उस समय महाराज जी ने देखा कि जाने का समय बहुत नज़दीक आ गया है, कहते हैं, ''हम रावी में स्नान करना चाहते हैं।'' चन्दू ने सोचा कि अब मेरी बात मान लेंगे। पांच सिहों, दस पन्द्रह बीस पहरेदारों को साथ भेजकर, गुप्त रास्ते द्वारा रावी की ओर भेज देता है। सिपाहियों को समझा दिया कि पूरा-पूरा ध्यान रखना है। दूर-दूर तक पहरे लगा दिये। उस समय पांचों गुरसिखों को पास बिठाया और बोले, ''प्रेमियो! तुमने घबराना नहीं है। इसे दाता द्वारा भेजी हुई दात समझ लो।''

*धारना - इह भाणा दाते दा,*
*असीं मंनणै मिठा करके।*

महाराज जी ने कहा, ''गुरमुखो! यह अकालपुरुष की रज़ा (भाणा) हमने प्रसन्नतापूर्वक हंसी-खुशी मानना है। किसी को बुरा नहीं कहना। किसी के खिलाफ कुछ भी बुरा नहीं चितवना।''

*जो किछु वरतै सभ तेरा भाणा॥*
*हुकमु बूझै सो सचि समाणा॥* *अंग - 193*

जो उसकी रज़ा को मान लेता है, वह उसी में समा जाता है। महाराज जी ने स्नान किया और चौकड़ी लगाकर बैठ गये। कुश का आसन मंगा लिया। जपुजी साहिब का पाठ पूरा करके, ऊपर वस्त्र ओढ़ लिया।

उस समय महाराज जी ने फरमान किया कि हमारा संस्कार नहीं करना और यहीं पर ही जल में प्रवाह कर देना है। आपने अपने ऊपर चादर डाली और लेट गये। फिर शरीर को ऐसे छोड़ दिया जैसे सांप कैंचुली को छोड़कर चला जाता है।

*गुरमुखि आवै जाइ निसंगु॥* *अंग - 932*

गुरु महाराज जी ने इस प्रकार आज के दिन एक महान कौतुक दिखा दिया। अकेले ईसा जी को सूली पर चढ़ाया गया था। उन पर बहुत जुल्म हुआ था। जिस सूली पर चढ़ाया जाना ता, वह उनसे उठवाई गई जो बहुत भारी थी। जिस शरीर पर उसे गाढ़ना था, चलना मुश्किल हो रहा था। बेहोश होकर गिर जाते थे। हन्टरों वाले ज़ोर-ज़ोर से हन्टर मारते थे। फिर उठाकर चल पड़ते थे। उनके साथ, 12 चेले जो थे वे भी जवाब दे गये थे। अकेले रह गये थे। लेकिन इसाई कौम केवल एक शहीदी देकर महान बन गई। जब उनका कोई प्रोग्राम देखते हैं, मैंने अमेरिका में देखा था, जब वे इस घटना का उल्लेख करते हैं, तो उस समय सभी श्रोताओं के नेत्रों में आंसू आ जाते हैं। टैलिविजन पर मैंने देखा कि उन सब की आंखों पर रूमाल होते। चाहे हज़ार बैठे हों या दस हज़ार सभी के नेत्रों से प्रेम आंसू गिर रहे होते हैं। मैं मन ही मन कहता कि देखो इनका कितना प्यार है।

हमारे यहां तो शहीदियों का कोई अन्त नहीं है। कहीं तो नीवों में चिने जा रहे हैं, कहीं युद्ध में शहीद हो रहे हैं, कहीं चांदनी चौंक में शहीदी दे रहे हैं, कहीं गर्म तवों पर बिठा कर शहीद हो रहे हैं, अफसोस होता है कि हमारे दिलों से दर्द की एक चीख भी नहीं निकलती। वही झगड़े, झन्झट, लड़ाईयां, मास, शराब, कबाब छोड़ने को तैयार ही नहीं होते। हमारा गुरु के साथ प्यार नहीं है। ईसाई हुक्म मानते थे अत उन्होंने सारी दुनियां पर राज भोग किया उनका भी हमारी तरह ही हाल था। उन्हें भी कोई टिकने नहीं देता था। सभी राज्यों से खदेड़ दिया गया। आज यदि जर्मनी, अफ्रीका और इंगलैंड ऊंचे उठे हैं तो केवल इसलिये कि उन्होंने अपने रहबरों को मान्यता दी। हमने अपने रहबर का मान नहीं किया। साध संगत जी! गुरु अर्जुन साहिब जैसा बनना है तो बनो -

*धारना - गुरां वरगा ना जगत उते होइआ,*
*आखो धंन गुरू अर्जुन जी।*

आप जी ने जो अद्वितीय शहीदी संसार के कल्याण के लिये, जुल्मों का खातमा करने के लिये, विशेष नियमों को कायम रखने के लिये दी, अतः आप सभी शहीदों के सरताज कहलाये। आज आप सभी प्यार से उनकी याद मना रहे हो। गुरु ग्रन्थ साहिब में, गुरु महाराज गुरु अर्जुन पातशाह का फरमान है -

*जपिओ जिनि अरजुन देव गुरू*
*फिरि संकट जोनि गरभ न आयउ॥ अंग - 1409*

उसके सभी संकट समाप्त हो गये। ईसा जी को जब सूली पर चढ़ाया जा रहा था तो उस समय उन्होंने आवाज़ दी - ''इसाईयो! जितने भी तुम यहां खड़े हो और जितने तुम्हारे पीछे आयेंगे, उनके भी और उनसे भी जो बाद में आयेंगे, उनके भी पाप, मैं अपने शरीर पर सहन करके, तुम्हें सदा के लिये सुखी करके जा रहा हूँ।'' इसी प्रकार गुरु अर्जुन पातशाह ने हमारे कितने पापों का खातमा कर दिया। जिसने भी उन्हें जप लिया भाव उनकी बाणी को जप लिया, सुखमनी साहिब पढ़ लिया - कहते हैं फिर वे -

*........ संकट जोनि गरभ न आयउ॥ अंग - 1409*

न तो उस पर कोई संकट आ सकता है और न ही वह गर्भ यौनि में जायेगा। इस प्रकार आप गुरु महाराज जी की याद में बैठे, उनकी याद मना रहे हो। एक झांकी उनके सारे जीवन की पेश की थी। कुछ इतिहासकारों द्वारा गलतियां हो जाती हैं। अतः कुछ अटपटी बातें लिख देते हैं जैसे किसी इतिहासकार ने लिखा कि अन्त समय गुरु महाराज जी ने गुरसिखों को कहा, ''सिखो! गुरु हरगोबिन्द साहिब को कहना कि हमारी शहीदी का बदला लें। ऐसे ही हाथ पर हाथ रखकर न बैठें।'' ये मनमत और मन घड़न्त बातें होती हैं। ज़रा सोचो, वह जो गुरु है वह तो यह कह रहे हैं -

*फरीदा बुरे दा भला करि गुसा मनि न हढाइ॥*
*देही रोगु न लगई पलै सभु किछु पाइ॥ अंग - 1381*

*ववा वैरु न करीऐ काहू॥*
*घट घट अंतरि ब्रहम समाहू॥ अंग - 259*

भाई गुरसिख घनइया तो पानी पिलाने में भी किसी से वैर नहीं रखता तो क्या गुरु यह कहेंगे कि वैर का बदला लेना। बदलना लेना तो छोटे लोगों का काम हुआ करता है। आमतौर पर जाट मरते समय अपने पौत्र को कहा करते हैं - ''पुत्र तो बदला न ले सका, पर तू दृढ़ रहना। याद रखना इससे हमने सात पुश्तों तक बदला लेना है।'' गुरु महाराज जी ने हमें इन बदले की भावना से दूर कर दिया। नेकी सिखा दी। बुरे का भी भला करना सिखा दिया। महाराज जी कहते हैं - बदला कौन लिया करता है।

*जेहा बीजै सु लुणै करमा संदड़ा खेतु॥ अंग - 134*

जो कर्म किये गये हैं, वे बदला लेते हैं। अपने आप ही लेते हैं।

*ददै दोसु न देऊ किसै दोसु करंमा आपणिआ॥*
*जो मै कीआ सो मै पाइआ दोसु न दीजै अवर जना॥*
*अंग - 433*

- आनन्द साहिब -

- गुर सतोतर -

## आवश्यक निवेदन

रिन्युवल का चन्दा भेजने के लिए मेंबरशिप नम्बर (सदस्यता संख्या) तथा रिन्युवल तारीख (पुनर्नवीनीकरण तिथि) का ब्यौरा अवश्य दिया जाए तथा यह भी बतलाया जाए कि चन्दा, रिन्युवल के लिए है अथवा नई मेंबरशिप प्राप्त करने के लिए प्रेषित किया गया है।

यदि किसी प्रेमी पुरुष ने आत्म मार्ग मैगजीन के लिए चन्दा जमा करवाया हो और उसे मैगजीन न पहुँच पा रहा हो, तो उसे जमा करवाई गई रकम का रसीद नम्बर आदि लिखकर आत्म मार्ग कार्यालय से सम्पर्क करना चाहिए।

'आत्म मार्ग' एक धार्मिक मैगजीन है, इसके अन्तर्गत श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की वाणी छपी हुई होती है, इसलिए समस्त पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि कृप्या इसका प्रयोग रद्दी पेपर की भांति न किया जाए। यदि आप पुराने मैगजीन को रखना नहीं चाहते हैं तो उन्हें हमारे किसी भी वितरण केन्द्र पर सहर्ष वापिस कर सकते हैं।

# बाबाणियाँ कहानियाँ

*सन्त वरियाम सिंह जी*
*संस्थापक वि. गु. रू. मिशन*

*( श्रृंखला जोड़ने के लिए देखें, अंक मई, अंग - 14 )*

2. मन्द वैराग - दूसरी प्रकार का वैराग्य जिसे मन्द वैराग्य कहते हैं। इस वैराग्य का कारण, कार्य के भय की वज़ह से घर छोड़ कर भाग जाना या किसी साथी का वियोग हो जाना या व्यापार में घाटा हो जाना, उस समय चित्त दुनियां से उचाट होकर सोचता है कि मैं परमात्मा का ही नाम जपूं, किसी महापुरुष का चेला बन कर अपना जीवन सफल करूँ। जिसके बारे में ऐसा महापुरुषों का फ़रमान है -

*नार मरै घर संपत नासी।*
*मूंड मुंडाइ भइआ संनिआसी॥*

या कथा में जाकर सुन लेना कि जगत मिथ्या है, इसकी सभी चीज़ें नाशवान है या पदार्थों की कमी हो जाने के कारण वैराग्य हो जाना; उस वैराग्य को मन्द वैराग्य कहा जाता है। यह सदा कायम नहीं रहता। जैसे ही विषय भोग प्राप्त हो जाते हैं यह फिर गिर जाया करता है। जैसा कि महापुरुषों का फ़रमान है -

*आइआ बुल्ला पउण दा*
*चड़िआ कख अकाश।*
*ढहिंदा ढहिंदा ढहि पिआ*
*कख कखां दे पास।*

गुरयद्व वै

बाणी में फ़रमान आया है -

*फिरदी फिरदी दह दिसा*
*जल परबत बन राइ।*
*जिथै डिठा मिरतको*
*इल बहिठी आइ॥* *अंग - 322*

ऐसा भी फ़रमान आता है -

*छाणी खाकु बिभूत चड़ाई*
*माइआ का मगु जोहै।*
*अंतरि बाहरि एकु न जाणै*
*साचु कहे ते छोहै।*
*पाठु पड़ै मुखि झूठो बोलै*
*निगुरे की मति ओहै।*
*नामु न जपई किउ सुखु पावै*
*बिनु नावै किउ सोहै॥*
*मूंडु मुडाइ जटा सिख बाधी*
*मोनि रहै अभिमाना।*
*मनूआ डोलै दहदिस धावै*
*बिनु रत आतम गिआना।* *अंग - 1013*

ऐसा भी फ़रमान है -

*हाथ कमंडलु कापड़ीआ*
*मनि त्रिसना उपजी भारी।*
*इसत्री तजि करि कामि विआपिआ*
*चितु लाइआ पर नारी।* *अंग - 1013*

*पूंअर ताप गेरी के बसत्रा।*
*अपदा का मारिआ ग्रिह ते नसता।*
*देसु छोडि परदेसहि धाइआ।*
*पंच चंडाल नाले लै आइआ॥* *अंग - 1348*

3. एक इन्द्रिय वैराग्य - तीसरा वैराग एक इन्द्रिय वैराग्य होता है। वह वैराग्य ऐसा होता है कि मन में तो विषय विकार अपना प्रभाव दिखाते रहते हैं और मन भोगों की प्राप्ति के फुरने करता रहता है पर शारीरिक तौर पर बचा रहता है जिसके बारे में फ़रमान है -

*मोनी होइ बैठा इकांती*
*हिरदै कलपन गाठा।*
*होइ उदासी ग्रिहु तजि चलिओ*
*छुटकै नाही नाठा॥* *अंग - 1003*

4. यतमान वैराग - इसके लक्षण यह हुआ करते हैं कि महापुरुषों के मुखार विन्द से यह श्रवण करना कि संसार नाशवान है, संसार की वस्तुएं नाशवान हैं। पारिवारिक मोह, प्रभु प्राप्ति में बन्धन रूप होकर प्रयोग करते हैं। जीव का परम मनोरथ इसी जन्म में प्रभु की प्राप्ति है जैसा कि फ़रमान है -

*भई परापति मानुख देहुरिआ।*
*गोबिंद मिलण की इह तेरी बरीआ।*

*अवरि काज तेरै कितै न काम।*
*मिलु साध संगति भजु केवल नाम॥*
*सरंजामि लागु भवजल तरन कै।*
*जनमु ब्रिथा जात रंगि माइआ कै॥ अंग - 12*

ऐसा वचन सुनकर नाशवान चीज़ों से मुँह मोड़ लेना और सत्य वस्तु प्रभु का नाम, गुरू का प्यार और वाहिगुरू के मिलन की लालसा मन में रख कर और झूठी वस्तुओं का त्याग कर देना जैसा कि विचार है -

*कहत कबीर चेति रे अंधा।*
*सति रामु झूठा सभु धंधा॥ अंग - 326*

5. वितरेक वैराग्य - यह वैराग्य सहज ही आता है। महापुरुषों की संगत में जाकर इस बात का निर्णय होता है कि गलत काम करने से शान्ति प्राप्त नहीं होती। आदमी के अवगुण उसके हाथों तथा पैरों में हथकड़ियां तथा बेड़ियां बन कर नरकों में ले जाते हैं। सतगुरू की बाणी पर विचार करना तथा बुरे कामों से बचकर सेवा सत्संग शुरू करना। जीवन को वैरागमयी बनाना वितरेक वैराग्य कहलाता है। कोशिश करके गुण धारण करना तथा अवगुणों को अन्दर से निकाल देना क्योंकि ऐसा निश्चय परिपक्व हो जाया करता है कि दरगाह में जाकर पाप करने वाले को लेखा जोखा देना पड़ता है। जैसा कि फ़रमान है -

*लै फाहे राती तुरहि प्रभु जाणै प्राणी।*
*तकहि नारि पराईआ लुकि अंदरि ठाणी।*
*संन्ही देन्हि विखंम थाइ मिठा मदु माणी।*
*करमी आपो आपणी आपे पछुताणी।*
*अजराईलु फरेसता तिल पीड़े घाणी॥ अंग - 315*

इस निश्चय से यह प्रत्यक्ष भासित होना कि -

*ओथै खोटे सटीअहि खरे कीचहि साबासि।*
*बोलणु फादलु नानका दुखु सुखु खसमै पासि॥*
*अंग - 146*

और इन महावाक्यों को पूर्ण निश्चय के साथ अन्दर धारण करना जैसे कि-

*नानक जीअ उपाइ कै*
*लिखि नावै धरमु बहालिआ।*
*ओथै सचे ही सचि निबड़ै*
*चुणि वखि कढे जजमालिआ।*
*थाउ न पाइनि कूड़िआर*
*मुह काल्है दोजकि चालिआ।*
*तेरै नाइ रते से जिणि गए*
*हारि गए सि ठगण वालिआ।*
*लिखि नावै धरमु बहालिआ॥ अंग - 463*

6. वसीकार वैराग्य - इसमें महापुरुषों के वचन सुनकर अपने अन्दर आसुरी शक्तियों के योद्धाओं के साथ हर समय युद्ध करना तथा उनकी मार से उनके छिप कर करने वाले हमलों से सदा ही सावधान रहना। जागरूक रहते हुये, सत्संग की ओट धारण करके और महापुरुषों की संगत करके इन दुष्टों, काम, क्रोध, लोभ मोह, अहंकार से अपने आप को बचाना तथा कोशिश करना कि इन्हें वश में कर लिया जाये। ऐसे विचार जो विषयों से बचायें उन पर सदा विचार करते रहना।

*पर त्रिअ रूपु न पेखै नेत्र। अंग - 274*

*करन न सुनै काहू की निंदा।*
*सभ ते जानै आपस कउ मंदा। अंग - 274*

*मिथिआ स्रवन पर निंदा सुनहि।*
*मिथिआ हसत परदरब कउ हिरहि।*
*मिथिआ नेत्र पेखत पर त्रिअ रूपाद।*
*मिथिआ रसना भोजन अनस्वाद।*
*मिथिआ चरन पर बिकार कउ धावहि।*
*मिथिआ मन पर लोभ लुभावहि।*
*मिथिआ तन नही परउपकारा।*
*मिथिआ बासु लेत बिकारा।*
*बिनु बूझे मिथिआ सभ भए।*
*सफल देह नानक हरि हरि नाम लए॥*
*अंग - 269*

इन महावाक्यों पर विचार करके हृदय में धारण करना तथा उसके अनुसार अपने मन को काबू में करके प्रभु का सुमिरन करना, सेवा करना, गुरू शब्द की कमाई करना।

7. तीव्र वैराग्य - दुनियाँ के सभी सुखों को छोड़कर केवल वाहिगुरू जी के मिलन की प्रबल इच्छा तीव्र वैराग्य कहलाया करती है। ब्रह्ममुहुर्त में उठकर आलस्य का त्याग करके स्नानादि करके नितनेम के अनुसार सुमिरन करना, बाणी पढ़ना और सत्य पुस्तकों पर विचार करना जिनसे माया के बन्धनों से छुटकारा मिल सके और प्रभु के साथ प्यार जाग्रत हो। यह वैराग अति उच्च हुआ करता है। इस वैराग्य में महापुरुषों की लालसा सदा बनी रहती है।

8. तर तीव्र वैराग्य - यह वैराग उस प्रेमी को प्राप्त होता है जिसने निर्णय पूर्वक जान लिया कि दुनियाँ के अन्दर प्राप्त होने वाला बड़प्पन, मायिक सुख, मित्रों दोस्तों की संगत आदि दरगाह में काम नहीं आया करतीं। इन सारी चीज़ों को परम पद की प्राप्ति के लिये निश्चय पूर्वक विघ्नकारी समझना और साधु की संगत की हर समय इच्छा रखना।

महापुरुषों की संगत में तत्व वचन सुनने तथा नितनेम, बन्दगी करना, सेवा करना, सत्य शास्त्रों की विचार करना, हर समय अपने मन को प्रभु के प्यार में लीन रखना और दुनियाँ की ओर अपने मन का रुख बिल्कुल ही न आने देना। न स्वर्ग की आशा मन में रखना, न ही पुरियों के भोगों की वासना को मन में रखना, इसके विपरीत चरण कमलों की मौज में अपना जीवन लगाने के लिये अपनी पूरी ताकत लगाना। महापुरुषों के साथ प्यार करना तथा उनकी आज्ञा में रह कर जीवन व्यतीत करना। सांसारिक उपलब्धियां, बड़प्पन सभी सपने की तरह समझना, यह वैराग्य बहुत उच्च कोटि का हुआ करता है।

*कबीर सुरग नरक ते मै रहिओ*
*सतिगुर कै परसादि।*
*चरन कमल की मउज महि*
*रहउ अंति अरु आदि॥* *अंग - 1370*

9. तर तीव्र तर तम वैराग्य - इस वैराग्य को पूर्ण वैराग्य कहा जाता है। जिस समय मृत्यु लोक की धरती से लेकर ब्रह्म लोक तक प्राप्त होने वाले सुखों को कौवे की विष्ठा के समान समझ कर पूर्ण रूप में त्याग करना।

*ब्रहमा इंद्र आदि लौ होत देह धर भोग।*
*काक बिशटा सम जे गिने बीतराग ते लोग।*
*अधिआतम प्रकाश*

तथा विचार सागर में महापुरुषों ने इस सारे विषय पर विचार करके फ़रमान किया है -

*ब्रहम लोक लौ भोग जो चहै*
*सभन को तिआग॥*
*बेद अरथ गिआता मुनी*
*कहित ताहि बैराग॥* *विचार सागर*

विवेक और वैराग्य मन में धारण किये बिना परमार्थ के रास्ते पर चलना अति कठिन है। क्योंकि सांसारिक प्राप्तियां, दुनियां की जय जय कारें, स्वार्थियों के झुरमुट, जिज्ञासु को परमार्थ के रास्ते पर चलने में भारी रुकावट डालते हैं। विवेक वृत्ति निर्णय करती है, सत्य की प्राप्ति के लिये प्रकाश देती हैं, उत्साह प्रदान करती हैं। वैराग्य माया के पड़े हुये बन्धनों को तोड़ता है।

वैराग के वशीभूत हुये असंख्य साधक, सिद्ध पीर, औलिए, साधु, सन्त सांसारिक झमेलों को पीठ दिखाकर कठिन संघर्ष कर करके परम पद की प्राप्ति के अधिकारी बन गए। इस प्रकार की अन्य रूहानी सीढ़ियां जिन पर जिज्ञासु को चढ़ कर उच्च अवस्था की प्राप्ति करने के लिये अपनी चढ़ाई करनी पड़ती हैं जिनमें से षटमति, जिसके बारे में विचार सागर में बताया गया है -

*सम, दम, श्रद्धा तीसरी समाधान उपराम॥*
*छठी तितिकशा जाणीए भिंन भिंन इह नाम॥*
*विचार सागर*

इनकी व्याख्या महापुरुष हर समय करते रहते हैं।

चार अन्तरीव साधन हैं जिन्हें सुनना, मानना, निधि-आसन तथा प्राप्ति कहते हैं। महापुरुष इसकी विचार विस्तार पूर्वक सदा ही अपने सत्संग में करते रहते हैं। महापुरुषों का जीवन पूर्ण रूप पर सत्य पर आधारित हुआ करता है जिसमें दिखावे के दाखिल होने की तनिक भी गुंज़ाइश नहीं है वह सदा ही प्रभु प्यार में लीन रहते हैं। वह प्रभु की रज़ा में आनन्दित रहते हैं। वह किसी के आगे हाथ नहीं फैलाते, न ही माया इकट्ठी करने के लिये कोई कार्यक्रम बनाते हैं। वे तो प्यार में ही लीन रहते हैं। एक कवि ने इस अवस्था को इस प्रकार समझाया है कि प्रभु प्यारों के हृदयों में सदा ही विनम्रता का वास होता है जो उनका सबसे बड़ा आभूषण (गहना) हुआ करता है। वह सभी में एक ही प्रभु को देखते हैं। द्वैत की दृष्टि उनके अन्दर से समाप्त हो जाती है जैसा कि -

*चोला पहिर गरीबी दा जग,*
*संत सुखाले होए।*
*न किसे रंज न आप रंजीवन*
*मरन थी आगे मोए।*
*निंदा क्रोध नूं दई विदैगी*
*बाद बिबाद सभ खोए।*
*लाल लद्धा लै पले बद्धा*
*दास सेवा चरन तिन धोए।*
*हरदम खालक याद जिन्हां नूं*
*किउं कढण लोकां दीआं काणां।*
*हथ जिन्हां दे पारस चड़िआ*
*किउं मंगण दाणा दाणा।*
*जो चितवण सो साहिब मंने*
*सभ करे तिन्हां दा भाणा।*
*ओह रब्ब दे ते रब्ब ओहनां दा*
*जिन्हां छड्डिआ हभो माणा।*

ऐसी अवस्था महापुरुषों की होती है।

*'चलता'*

# प्यारे महापुरुषों का प्यारा जीवन

नोट - विश्व गुरमति रूहानी मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सन्त महाराज ब्रह्मलीन श्रीमान संत बाबा वरियाम सिंह जी रतवाड़ा साहिब वालों के शरीर का जन्म, माता इन्द कौर जी की कोख से, पिता जत्थेदार करतार सिंह के घर, नगर धमोट, तहसील पायल, जिला लुधियाना (पंजाब) में 17 जून 1918 को हुआ। महापुरुषों ने अपने जीवन के सम्बन्ध में अपने 83वें जन्म दिन पर स्वयं अपने प्रवचनों के रूप में कथन की है। उस जीवन कथा को टेप रिकार्डर में से हू-ब-हू उतार कर संगत की जानकारी के लिए, आत्म मार्ग पत्रिका में प्रकाशित करने की खुशी ले रहे हैं।

*सम्पादक आत्म मार्ग*



सन्त महाराज - रतवाड़ा साहिब 'आत्मानन्द में'

मुझे बोलने के लिए कहा है, मुझे तो पता ही नहीं लगता कि मैं क्या कहूँ? आप सभी इकट्ठे होकर प्यार दे रहे हो। आयु तो अपने हिसाब से चलती जाती है, समय रोकने से रुकता नहीं है।

*इह ठहिरन जाच ना जाणदा*
*लंघ गिआ न मुड़ के आंवदा।*

*डा. भाई वीर सिंह जी*

परन्तु इसमें कुछ तरीके होते हैं, कुछ बातें होती हैं, जो संसार को रास्ता दिखाती हैं, स्वयं के लिये भी बहुत कुछ होता है। शरीर तो सदैव ही नाशवान होते हैं। ये रहते ही नहीं हैं -

*बुढा होआ सेख फरीद कंबण लगी देह।*
*जे सौ वरिआं जीवणा भी तन होसी खेह।*
*अंग - 1380*

वास्तविक निशाना तो यही है कि संसार से एक दिन जाना ही जाना है। परन्तु संसार बहुत प्यारा लगता है। आप सभी कितने प्यार में आए हो। विदेश से टैलीफोन आए हैं कि आज अखंड पाठ करवाया है, आज कीर्तन करवा रहे हैं कि आज 17 जून है, मैंने कहा कि तुम्हें भी पता लग गया 17 जून का? कहने लगे, हाँ जी। मुझे 17 जून का पता नहीं था, मुझे तो 20 जून का पता था, क्योंकि मेरे पासपोर्ट पर भी 20 तारीख लिखी हुई है। परन्तु इस बीबी दविन्द्र कौर ने पुराने कागजों में से ढूँढ़ लिया है। आप सभी ने मुझे बहुत प्यार किया है। इतना ज्यादा प्यार किया है कि मैं तुलना करता हूँ, यहाँ जो मेरे साथ प्यार है आपका उस में कोई मतबल छिपा हुआ नहीं है। मैंने कौन सा आपको कोई जायदाद देनी है, यह तो परमेश्वर की ओर से ही प्यार है। छोटे-छोटे बच्चे भी प्यार करते हैं, बहनें (महिलाएं) प्यार करती हैं, भाई करते हैं। जब ऐसा देखता हूँ कि इनके मनों में बहुत प्यार है और जहां मैंने जाना है क्या वहां इतना ही प्यार होगा? वहां तो मैं किसी को जानता नहीं हूँ। वहाँ तो एक से बढ़कर एक हैं -

*इक दू इकि चड़दीआ*
*कउणु जाणै मेरा नाउ जउ॥* *अंग - 762*

परन्तु फिर भी मेरे मन में बड़ी जबदस्त आशा है कि दुनियां में एक प्यार मैंने देखा है, जिसे प्यार कहा जाता है। मैं उतना प्यार नहीं निभा सका जितना मुझे निभाना चाहिए क्योंकि मैंने लेना ही नहीं था। संत महाराज ईशर सिंह जी राड़ा साहिब को मैं इस तरह नहीं मिला था -

*एकु जु साधू मोहि मिलिओ*
*तिनि लीआ अंचलि लाइ॥* *अंग - 1368*

मैं उन्हें देखकर खिंचता चला गया, वैसे मैं वहाँ जाता नहीं था क्योंकि बहुत से संतों के पास बचपन से ही घूमता था। मुझे तो चार वर्ष की आयु से ही पता था कि संत क्या होते हैं? उनके प्रभाव मेरे मन में होते थे। ईश्वर की कृपा से मेरी पिछले जन्म की याददाश्त खत्म नहीं हुई थी। वहीं एक जगह स्थिर रही, पहले तो वह साफ ही नहीं हुई, एक भ्रांति लगती थी, वह इस प्रकार कि जब मैं छोटा था, मुझे भगवा भेष के साधु नजर आते रहते थे। मैंने अपनी माता को बताना कि मुझे साधू नजर आते हैं, तो माता ने कहा कि जो तुम्हारा बड़ा भाई था, जो स्वर्ग सिधार गया है, उसे भी दिखाई देते थे। कहने लगी कि तुम्हें साधू ही नजर आते रहते हैं। मैंने कहा मुझे कहते कुछ नहीं हैं, आते हैं मेरे पास और चले जाते हैं। ये सब पिछले जन्मों के अपने-अपने संयोग होते हैं। इस जन्म में यदि मैं यह बात कह दूँ कि मुझे अक्ल नहीं है, यह बात मैं बिल्कुल सच्चाई से कहता हूँ। संसार की अक्ल मुझे बिल्कुल नहीं है, वैसे रूहानी है। यह अक्ल नहीं है कि संसार में कैसे बर्ताव करना है, परिवार में कैसे रहना है, रिश्तेदारी में कैसे रहना है, यह अक्ल मुझे बचपन से ही नहीं आई। यह तो मैं अब सोचता हूँ, पहले तो सोचता ही नहीं था कि यहां किसी के मन में नहीं है कि संसार का उद्धार हो जाये, गुरू की ओर लग जाएं, संसार का भला हो जाए तो फिर मुझे क्यों फिक्र पड़ा हुआ है संसार का। फिर मुझे स्वयं ही उत्तर मिल जाता है कि तुम समझदार नहीं हो, तुम्हें जीवन को जीना नहीं आया है। क्योंकि मेरा सारा जीवन ऐसे ही व्यतीत हुआ है। मुझे यह जो कार्य मिला है, यह बड़ी मुश्किल अदायगी थी, कोई आसान नहीं था। पिछले जन्म का मुझे पता था, बड़ा अच्छा जन्म बीता था, एकांत में, यहीं पास में ही आपके नजदीक है, बरोटी वाला। यहां मैं अकेला नहीं था, तुम्हारे बीबी जी भी थे।

वहाँ बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि यहां एक संत रहता था, जब मैंने उनको निशानियां बताईं कि वहां एक वट का वृक्ष है, पास में एक कुआं था, रास्ता पहाड़ी को चढ़ता था। कहने लगे हां जी! वहाँ एक धूनी होती थी, वहाँ बहुत संत आते थे और उनकी भोजन पानी की सेवा एक बीबी करती थी। उसने सारी उम्र शादी नहीं करवाई थी। हमारे गांव में आज भी उसकी मान्यता है। हम उस बीबी को मानते हैं। अत: वह जन्म जो था, वह तो ऐसे ही बीत गया। न किसी को देना, न लेना, न कोई डेरा बनाना, न ही कोई लंगर चलाया, आ गया भोजन और खा लिया और बैठे रहते थे। एक कपीन पहनी होती थी, सिर पर जटाएं होती थीं, हमारे सामने धूनी जलती रहती थी। वही मुझे अब इस जन्म में नजर आती थी। महाराज जी ने देख लिया। जब मैं महाराज जी को पहली बार मिला, इससे पहले तो मैं मिलता ही नहीं था। वैसे मेरा प्यार उनके साथ बाल्यावस्था से ही था। हमारे यहां बहुत से संत आते थे। उनके संस्कार हमारे ऊपर पड़ते थे। क्योंकि दुनियां में ख्याल चलते हैं। उस समय महाराज जी की शारीरिक आयु बहुत कम थी, अभी जो सीनियर संत थे, वे यह मानने को तैयार नहीं थे, कि यह बहुत बड़ी रूह है। किसी-किसी ने उन्हें माना था, परन्तु वे भी बहुत तप वाले थे, आपने बहुत भारी तपस्या की थी। जब मैं उनको मिला, तो उस समय भी भ्रम में ही पड़ा रहा। दूर से ही दर्शन कर लिये, और सोचा कि पास में जाकर क्या दर्शन करने हैं। उस समय आयु छोटी थी, स्कूल से पढ़कर हटा था। मेरी माता जी को पता था कि यह भटक रहा है, संतों के पीछे। जब किसी के बारे में सुनता है, तो चुपके से घर से निकल जाता है। घरवाले मुझे कभी भी रोकते नहीं थे क्योंकि उन्हें पता था कि यह कोई भी बुरा काम नहीं करता। वे सोचते थे कि होगा किसी संत के पीछे, कीर्तन सुन रहा होगा, बैठा होगा कहीं आँखें बंद करके। वे मेरी ओर से बेफिक्र थे। मेरे पिता जी मुझे कहते थे कि यदि तुम मेरे पुत्र न होते तो मैं प्रतिदिनि तुम्हें माथा टेकता। मैं इन बातों का कभी कोई ध्यान नहीं करता था। मैं सोचता था कि यह तो ऐसे ही बात है। अत: मेरी माता जी इस बात का ध्यान रखते थे कि इसे कोई पूरा संत मिल जाये तो अच्छा है। अभी तक तो यह ऐसे ही संतों के पिछे फिर रहा है। कभी वहां चला गया, उसके वचन सुन लिये, कभी किसी का कीर्तन सुन लिया। सारी-सारी रात सुनता रहता है। माघ के महीने में वे मुझे राड़ा साहिब ले गये, जब महाराज जी ढक्की से आ गये थे। हम ढक्की में पहले भी कीर्तन सुनने जाते थे। परन्तु पास होने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ था। दूर से ही कीर्तन सुनते थे। कुछ बात यह भी थी कि महाराज कम ही किसी को मिलते थे, वे ज्यादा किसी को मिलते ही नहीं थे।

अत: जिस समय माता जी अन्दर गए, मैं बाहर ही खड़ा रहा, वे फिर से आए और कहा, आ जा सन्त जी के दर्शन कर ले। मैंने कहा कि वे जब यहां से जा रहे थे, मैंने दर्शन कर लिये। वह फिर उठ कर आए और कहा कि तुम उनके सामने चलो। तीसरी बार तो उन्होंने मेरी बाजू पकड़ ली, वे बहुत तगड़ी थीं, जमींदारों की बेटी थी, पूरी बोरी तक वे उठा लेती थीं। उनके सामने मेरी ताकत नहीं थी। उन्होंने मुझे झटका मारा, वहां एक दीवार में एक मोरी थी, मेरा हाथ उस पर पड़ गया, उन्होंने फिर झटका मारा, तो मैं खींचा न गया, फिर झटक कर कहा कि देखो तो कितना जोर है! मेरा हाथ छुड़ा दिया और कहा सीधे हो कर चलो। संतों के दर्शन कर। इतना कहने तक ही मेरी भावना बन गई, बाहर से अन्दर जाने तक मेरे मन में बात तो कोई नहीं थी, परन्तु मैं ऐसे ही मिलता नहीं था। मुझे साधु बहुत मिल चुके थे, बड़े-बड़े मिल चुके थे, भाई रणधीर सिंह जी जैसे। उनसे भी मैं कई बार प्यार ले चुका था। उनके साथ मैंने कीर्तन भी किया, जब मैं दसवीं में पढ़ता था, ऐसे महात्मा आते रहते थे। उस समय के जो गुरसिक्ख थे, वे भी पूरे महात्मा थे। वे वेषधारी नहीं थे, परन्तु वे थे साधू। मेरा कई बार मन करता था कि मैं वह बातें लिखूँ, वह समय तो अब बीत ही गया है, जब आम सिक्ख भी साधूजन ही होते थे। इस तरह से महाराज जी के पास मुझे कोई आवश्यकता नहीं थी, कोई पूछने वाली बात मेरे पास नहीं थी।

जब मैं महाराज जी के पास गया तो उन्होंने एक क्षण में ही सारी बात देख ली। कहा कि तुम कौन हो? यह बात सुनकर मैं चुप कर गया। एक मिनट खड़ा रहा, संगत बोलती रही। कहने लगी कि बेटा! बताओ, तुम्हें पूछा है कि तुम कौन हो? महाराज कहने लगे, तुमने बताया नहीं? मैंने कहा, बताता हूँ जी। एक मिनट फिर से बीत गया। काफी समय होता है, यदि एक मिनट खड़े रहो। उसके बाद तीसरा मिनट आ गया। जब महाराज जी ने फिर से कहा कि बताया नहीं? तो संगत हँसने लग गई कि लो इस लड़के को बताना नहीं आता कि मैं कौन हूँ। महाराज जी ने कहा खामोश! तुम्हें नहीं पता कि क्या बात हो रही है? दसवीं पास किए हुए मुझे थोड़े दिन ही हुए थे। आवारा घूमते को, आवारा मतलब कि मैं जहां



सन्त महाराज जी तथा सन्त माता जी 'एक अविस्मरनीय स्मृति'

सिंह था। महापुरुषों ने इस बात पर बहुत ध्यान दिया। अभी मुझे वह नहीं दिखा था जो बरोटी वाले जन्म की घटना थी। यह तो मुझे बहुत देर बाद की आयु में आकर पता चला था। मैंने कहा महाराज उस से आगे फिर चलो, मेरा उससे पहले कोई और जन्म था, उससे पहले और था। मैंने कहा कि जैसे कुएं की जगत पर बाँधी रस्सी को गांठ आ जाती है, और जहाँ गांठ आ जाती है, वहां मुझे लगता है कि किसी दिन मेरा अस्तित्व कायम हुआ है। मैं उस दिन कुछ बना था। महाराज कहने लगे, बैठ जाओ। बस इतनी ही बात उन्होंने सुनी थी, 45 मिनट उन्होंने भी नेत्र नहीं खोले और न ही मैंने। 45 मिनट बाद बोले कि नेत्र खोलो! कहने लगे इसे कोई बता नहीं सकता। परन्तु ज्ञानवान लोगों ने इसे आत्मा कह दिया। जहाँ की आपने बात की है न, यह बहुत बड़े ज्ञान की बात है। साधु बताते नहीं होते। क्योंकि कोई अधिकारी नहीं होता। कहने लगे कि जहाँ तुम बताते हो कि मैं पहले दिन बना हूँ, उससे पहले भी पता है कि तुम थे। मैंने कहा कि महाराज था तो सही, लेकिन मुझे पता नहीं। परन्तु जो मैं बना हूँ, वह जरूर कुछ था। वहीं घूमते-घूमते जो बना हूँ, इसे वरियाम सिंह कहते हैं। महाराज जी कहने लगे कि जहाँ की तुमने बात की है, उसे ही जीवात्मा कहते हैं। साथ ही वहाँ जो संगत बैठी थी, उन्हें कहा कि आज से पहले तो सभी विधवाओं से ही मेल हुआ है, आज एक सुहागिन से मेल हुआ है। अभी मैं छोटा ही था, अभी मेरे चेहरे पर दाढ़ी नहीं आई थी। वे कुछ शब्द थे महाराज जी के जो मुझे काट गए। काट इस तरह गये कि इससे आगे भी मुझे उन्होंने कुछ वचन कह दिये। वे कहने लगे कि तुम इससे आगे एक कदम और चल पड़ो। तुम्हारा सिर्फ एक और बाकी रहता है। वह कदम उठा लो। यह जीव वाली बात से उतर आओ, तुम जीव नहीं हो। जीव इसलिये बने हो, क्योंकि तुम आत्मा हो। कभी भी तुम्हारी मृत्यु नहीं होगी। कभी तुम जन्मे नहीं हो, कभी तुमने कुछ किया नहीं, यह तो खेल है, आदेश के अन्दर ही जीवात्माएं खेल कर रही हैं।

उस के बाद मैं घर से चला गया, छः महीने किसी को नहीं मिला। क्योंकि मुझे अपना प्यार मिल गया था। मैं ऐसे ही नहीं कि दिखावा करूँ। परन्तु मैं अकेला बहुत रोता था। महराज जी ने राड़ा साहिब बुला लिया। जो वहाँ सिक्ख रहते थे, उन्होंने कहा कि महाराज! यह कीर्तन भी अच्छा करता है, पाठ भी बहुत अच्छा करता है, परन्तु हमें एक बात नहीं पता चलती कि ये रोता बहुत है उस समय राड़ा साहिब में झाड़ियां बहुत

दिल करता था, वहाँ चला जाता था। जहाँ दिल करता ठहर जाता था, मुझे कोई रोकता नहीं था। या तो मैं किसी गुरुद्वारे में ठहरता था, या फिर साधु के पास रहकर वहां कीर्थन सुनता रहता था, भजन पर बैठा रहता था। मुझे कोई पूर्ण साधू नहीं मिला था, जिसे मैं स्वयं को सौंप दूँ। क्योंकि मेरे अन्दर तर्क था, परख थी कि साधू कैसा होता है नहीं। मेरा नामधारी संतों के साथ भी काफी मेल-जोल रहा। नामधारियों के संत तो बहुत नाम जपते थे, सचमुच ही जपते थे। उनका भी असर मुझ पर था। महाराज से पूछने की बात ही नहीं थी, कि मेरे से क्या पूछा जाए? महाराज जी ने प्रश्न कर दिया। तीन मिनट बीत गये, महाराज जी कहने लगे बताते नहीं हो? मैंने कहा, जी! मुझे बताना नहीं आता। उन्हें पता चल गया और कहने लगे कि अच्छा बताओ कैसे नहीं बताना आता? आप हैरान होंगे कि ये कोई सयाने आदमी की बातें नहीं हैं। यह तो मूर्ख आदमी की बातें हैं। मैं इसीलिये कहता हूँ कि मुझे संसार का ज्ञान नहीं है। पता ही नहीं है कि यहाँ पर मेरा नुक्सान हो जायेगा, यहाँ पर कोई मुझे धोखा दे देगा अथवा कोई मुझे पकड़ा देगा। पता ही नहीं है इन बातों का।

इस तरह से महाराज जी फिर से कहने लगे कि, कैसे नहीं बताना आता? मैंने कहा, जी ऐसे नहीं आता कि पहले तो मैं नाम बताने लगा था, इतने में मेरे अन्दर दो तीन प्रश्न हो गये, कि मैं यदि कहूँ कि दरवाजा बन्द है और फिर तो मैं अपना नाम बताऊँ। यदि अंधेरा होता तो मैं कहता कि जी मैं लड़का हूँ। यदि मैं पंक्ति में बैठता तो अपनी जाति बताता। क्योंकि उन दिनों में जाति-पाति का चलन बहुत था। मैंने कहा कि ये तीनों बातें तो हैं नहीं। कहने लगे, फिर? फिर मैंने कहा महाराज! मैं अपना नाम बताने लगा, मेरे मुँह से निकल गया कि मेरा नाम पिछले जन्म में हरनाम

होती थीं। यह जब भी वहाँ झाड़ियों में जाता है तो रोता बहुत है। मैं ईश्वर को मिलने के लिये नहीं रोता था, मैं तो महापुरुषों के प्यार के कारण रोता था। क्योंकि मैं एक क्षण के लिये भी अलग नहीं होना चाहता था। उन्होंने मुझे बहुत प्यार दिया, जी भर कर प्यार दिया। उन्हें यह भी पता था कि या एक अच्छा गृहस्थी नहीं है। न ही यह बाल बच्चों की परवाह करेगा, न ही यह मां-बाप, न अपने जीवन, न किसी और की यह परवाह करेगा। यह तो बस अपनी ही धुन में रहेगा। जब तक महाराज जी का शरीर रहा उन्होंने ही मेरी सांसारिक जिम्मेवारी अपने ऊपर रखी, यदि कोई बात हो जाती थी तो वे मुझे बहुत नाराज होते थे। बच्चों का सब कुछ उन्होंने स्वयं ही किया। बीजी का सत्कार लोग करते थे।

मैं और महराज जी एक जगह जा रहे थे, क्योंकि मुझे साथ ही रखते थे। मैं अलग रहता ही नहीं था, रोने लग जाता था, जैसे बच्चे रोते हैं। जो वहाँ प्रेमीजन रहते थे, उन्हें भी कहा हुआ था कि कोई रोकना मत, इसे आने देना है। नहीं तो यहीं घंटों बैठे रोते रहेगा। जब भी यह आए तो दरवाजा खोल दिया करो। फिर मुझे स्वयं आकर बता कर गये थे कि यहां चाभी होती है, ऐसे हाथ डाल कर चाभी निकाल कर, स्वयं खोल कर, हमारे पास सीधा आ जाया कर। चाहे हम स्नान कर रहे हों, चाहे भोजन ग्रहण कर रहे हों, तुम्हें इससे कोई मतलब नहीं। इस तरह से उन्होंने मुझे बहुत प्यार दिया। प्यार की जिन्दगी शुरू हो गई, प्यार से वैराग्य आया, प्यार से संसार की बातें खत्म हो गईं। सालों तक मैं सिर्फ एक रोटी खाकर समाधि में जोकि बिना किसी ध्यान की होती है, लीन रहा। सिन्ध में भी ऐसे ही रहा। लेकिन अन्दर से मुझे एक अनुभव हुआ कि सिंध में भी लोगों को सिक्खी का पता नहीं है, वहां भी मैंने सिक्खी का स्वरूप कायम किया। वहां सिंधी लोगों ने तुम्हारे बीबी जी को भी बुला लिया। फिर बीबी जी ने भी औरतों को वाणी पढ़ानी आरम्भ कर दी। वह कुछ और तरह का जीवन था। संतों जैसे जीवन नहीं था, जैसे संत होते हैं।

मैं तुम्हें एक बात बताता हूँ। वहीं से आप अन्दाजा लगा लोगे। वे लोग ईख की गुड़ाई कर रहे थे। मैंने सोचा मैं भी खाली हूँ, मैं भी उनके साथ ईख की गुड़ाई करने लग गया। वे कहने लगे नहीं जी नहीं आप मत करो। ये जो मजदूर हैं, मजदूरी लेते हैं उन्होंने लगाने हैं। मैंने कहा आप, मुझे भी मजदूरी देना। मैं भी ले लूँगा मेरे पास कौन सा पैसा है? परन्तु वह मजदूरी पैसे की नहीं है, कहने लगे वह क्या है? मैंने कहा कि आज मैंने तुम्हारे साथ गुड़ाई करके, जपुजी साहिब याद करवाना है। पाँच पद याद करवाऊँगा और मैंने अपनी क्यारी बीच वाली रख ली। वहाँ से ही मैंने शुरू कर दिया '१ओंकार सतिनाम' याद करो। मैंने वहाँ जाकर सुन लेना है। क्यारियाँ लम्बी थीं। वहां तक पहुँचते-पहुंचते पहले पद तक पहुँच गये। किसी को पूरा याद हो गया, किसी को आधा। इस तरह मैंने दो दिन में पाँच-पाँच पद याद करवा दिये। यह मेरी मजदूरी थी कि बाणी याद करवानी है। फिर यह था कि अमृतपान करवाना है। शराब पीते थे, शराब का मुझे पता था कि बहुत नुकसान होगा, क्योंकि ये लोग नये नये फार्मर आए हैं, और पुलिस इन्हें खींचती फिरेगी। मैंने फिर से कमर कस ली और 60 मील के अन्दर-अन्दर शराब छुड़ा दी। वे इतनी प्रेमी हो गये थे कि जब मैं वहाँ से चला क्योंकि मैं वहाँ काफी समय तक रहा, तब महाराज जी का पत्र आ गया। लिखा था कि चाहे पत्र दिन को मिले या रात को, यदि शाम को मिले तो वहां सूरज नहीं छिपने देना, बस चल पड़ना है। चार बजे मुझे पत्र मिला, मैंने सभी को बुलाया और कहा कि मुझे निमन्त्रण आ गया है। अब मैं सूरज नहीं छिपा सकता, मैंने अब जाना है। वे सब कहने लगे कि अब शाम के समय कैसे जाओगे? अब तो कोई गाड़ी भी नहीं मिलेगी। मैंने कहा कि नहीं। मैं आपकी जो सीमा है, वहां रात काट लूँगा। आदेश बहुत सख्त है, मेरे गुरू का। जब मैं चलने लगा, तो सारा इलाका इकट्ठा हो गया, जो बुजुर्ग थे वे सभी मेरे आगे लेट गये, ऊँचा-ऊँचा रोते हैं, और कहने लगे कि हमारे ऊपर को हो चले जाओ। मैं मजबूर था कि मैंने तो जाना ही जाना है। महापुरुषों का आदेश था। वहाँ से मैं बहुत मुश्किल से आया। जितने वे रोते थे, उससे कहीं ज्यादा मैं रोता था। यानि कि हमरा बिछुड़ने वाला काम नहीं था, हमारा जीवन तो प्यार वाला था। सब प्यार में ही रहते थे। वे सभी भी प्यार में मस्त थे। वहां चार मील पर एक झोंपड़ी थी, वहां रात काट कर मैं महाराज जी के पास आ गया।

मैं तुम्हें एक बात बता देता हूँ आपकी बीजी की। मैं कराची गया वहाँ मुझे दो चीजें बहुत पसंद आईं। एक बैड-कवर था और एक कश्मीरी शाल थी। मैं उन दोनों चीजें खरीद कर ले आया। कयोंकि मैंने कपास बोई हुई थी, मैं थोड़ा बहुत काम भी करता रहता। वे दोनों चीजें जब मैंने तुम्हारे बीजी को दीं, तो इसने जब खोलकर देखीं तो मन में ख्याल आया और कहा कि ये हमारे उपयोग में लाने की चीजें नहीं हैं। ये तो हम महाराज के लिये लेकर चलते हैं। उसी समय इन्होंने इनकी तह लगा कर उनको सम्भाल कर रख दिया। उनका उपयोग नहीं किया क्योंकि प्यार तो एक जैसा ही था। ये भी बहुत प्यार करते थे महाराज जी को। क्योंकि मायके घर में ये बहुत बड़े महापुरुष की बेटी थीं, इसलिये इनके संस्कार भी वैसे ही थे। जब महराज जी के पास गये तो महाराज जी उठकर खड़े हो गये, कहने लगे कि यह तो हमारे पलंग पर बिछा दो। सर्दियां शुरू हो गईं थीं इसलिये शाल अपने ऊपर ले ली। उसे देख कर दूसरे अमीर लोगों ने बहुत चादरें भेंट कीं। सब ऐसे ही पड़ी रह गईं। महाराज जी ने किसी का बिछाया नहीं। इस प्रकार यह भी महाराज जी को बहुत प्यार करती थीं।

उस प्यार का मैंने जीवन भर आनंद उठाया। गल्तियां भी कीं, मैं कई बार महाराज जी के साथ नाराज भी हुआ, परन्तु उन्होंने मुझे नहीं छोड़ा। मुझे फिर से सम्भाल लेते थे।

आखिर वह दिन आ गया मैं बाजार में चला जा रहा था, खुशी-खुशी बातें करते आ रहे हैं। इतने में मुझे अखबार मिला तो उसमें लिखा हुआ था कि महाराज जी इंग्लैंड में स्वर्ग सिधार गये हैं। उस दिन को मैं भूल नहीं सकता। मैंने कहा कि यहां कोई और अखबार नहीं है, इस पर तो बिल्कुल गलत लिखा हुआ है। मैं नहीं मानता। मुझे कहने लगे, भाई जी! महाराज जी, सचमुच में चले गये हैं। मैं पूरा एक वर्ष रोता रहा। मैं अकेले ही होता रहता, कीर्तन करता, तब भी रोता। ऐसे ही एक वर्ष बीत गया रोते-रोते। उसके बाद महंपुरुषों ने कहा कि तुम रोया मत करो, हम कहीं नहीं गये हैं। हमारी संगत में हमें ही देखना। जब मुझे यह बात कही



सन्त महाराज जी – आत्म मार्ग कार्यालय में 'एक अविस्मरनीय स्मृति'

*ओइ जीवंदे विछुड़हि ओइ मुइआ न जाही छोड़ि ॥*
*अंग – 1102*

वे शरीर का परित्याग करने के बाद भी कहीं नहीं जाते हैं। इसलिए ठीक है, मैंने आपके प्यार को जिया है। आप लोग कहते हो कि मैंने प्यार बांटा है, लेकिन प्यार मैंने नहीं बांटा बल्कि आपने मुझे प्यार दिया है। मैं तो बिल्कुल खाली हूँ, परन्तु मेरे अन्दर द्वैत भावना बिल्कुल भी नहीं है, चाहे कोई छोटा बच्चा है, अथवा कोई बड़ा है, चाहे किसी ने कितनी ही बड़ी गल्ती कर ली है, चाहे इस प्रकार की भी गलती कर ली हो, जिसे कभी माफ नहीं किया जा सकता है, परन्तु मेरी दृष्टि में कोई बुरा नहीं है। बाकी यह सब प्रकृति का खेल हो रहा है, इसमें कई लोग अच्छे होते हैं, कई बुरे होते हैं। वाहिगुरू जी ने सबको अपने-अपने रोल दिए हुए हैं। कई लोग अच्छे होते हैं, तो दूसरी तरफ कुछ लोग घटिया भी होते हैं। बुरा व्यक्ति सदैव ही बुरा नहीं रहता है। उतार चढ़ाव तो जिन्दगी में आते ही रहते हैं।

*कबहू जीअड़ा ऊभि चड़तु है कबहू जाइ पइआले ॥*
*लोभी जीअड़ा थिरु न रहतु है चारे कुंडा भाले ॥ अंग – 876*

इसके अलावा जहाँ तक रहने का सवाल है, तो इस संसार में कोई भी सदा के लिए नहीं रहा करता है। यथा–

*जे सौ वरिआं जीवणा भी तन होसी खेह। अंग – 1380*

बाकी बहुत कुछ शारीरिक दशा पर भी ऊपर निर्भर करता है। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि मैं यहां दुनिया से ऊब गया हूँ। आप लोग मुझे बहुत प्यार देते हैं। प्रत्येक स्थान पर प्यार है, इस प्रकार का वातावरण है कि ऐसे समझ लो मानो बड़ी-बड़ी कोठियों को छोड़कर, किसी टूटे-फूटे छप्पर में जाना हो? यह मैं सोचता व अनुभव करता हूँ कि आप सबके मन में बहुत अधिक प्यार है। इस प्यार को अलविदा कहना बहुत कठिन प्रतीत होता है। परन्तु इसकी तुलना, जब मैं उस (पारलौकिक) प्यार से करता हूँ, तब वह मुझे बहुत भारी प्रतीत होता है। बाकी मैं अकेला तो हूँ नहीं, मेरा कोई मालिक भी है जो अभी नहीं चाहता है कि मैं यहाँ से जाऊं। मेरी आयु सत्तर वर्ष की लिखी हुई थी, उसके बाद बीमार हो गया, लीज मिल गई, दिल की तकलीफ हो गई, पुनः लीज मिल गई। उसके बाद बाईपास सर्जरी हुई, गले में कैंसर हो गया, हारपीज हो गई, जिसे जनेऊ कहते हैं। जो कुछ होना है होता रहे। मुझे जाने से तो डर नहीं लगता है।

आप लोग आज के दिन की बहुत खुशियां मनाते हो। ठीक है, पहले तो मैं मानता नहीं था, लेकिन अब मैंने मान लिया है कि इन सबका यह फर्ज ही है क्योंकि इन्हें इस शरीर से सुख मिला है तो इन लोगों ने इन तारीखों को गिनना ही है। यदि मैं कहूँगा कि तुम यह सब मत करो तब भी ये नहीं हटेंगे। यदि मैं यह कहूँ कि मैं जन्म नहीं लेता हूँ और न ही मरता हूँ तो ये सब ज्ञान की बातें हुआ करती हैं, असली नहीं हुआ करती हैं। प्रायोगिक रूप से बिछोड़े को सहन करना बहुत कठिन है –

तो मुझे प्रतीत हुआ कि वे तो कहीं गये ही नहीं है। अब मैं जिस बात पर आया हूँ, वह यह है कि एक ओर तो आप संगत का प्यार है, जब मैं इसे तोलता हूँ तो मैं अनुभव करता हूँ कि इसे छोड़ना बहुत मुश्किल है, क्योंकि आगे जहाँ जाना है, वहाँ मेरा कोई वाकिफ नहीं है। वहाँ कोई जगह भी नहीं बनाई, कोई ऐसे कार्य भी नहीं किये जिसका मैं बदला ले लूँ। जितने कार्य किये हैं, वे तो मैं प्रतिदिन गुरू को अर्पित कर देता हूँ। जो यहाँ प्रचार हुआ है, सिंध में हुआ है, यू. पी. में हुआ है, और कहीं भी किया है, वह मैंने अपने पास कुछ नहीं रखा है, सब गुरू को दे दिया है। जैसे एक ईमानदार बच्चा अपनी कमाई, अपने मां बाप को सौंप देता है। इसी तरह से मैंने सारे जीवन के जो भी नेक कार्य किये हैं, गुरवाणी पढ़ी है, पाठ किये हैं, सब आप की नजर में हैं। वह मैंने स्वयं के पास कुछ नहीं रखा है, वह सब मैंने महापुरुषों के खजाने में जमा कर दिए हैं।

इसलिए नहीं जमा करवाए कि मुझे फिर इसका बदला मिले। नहीं, बिल्कुल नहीं। मैंने इसे पूर्णतः छोड़ दिया है। जब मैंने उसे छोड़ ही दिया है तो फिर अब वहां पर मेरे पास तो बचा नहीं है, जिसका मैं हौंसला रखूं कि मैं बहुत मालामाल होकर जा रहा हूँ। इसके विपरीत मैं तो बिल्कुल खाली हाथ ही जा रहा हूँ। मेरे पास तो कुछ भी नहीं है। लेकिन मुझे एक विश्वास है कि वहाँ पर चाहे मेरा कोई जानकार है अथवा नहीं लेकिन एक मेरा सज्जन अवश्य है, जिसने मुझे बिछुड़ने नहीं देना हा। बस मुझे वास्तविक प्यार उसी 'एक' ने देना है और किसी से मैं कोई उम्मीद ही नहीं रखता हूँ क्योंकि मैंने दूसरा कोई बनाया ही नहीं है। मैंने तो एक सज्जन ही बनाया है, उस एक को ही अपना सब कुछ समझा है। यह दुनिया भी बड़ी सुन्दर लगती है, इसे छोड़ने के लिए भी मन नहीं कर रहा है, दूसरी तरफ कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता है, बस एक महापुरुष ही नजर आ रहे हैं, उन्हीं के ऊपर मुझे भरोसा है, कि उन्होंने मुझे संभाल लेना है। दूसरी बात जो गुरू साहिब कहते हैं वह यह है कि –

*जिसु पिआरे सिउ नेहु तिसु आगै मरि चलीऐ ॥*
*ध्रिगु जीवणु संसारि ता कै पाछै जीवणा ॥* *अंग – 83*

इस प्रकार अब जाना तो है ही। अब 82 वर्ष पूरे हो चुके हैं। 83वां आ गया है, वाहिगुरू की मर्जी है कि वह कितना समय और लीज देता है, वे कितना स्वास्थ्य प्रदान करते हैं। क्या जाने कोई कर्म भोगने से रह गया हो। हो सकता है वह उसे भी भुक्ता कर मिटाना चाहता हो, यह सब उसकी मर्जी है। मैं तुम लोगों के साथ बेरुखी नहीं करता हूँ, कि मैं यहाँ से चला जाऊँ न ही मैं इस प्रकार का संकल्प ही करता हूँ। क्योंकि आप लोगों जैसी संगत किसे मिलती है? यह तो बहुत अधिक ऊँचे भाग्य हों तभी इस प्रकार की संगत प्राप्त हुआ करती है। छोटे से छोटा बच्चा भी मुझे प्यार करता है। प्यार के जीवन में हम लोग रहते हैं। प्यार के जीवन में रहते हुए किसी का भी मन नहीं करता है, कि वह यहाँ से चले जाए। ठंडी कोठियों को छोड़कर कौन चाहता है कि वह झोंपड़ियों व टीनों की शेड में चले जाए? परन्तु यह सब हुक्म का खेल है। बाकी आप लोगों का जो सान्निध्य प्राप्त हुआ है, यह तो संयोगों की ही बात है। यदि मैं सिन्धु प्रदेश में गया , उस समय मेरे अभी दाढ़ी भी नहीं आई थी, उसी समय से मैंने प्रचार शुरू किया हुआ है। जब गांव में था तो गांव में हमारे घर को 'सिक्खों का घर' कहते थे। उस समय कोई विरले-विरले ही सिक्ख हुआ करते थे। यदि कोई पूछता था तो लोग कहा करते थे कि यह सिक्खों का लड़का है। हम लोग घर-घर जाकर कीर्तन भी किया करते थे। बचपन से ही हमने यह सब शुरू कर लिया था। जब मैं सिन्धु में गया तो वहाँ पर विधिवत् रूप से प्रचार शुरू कर लिया था। वहाँ पर मैं कोई वेतन वगैरह नहीं लिया करता था। वहाँ मैंने चार एकड़ कपास बो दी थी। इसी से गुजारा चल जाता था। बहुत अधिक खर्चे उस समय नहीं हुआ करते थे। उसके बाद मुझे महाराज जी ( सन्त ईशर सिंह महाराज जी ) ने बुला लिया। उन्होंने मुझे दिल्ली भेज दिया। छः महीने मैं वहाँ पर रहा। उसके बाद राड़ा साहिब वाले महापुरुषों के पास आ गए उस समय बहुत बड़े टिब्बे हुआ करते थे। महाराज जी मुझे अपने साथ रखा करते थे। वे अपना गड़वा ( जल पात्र ) मुझे ही पकड़ाया करते थे। वे वचन करते रहते थे, बातें मुझे भी बहुत सी आती थीं। कभी मैं करता रहता था तो महाराज जी सुनते रहते थे और कभी वे अपने मुखारविन्द से वचन करने लगते थे तो मैं सुनता रहता परन्तु मुझे वे कहते नहीं थे कि तुम बहुत बातें करते हो। एक ज्ञानी मेहर सिंह थे, वे भी बहुत बातें किया करते थे। एक दिन महाराज जी एकदम मेरे सामने खड़े हो गए। उनके पास एक छड़ी थी, जिसे थोड़ी सी चौड़ी करके उस पर बैठ भी जाया करते थे। मैं हैरान हो गया कि महाराज जी मेरे सामने क्यों खड़े हो गए हैं? मैंने कहा महाराज जी क्या बात है? आप जी कहने लगे, एक बात बताओ कि आग कितनी तेज होती है? मैंने कहा महाराज जी! बहुत तेज। फिर कहने लगे, क्या कोई पिता अपने पुत्र को आग में गिराता है? मैंने कहा, महाराज जी! आग में गिरे हुए पुत्र को यदि पिता चाहे तो वह निकाल कर ला सकता है। महाराज जी बोले, बस यही बात है, मैं तुम्हें आग में फेंकने लगा हूँ। वह बात मेरी समझ में ही नहीं आई कि आग में क्या फेंकना है? आग में फेंकना है तो फेंक दे यह उनकी मर्जी है। मैंने कहा महाराज जी! मुझे समझा दीजिए। वे कहने लगे, तुम गृहस्थ के योग्य नहीं थे, लेकिन तुम्हारे कर्म अभी शेष हैं, इसलिए तुम उन्हें हमारे रहते हुए भोग लो। बाद में न जाने तुम्हें कोई साधू मिले या न मिले। मैंने तो चले जाना है। मैंने दोबारा तो आना नहीं है। तुम हमारे रहते हुए सारे कर्मों को भोग लो। मैं रोने लग पड़ा। मुझे पता चल चुका था कि महाराज जी मुझे अब घर भेजेंगे। कहने लगे, तम रोओ मत, हम तुम्हारी मदद करेंगे, लेकिन –

*भोगे बिन भागे नहीं करमगती बलवान।*

कर्मगति इतनी बलवान है, कि यह तुम्हें भोगनी ही पड़ेगी। कुछ जीवों ने आना है, गृहस्थ का जीवन, लेना-देना, भाईचारे के साथ व्यवहार, ये सब तुम्हारे कार्य शेष रहते हैं। इसलिए उन्हें तुम अब भोग लो। तुम हौंसला रखो। जब तक हमारा शरीर है, तब तक हम तुम्हें कोई मुश्किल नहीं होने देंगे। उन्होंने जो वचन कहा था वह पूर्णतः ठीक था। वह कर्म जो भोगने थे, वह मुझे पता हैं कि कौन से कर्मों को मैं अब भोग रहा हूँ लेकिन मेरा नुक्सान बहुत हुआ है। नुक्सान यह हुआ है कि मुझे जीवन की जो अदाकारी मिली वह बहुत टेढ़ी-मेढ़ी थी। यदि मैं बिना रोजगार के चला तो मैंने कभी पाठ वगैरह का किसी से कोई पैसा नहीं लिया। पाठ मुझे बहुत बढ़िया आता है। उसके द्वारा मैं पाठ कर सकता था। इन बातों की तरफ मैंने कोई ध्यान नहीं दिया। यदि कोई मेरी प्रशंसा करता रहा तो मैंने उसका भी कोई ध्यान नहीं दिया, कभी किसी चीज का लालच नहीं किया, अन्य चीजों की दृष्टि से भी मैं निर्लेप रहा। सही इसलिए भी रहा क्योंकि मुझे यह पता चल गया था कि –

*काहे रे मन चितवहि उदमु*
*जा आहरि हरि जीउ परिआ ॥* *अंग – 10*

मुझे शत प्रतिशत विश्वास हो गया कि रोटी तो वाहिगुरू जी ने ही देनी है, वह स्वयं ही लेकर आएगा। किसी न किसी को भेजेगा ही। एक बार मैं एक गांव में चला गया। वहाँ पर मुझे एक तालाब बढ़िया लगा, उसके पास मैं बैठ गया ( भजन बन्दगी की दृष्टि से )। वहाँ पर एक कराह चलता था। जब दोपहर हो गया तो उसकी बेटी खाना लेकर आई। वह बोला, बेटी! कितने लोगों के लिए रोटी लाई हो? वह बोली, आज तीन लोगों के लिए रोटी लाई हूँ। अब दो तो वह लोग थे और तीसरा मैं बैठा था। उस लड़की की माँ को तो पता ही नहीं था कि तीसरा व्यक्ति भी कोई है। उस व्यक्ति का नाम उताभा सिंह था। वह अपने बेटे को बोला, गुरपाल! जाओ, उस लड़के को भी बुला लाओ। वह मेरे पास आकर कहने लगा, भैया जी! पिता जी बुला रहे हैं। मैं चला गया, वह बोला, बेटा! खाना खा लो। मैंने कहा, मैं इस प्रकार तो नहीं खाऊँगा। वह बोला, फिर कैसे खाओगे? मैंने कहा, फिर मुझसे कोई काम करवा लो अन्यथा मैं नहीं खाऊँगा। मैं कराह चलाना जानता हूँ, मुझसे कराह ही चलवा लो। मुझसे एक घंटा कराह चलवा लो। फिर मैं रोटी खा लूँगा। आठ पहरों के बाद मैं एक रोटी खाता हूँ। जितने दिन मैं यहाँ पर रहूँगा आप मुझसे प्रतिदिन एक घंटा काम करवा लिया करो और मुझे एक रोटी दे दिया करो। वह भी जिद करने

लग पड़ा आखिर हुआ यह कि मैंने कराह का मुट्ठा पकड़ लिया तथा उसे भरकर ले आया। वह कहने लगा देखो! लड़का कारीगर है, किस प्रकार से कराह को भर कर लाया है? वह कहने लगा, लो भाई, आ जाओ! तुम्हारा रोटी जितना काम हो गया है। मेरे मुँह से निकल गया कि मुझसे एक भला करवा लो। उस समय मेरे मुँह पर दाढ़ी नहीं आई थी। मेरी आयु 18-19 वर्ष की थी। वह बोला, मेरा भला तो कर दो परन्तु मैं शराब नहीं छोड़ूँगा। शराब तो मुझे गुढ़ती (बच्चे के जन्म के पश्चात प्रथम पेय पदार्थ) में मिली है। मैंने कहा बापू! मैं आपकी शराब तो अवश्य ही छुड़वऊँगा। वह कहने लगा, ठीक है, यदि छुड़वा सकते हो छुड़वा दो। फिर वह मुझसे कहने लगा, अब तुम पहले रोटी खा लो। मैं वहाँ पर एक महीने तक रहा। धीरे-धीरे मैंने उनके घर के सारे सदस्यों को गुरवाणी पढ़ने में लगा दिया। उनके घर की महिलाएं नसवार लिया करती थीं। इसी प्रकार वह थोड़ी सी शराब रोज गिरा देता था। जब थोड़ी सी रह गई तो वह रोने लग पड़ा तथा मेरी तरफ इशारा करके एवं शराब को सम्बोधन करते हुए कहने लगा, ये हमारे और तुम्हारे बीच दरार डालने वाला आ गया है। इसने मेरे और तुम्हारे प्यार को समाप्त कर दिया है तथा ऊँची आवाज में रोने लग पड़ा। उसने घुमा कर शराब की बोतल को फेंक डाला तथा कहने लग पड़ा, आज के बाद मेरा और तुम्हारा प्यार खत्म हो गया है। यह मैं एक उदाहरण बताता हूँ कि मैंने किसी उपदेश के द्वारा उसकी शराब नहीं छुड़वाई थी। इस प्रकार से मैं अपना जीवन गुजार रहा था।

इसके बाद मैं अपने गांव आ गया, वहाँ पर भी मैंने अपना वही काम शुरू कर लिया। जब मैंने फौज में सर्विस की तो वहाँ पर भी यही काम करता रहा। जब मैं सिविल में आ गया यानि कि 1957 में सेक्रेटरिएट को ज्वाइन किया तो वहाँ पर भी मैंने नौकरी करने का ढंग बताया कि किस प्रकार से नौकरी की जाती है। मेरे पास परचेज ब्रांच थी, जिसमें लाखों रुपयों का कमीशन मिलता ता। एक दिन की बात है कि एक ठेका किया गया, उसमें मैंने लिख दिया कि यह ठेका महंगा है। जब मैं लिख रहा था, तो ठेकेदार ने मेरी बांह पकड़ ली, कहने लगा जरा बाहर आना। जब मैं बाहर आया, तो वह मुझे तीन हजार रुपया देने लगा। तीन हजार को दो सौ से गुणा कर लो, छः लाख बन गया। वह बोला, यह ले लो परन्तु लिखो नहीं। मैंने कहा, हुक्म चन्द! लिखना तो मैंने अवश्य है क्योंकि मेरी तो यह ड्यूटी है। इतनी देर में लन्चब्रेक हो गई और मैं घर आ गया। वहाँ पर वह दस हजार रुपया लेकर आ गया। अधिकारी से छुट्टी करवा कर लेकर आया। उसके ऊपर मेरे हस्ताक्षर नहीं थे। केवल हस्ताक्षर करने के मुझे दस हजार रुपया मिल रहा था। वह बोला, मैं महालेखाकार तक पैसे दे चुका हूँ। लेकिन मैंने नहीं लिए। अर्थात मुझे माया गिरा नहीं सकी। मुझे बहुत समय बाद वही हुक्मचन्द ठेकेदार मिला तथा कहने लगा वरियाम सिंह! यदि तुम उस समय वह रकम ले लेते तो तुम आज कितने अमीर होते! और मैं कितना बड़ा ठेकेदार होता। इस प्रकार से मैंने पैसे नहीं लिए।



सन्त महाराज जी, तपोस्थान रतवाड़ा साहिब में समाधिस्थ अवस्था में

वहाँ पर मैंने बताया कि नौकरी किस प्रकार की जाती है। मैंने वहाँ पर दिन रात काम किया। इसके बाद मैं सिविल में आ गया। वहाँ पर भी मैंने बहुत काम किया। वहाँ पर जो मेरा अधिकारी था, वह कहने लगा, मैंने तुमसे बात करनी है। उसने मुझे कुर्सी पर बैठा लिया। वह कहने लगा, यह देखो तुम्हारी फाइलें धरती से लेकर यहाँ तक आ गई हैं। मेरे नीचे दो ब्रांचें और भी हैं, उनकी बस ये चार चार फाइलें पड़ी हैं। तुम अकेले सारा दिन काम करते रहते हो। तुम कोई शिकायत भी नहीं करते हो? तुम रोज के काम को रोज ही निपटा लेते हो, तुम्हारे पास बहुत काम है। मुझे पता चला है कि तुम चार बजे आते हो तथा ग्यारह बजे रात को वापिस घर जाते हो। मैंने कहा, भनोट साहिब! मैं एक बात बताऊँ? आप लोगों के यहां गिरजाघर होता है न? वह बोला, हाँ? मैंने कहा, हमारे यहां गुरुद्वारा होता है। एक गुरुद्वारा तो वह होता है जिसे हम बनाते हैं, लेकिन एक गुरुद्वारे के बारे में हमें गुरू ने बताया है। वह गुरुद्वारा हमारा दिल्ली से लेकर यमुना के साथ साथ तिब्बत तक चले जाओ और इधर पाकिस्तान तक है, उधर फिर दिल्ली के नीचे हरियाणा के महिन्दरगढ़

तक, इतना बड़ा हमारा गुरुद्वारा है। मेरे पास प्राकृतिक आपदाओं का विभाग है। यदि मेरे होते हुए एक बाँध भी टूट गया, एक व्यक्ति भी बह गया, किसी की खेती खराब हो गई, किसी के पशु बह गए तो फिर मेरे द्वारा किया गया जपुजी साहिब का पाठ, क्या महत्व रखेगा? फिर मेरे भजन का क्या लाभ होगा? इसलिए मेरा भजन तो अब यही है जिसमें मैं प्रातः चार बजे लग जाता हूँ और रात के ग्यारह बजे तभी जाता हूँ जबकि मेरी तसल्ली हो जाती है कि अब सब ठीक ठाक है। वह हैरान हो गया कि तुम इतनी बड़ी सोच रखते हो? मैंने कहा मेरे गुरू ने मुझे यह बताया है कि -

*इहु जगु सचे की कोठड़ी सचे का विचि वासु ॥ अंग - 463*

यह सारा संसार ही सच्चे (परमेश्वर) की कोठी है। यह सारा ही वाहिगुरू जी का गुरूद्वारा है और मैं इसकी सेवा करता हूँ। उसने सरकार को पत्र लिख दिया और मेरे पास पत्र आ गया कि सरकार तुम्हारे 1958 के काम की प्रशंसा करती है। तुमने कोई गलती नहीं होने दी। फस्वरूप कोई धन व जन की हानि नहीं हुई। उसने मेरे अकेली सीट की दो ब्रांचें बना दीं। इस प्रकार मैंने वहाँ पर यह करके दिखलाया कि यदि नौकरी करनी है तो इस प्रकार करनी चाहिए। यदि मुझे वाहिगुरू जी ने जमीन दी और मैंने खेती की तो मैंने यह निर्धारित कर रखा था कि इतने कुन्तल से कम फसल नहीं होनी चाहिए। तुम्हारे बीजी मेरे साथ लगे रहते थे। मुझे आकर बताया करते थे कि अमुक स्थान पर पानी खड़ा है। मुझे बिना बताए हुए ही वे नौकरों को साथ लेकर व बाल्टियां लेकर पहुँच जाते थे। वे कहीं भी पानी को खड़ा नहीं होने देते थे। वे कहते थे कि पानी वाले स्थान पर गेहूँ कमजोर पड़ जाएगी। इसलिए खेती भी हमने बहुत अच्छे ढंग से की। लोग हैरान थे कि यह सत्संग भी करता है तथा खेती भी अव्वल दर्जे की करता है। उसके बाद मैं यहाँ पर आ गया तथा यहाँ के गांवों का हालचाल देखा। यहाँ पर गावों का हाल बहुत ही दयनीय था। मेरे पास धन की कोई कमी नहीं थी। मैंने सलाह की कि गोदाम ले लेते हैं, जिसका 65 हजार रुपया महीने का किराया आया करेगा और उस पैसे से गुरवाणी का प्रचार करेंगे, ट्रक वगैरह ले लेते हैं, उसके अन्दर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब का प्रकाश कर लेते हैं, बाकी लोगों को (प्रचारार्थ) मैं तनख्वाह पर रख लूँगा, फिर मैंने यह देख लिया कि गोदामों वाला काम मुझसे नहीं चलेगा। वैसे गोदामों वाली स्वीकृति मुझे भारत सरकार की ओर से मिल गई थी। 65 हजार रुपया किराया था। इसमें से 13 हजार प्रतिमाह मुझे मिलना था तथा 52 हजार की किश्त उन्होंने कर्जे की काटनी थी। मैंने



ट्रस्ट के संस्थापक महापुरुष 'गुरू गोबिन्द सिंह विद्या मन्दिर रतवाड़ा साहिब' के विद्यार्थियों को अपने प्रवचनों द्वारा श्शार करते हुए

फिर निर्णय लिया कि इस कार्य को भी छोड़ो। बिन मतलब, एक ख्याल सा बना रहेगा जबकि मैं तो गुरवाणी के प्रचार में रात दिन एक करना चाहता हूँ। ये गांवों के लोग तो गुरवाणी की दृष्टि से पूर्णतः अनभिज्ञ हैं। फिर गुरू के पास जाकर तो मुझे उनकी नाराजगी सहन करनी पड़ेगी। वह फिक्र इसलिए था कि ऐ मन! तुम इस कार्य को कर सकते हो, फिर करते क्यों नहीं हो? इस प्रकार मैंने यह निर्णय लिया और शत प्रतिशत इस काम के लिए समर्पित हो गया। मैं अपनी कार या जीप स्वयं ड्राइव करता था। रात को एक बजे मैं कीर्तन करके वापिस आया करता था। मुझे कई लोग कहा करते थे कि तुम अब आधी रात को कार चला कर जाओगे? यह तो तुम स्वयं को बहुत दुख दे रहे हो। मैं हँस पड़ता था कि चलो यदि इसी प्रकार से यह शरीर लेखे में लग जाए तो फिर वह अच्छा ही है। उसका परिणाम यह हुआ कि आज आप लोग मुझे इतना प्यार दे रहे हो। तुम्हारे अन्दर सिक्खी का कितना जज्बा है, प्यार है। अभी देख लो कि लंगर का समय निकलता जा रहा है लेकिन एक भी आदमी उठने के लिए तैयार नहीं है। अतः मैं आप सबका हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। मेरा मन यहाँ से जाने के लिए नहीं चाह रहा है, परन्तु फिर भी जिस दिन बुला लिया फिर तो प्रस्थान करना ही है। जगीर सिंह के बारे में मुझे पता है कि जब वह हजूर साहिब अमृतपान करने लगा तो उसे पंक्ति में से उठा दिया कि वहाँ पर मैंने वरियाम सिंह (सन्त) को भेज दिया है। उसके द्वारा अमृतपान कर लो। अतः इस प्रकार श्री गुरू महाराज जी ने सारी मदद की है। और अब मैं आप सबका धन्यवाद करते हुए यहीं पर समाप्ति करने की अनुमति चाहता हूँ।

वाहिगुरू जी का खालसा

वाहिगुरू जी की फतह।

# आत्म ज्ञान

*सन्त वरियाम सिंह जी*
*सम्पादक - प्रो. गुरदेव सिंह*

*( श्रृंखला जोड़ने के लिए देखें, अंक मई, पृष्ठ - 39 )*

'काम' कितना बलवान है जिसने कि उच्च कोटि के महात्मा, योगी मत्स्येन्द्र नाथ को भी अपना शिकार बना लिया। यह गोरखनाथ सिद्ध का गुरू था और लंका का राजा 'अमरू' इसका सेवक था और उसके पास ही यह ठहरा हुआ था। जब राजा परलोक गमन कर गया तो रानियों को विलाप करता हुआ देखकर इसने कहा कि मैं इसे योग बल से जीवित कर देता हूँ। इसने अपने शरीर को कन्दराओं में छिपा दिया और उस राजा अमरू के शरीर में प्रवेश कर गया, फलस्वरूप वह उठ खड़ा हुआ, पन्द्रह साल इसी तरह से बीत गए। उधर सभी योगी हैरान हो गए कि मत्स्येन्द्रनाथ योगी कहाँ चला गया है। रानियों के भोग में यह इतना अधिक मस्त और ग्रस्त हो गया कि अब यह वहाँ से निकलता ही नहीं है। इधर पंजाब के अन्दर बाल कन्धाई एक महात्मा हुए हैं। उसने गोरखनाथ के साथ बातचीत करते हुए पूछा, गोरखनाथ! तुम्हारे गुरू मत्स्येन्द्रनाथ आजकल कहाँ पर हैं? कभी उनके दर्शन नहीं होते हैं? वह बोला कि शायद हिमालय की कन्दराओं में कहीं समाधिस्थ अवस्था में बैठे होंगे। वह बोला ढूँढ़ कर देखो। जब गोरखनाथ ने अर्न्तात्मा तौर पर ध्यान दौड़ाया और सारी दुनिया, पर्वत व समुद्र आदि देखे तो उसे कहीं पर कुछ भी पता न चला। उस समय बाल कन्धाई ने उसे उलाहना दिया कि गोरखनाथ! जिसे तुमने अपना गुरू बनाया हुआ है, वह लंका के राजा अमरू के शरीर में बैठकर उसकी पदमिनी रानियों को भोग रहा है। इसके बाद गोरखनाथ लंका में पहुँचा और अपने गुरू मत्स्येन्द्रनाथ को वहाँ से निकाला। यह तो केवल 'काम' शूरवीर की बात है इसके साथ क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार आदि भी अन्दर पड़े हुए हैं। यह जीव परमात्मा के नाम को भूलकर इनके पीछे पड़ गया है और इन चोरों ने उसे पकड़ लिया है। इसका कारण यह है कि इसने परमात्मा को इतना अधिक विस्मृत कर दिया है कि मानो वह इसका कुछ लगता ही नहीं है। यानि कि जो दुश्मन है उसे इसने मित्र बना लिया है तथा जो दाता है जिसने कि इस जीव की प्रत्येक जगह पर मदद करनी है, उस प्रभु के नाम को इसने विस्मृत करके पूर्णत: पराया समझ लिया है। यथा -

*संगि सहाई सु आवै न चीति ॥*
*जो बैराई ता सिउ प्रीति ॥ अंग - 267*

*सभु किछु अपना इकु रामु पराइआ ॥ अंग - 1342*

*रामु संगी तिसु गति नही जानहि ॥*
*पंच बटवारे से मीत करि मानहि ॥*
*..............................*
*कामि न आवै सु कार कमावै ॥*
*आपि बीजि आपे ही खावै ॥ अंग - 898*

इस भूल में पड़कर यह 'मैं' बन बैठा है और 'मैं' बनकर बीज बोने लग पड़ा है। अब यह प्रत्येक चीज का कर्ता बन गया है। यह प्रत्येक समय यही कहता है कि मैं करता हूँ और यही कारण है कि यह कर्म के साथ बँध जाता है, फलस्वरूप इसे उसका फल भोगना पड़ता है।

गुरू दशमेश पिता जी के पास संगत ने विनती की कि सच्चे पातशाह जी! हम कर्मों के बारे में बहुत सुनते हैं, आप कृपा करके अपने मुखारविन्द से इस शंका की निवृत्ति करो। महाराज जी कहने लगे तुम्हारी शंका ठीक है लेकिन भाई दया सिंह जी मेरा ही रूप है शारीरिक तौर पर हम दो हैं, लेकिन वे अभेदावस्था के गुरुमुख प्यारे हैं और प्रत्येक समय मेरे अन्दर ही रहते हैं, इसलिए वे तुम्हारी शंका की निवृत्ति करेंगे। आप उनके माध्यम से इसका सविस्तार उत्तर श्रवण करो। क्योंकि -

*खालसा मेरो रूप है खास॥*
*खालसे महि हौं करौ निवास॥ (सरब लोह ग्रंथ 'चों)*

*जिन्हा न विसरै नामु से किनेहिआ ॥*
*भेदु न जाणहु मूलि साँई जेहिआ ॥ अंग - 397*

भाई दया सिंह जी ने बहुत ही विनम्रता व सम्मानपूर्वक शीश निवाया तथा आप कहने लगे कि सच्चे पातशाह जी! यह शरीर आपका ही है इसलिए आप जी जो भी बुलाओगे दास तो उसी प्रकार से उसकी व्याख्या करेगा -

*जिउ बोलावहि तिउ बोलह सुआमी*
*कुदरति कवन हमारी ॥ अंग - 397*

उस समय भाई साहिब जी ने वचन किए। आप कहने लगे प्रेमीजनो! ये कर्म तीन प्रकार के होते हैं - क्रियामान कर्म, संचित कर्म और प्रारब्ध कर्म। इनके अतिरिक्त नित्य कर्म, कायिक कर्म, प्रायश्चित कर्म आदि भी होते हैं लेकिन

जीव का सम्बन्ध पहले तीन प्रकार के कर्मों के साथ ही होता है। जब तक हउमै का नाश नहीं होता है, तब तक जीव जितने भी कर्म करता है उसे उन कर्मों ने पकड़ना ही पकड़ना है जैसे कि गुरू महाराज जी ने फुरमान किया है कि -

*होंदा फड़ीअगु नानक जाणु ॥*
*ना हउ ना मैं जूनी पाणु ॥* *अंग - 1289*

*आपन करम आपे ही बंध ॥*
*आवनु जावनु माइआ धंध ॥* *अंग - 888*

*बंधन बंधि भवाए सोइ ॥*
*पइऐ किरति नचै सभु कोइ ॥* *अंग - 465*

इसलिए जब तक 'मैं' में फंस कर रहेगा, तब तक कर्मों के बन्धन में फँसा ही रहेगा क्योंकि जो 'मैं' को धारण करके कर्म करना है तो फिर उसका फल तो मिलना ही है। जो अच्छे कर्म हैं, वे सोने की बेड़ियाँ हैं और जो बुरे कर्म हैं वे लोहे की बेड़ियाँ हैं। वैसे दोनों बेड़ियाँ ही हैं। अच्छे कर्मों का अच्छा फल होता है और बुरे कर्मों का बुरा फल होता है। जब तक इस जीव के अन्दर मैं भाव विद्यमान है तब तक जीव कर्मों के बन्धन से मुक्त नहीं हो सकता है। भले ही गुरसिक्ख अरदास तो करता ही है कि हे सच्चे पातशाह जी! ब्रह्ममुहुर्त से लेकर अब तक मैंने जितने भी पाठ किए हैं, जितनी भी वाणी पढ़ी है उसे सही करके अपने खजाने में दाखिल कर लेना। इसका तात्पर्य है कि वह कर्मों का समर्पण करता है लेकिन वह कर्म तो अहंभाव धारण करके ही करता है। यह तो कहने मात्र के लिए एक वाक्य बन गया है लेकिन उसे समझ नहीं है कि मैं क्या कह रहा हूँ। जब तक इसकी हउमै कायम है, तब तक यह कर्मों के शिकंजे में से निकल ही नहीं सकता है। भाई साहिब जी ने बतलाया कि जीव नित्य प्रतिदिन जो भी अच्छे या बुरे कार्य करता है इन्हें क्रियामान कर्म कहते हैं। ये कर्म साथ ही साथ जमा होते रहते हैं। कई कर्म ऐसे भी होते हैं जो कि तुरन्त फल देते हैं जबकि कई कर्म ऐसे भी होते हैं जिनका फल 5, 7 या 10 साल बाद ही मिलता है। कई कर्म इस प्रकार के भी होते हैं जिनका फल 50 साल बाद भी मिलता है और कई कर्म ऐसे भी होते हैं जिनका फल 1000 साल बाद भी प्राप्त होता है अत: अच्छे कर्म सुख देते हैं और बुरे कर्म दुख देते हैं, लेकिन फल तो दोनों का ही भोगना पड़ता है।

एक बार गुरू नानक पातशाह जी को पूछा कि सच्चे पातशाह जी! जीव शिकायत करते हैं कि मेरे साथ अमुक व्यक्ति ने बुरा किया, नजायज किया यानि कि वे दूसरों पर दोषारोपण करते हैं। महाराज जी कहने लगे, प्रेमीजनो! यह संसार कर्मों के बन्धनों में बँधा हुआ चल रहा है। कुछ लोग तो ऐसे हैं जो कि बात को समझ लेते हैं और दूसरों पर दोषारोपण नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग ऐसे होते हैं जो कि दूसरों को ही दोष देते रहते हैं -

*ददै दोसु न देउ किसै दोसु करंमा आपणिआ ॥*
*जो मै कीआ सो मै पाइआ दोसु न दीजै अवर जना॥*
*अंग - 433*

जिस प्रकार से कोई व्यक्ति व्यभिचार करता है और उसे एड्स की बीमारी लग गई। यह पूर्वजन्म का रोग नहीं था बल्कि यह तो उसने स्वयं अपनी गलती से ही बीमारी को अपने पास बुलाया है। अब इस बुरे कर्म का फल भी जल्दी ही प्राप्त हो गया और कई कर्म इस प्रकार के हैं जो कि बाद में फल देते हैं। महाभारत के युद्ध के बाद श्री कृष्ण महाराज जी पाँडवों को अपने साथ लेकर धृतराष्ट्र के पास उसे सांत्वना देने के लिए गए। आप कहने लगे, राजन्! हमें बड़ा अफसोस है कि तुम्हारे सौ पुत्र युद्ध में शहीद हो गए, रानियाँ विधवा हो गईं और राजभाग तुम्हारे हाथ से चला गया तथा बच्चे भी साधारण बच्चों की भांति हो गए क्योंकि राज शक्ति न होने के कारण आमदन कम हो गई। राजा युधिष्ठर कहने लगा, आप चिन्ता मत करो। आपके सारे परिवारों का खर्च हम स्वयं वहन करेंगे और आप लोग जिस जीवन शैली में पहले रहते थे, उसी प्रकार से जीवनयापन करो लेकिन पुत्रों का जो बिछोड़ा पड़ गया है उस कमी को तो कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता है। आप स्वयं को पूर्ववत् राजगद्दी पर ही आसीन समझो और आपके हुक्म को किसी राजा के हुक्म की भांति ही माना जाएगा।

धृतराष्ट्र कहने लगा, मुझे अपने पुत्रों की शहादत का कोई अफसोस नहीं है क्योंकि उन्होंने युद्ध में पीठ नहीं दिखलाई है बल्कि वे तो वीरगति को प्राप्त होकर स्वर्गों में पहुँचे हैं। जन्मजात अन्धा होने के कारण मुझे विगत सौ जन्मों का ज्ञान है और उनके अन्दर मैंने कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया है जिसका फल मुझे इस प्रकार से मिलता। श्री कृष्ण महाराज जी बोले, राजन्! अपने 107वें जन्म को देखो। वह बोला, महाराज जी आप दिखाने की कृपा करो। महाराज जी ने दृष्टि कर दी फलस्वरूप उसे अपना 107वां जन्म दिखाई पड़ गया। वह देखने लगा कि उस जन्म में भी वह राजा ही है लेकिन उसे माँस खाने का बहुत शौक है। एक दिन उनके रसोइयों को कोई माँस न मिल सका। इधर इसके महलों के ऊपर हँसों के एक युगल ने सौ बच्चे दिए हुए थे। रसोइयों ने एक बच्चे को मारकर उसके माँस को तैयार करके राजा को परोस दिया। राजा को वह माँस बहुत स्वाद लगा। उसने कहा, यही माँस मेरे लिए रोज बनाया करो। 100 दिन के अन्दर उसने सारे बच्चों को खा लिया। जब हँसों का वह युगल मान सरोवर से वापिस आया तो उसे पता चला कि इन्होंने उनके बच्चों को खत्म कर दिया है तो उन्होंने राजा के महल के चारों तरफ चक्कर लगा लगाकर और धरती पर गिर कर अपनी जानें दे दीं। श्री कृष्ण महाराज जी कहने

लगे, राजन्! तुम्हें इस कर्म का ही फल प्राप्त हुआ है। फिर उसने अगला प्रश्न किया कि मैं जन्मजात अन्धा क्यों हूँ? श्री कृष्ण महाराज जी कहने लगे, अब तुम अपने 104वें जन्म को देखो। अब यह क्या देखता है कि बच्चे मदार के पौधों पर से टिड्डों को पकड़ रहे हैं और उनके पैरों के साथ धागा बाँधकर उन्हें पतंग की भांति उड़ा रहे हैं और जब वह धागा टूट जाता है तो वे आजाद हो जाते हैं। इसने भी एक टिड्डा पकड़ लिया और एक शूल को लेकर उसकी आँखों में से आर पार निकाल दिया, फलस्वरूप उसने तड़प-तड़प कर जान दे दी। श्री कृष्ण महाराज जी बोले यह तुम्हारे ही कर्मों का फल है कि तुम जन्मजात अन्धे हो। इसके आगे वह कहने लगा कि फिर उन कर्मों के फल को भोगने में इतना समय क्यों लगा? या फिर किसी अन्य जन्म में जैसे कि 106वें या 103वें जन्म में क्यों नहीं भुगता दिया गया? महाराज जी बोले, राजन्! तुम्हारे पुण्य कर्मों का भण्डार ही बहुत बड़ा था जिस प्रकार से आटा चक्की चल रही हो और मक्की के दानों को पीस कर आटा बनाया जा रहा हो और उस समय यदि कोई कहे कि मेरी गेहूँ को पीस दो तो उस समय आटा चक्की का मालिक कहेगा कि इस समय मक्की की पिसाई चल रही है, जब मक्की समाप्त हो जाएगी तो उस समय फिर गेहूँ की पिसाई हो जाएगी। इसलिए जब पुण्य कर्मों की बारी समाप्त हो जाती है तो उस समय फिर पाप कर्मों की बारी शुरू हो जाती है। यही कारण था कि तुम्हारे उस पाप का फल इतनी देर बाद मिला है।

भाई साहिब भाई दया सिंह जी कहने लगे कि किसी कर्म का भुगतान तो उसी समय हो जाता है, जबकि किसी कर्म का फल बहुत देर बाद हो पाता है। जब जीवन भर में किए गए कर्मों के उपरान्त यह जीव परलोक गमन कर जाता है तो जितने भी कर्म उसने किए होते हैं तो उन्हें संचित कर्म कहते हैं। ये कर्म जमा हो जाते हैं और जब यह जीव नया जीवन धारण करता है तो उस समय देखा जाता है कि कौन सा जीव आ रहा है, जिसका फल, इसने चुकता करना है किससे इसने लाभ लेना है, किसे अदा करना है। किसे इसका पुत्र बनाएँ किसे पुत्री बनाएँ, किसे पत्नी बनाएँ आदि। इसे लेने देने के हिसाब से ही जब कर्म फिट हो जाते हैं तो फिर ये प्रारब्ध कर्म बन जाते हैं। इसे इस प्रकार से समझ लो कि जैसे कर्मों के स्टोर में तीरों को भर दिया जाए, वे प्रारब्ध रूपी तरकश के तीर हैं। ये तीर फिर समय रूपी कमान पर चलते रहते हैं जिस कारण से यह जीव सारी उम्र प्रारब्ध कर्मों को भोगता रहता है -

*लेखु न मिटई हे सखी जो लिखिआ करतारि ॥*

*अंग - 937*

*'भोगे बिन भागै नही करम गती बलवान।'*

उपर्युक्त कहावत के अनुसार यह जीव कर्म भोगता हुआ इस चक्रव्यूह में फँसा रहता है और जन्म लेता व मरता रहता है। जब तक इसे अपने निजत्व की समझ नहीं आती है और इसकी 'मैं' नहीं मरती है फलस्वरूप इसे वास्तविक ज्ञान नहीं होता है, तब तक कर्मों का नाश नहीं होता है। जिस प्रकार से अन्धकार में पड़ी हुई रस्सी को साँप समझ कर सारी रात डरता रहा लेकिन जब प्रकाश हुआ तो अन्धकार रूपी अज्ञानता का नाश हो गया क्योंकि वह तो पहले भी रस्सी थी और अब भी रस्सी ही है तथा भविष्य में भी रस्सी ही होगी। इस प्रकार से जब जीव को ज्ञान हो जाता है तो फिर कर्मों का नाश हो जाता है अन्यथा यह परमात्मा से बिछुड़ कर अपनी पृथक दुनिया को ही निर्मित करके रखता है। जीव जो भी कर्म करता है, उसे हउमै में ही करता है, नाम जपता है तो हउमै में ही जपता है, पाठ करता है तो हउमै में, सेवा करता है तो हउमै में और यह प्रत्येक चीज का फल मांगता है। इस हउमें के कारण ही यह कभी राजा बनकर तख्त पर बैठता है और कभी कंगाल बनकर दर-दर भटकता है। इस बारे में महाराज जी फुरमान करते हैं -

*हउमै एहा जाति है हउमै करम कमाहि ॥*
*हउमै एई बंधना फिरि फिरि जोनी पाहि ॥*

*अंग - 466*

जिस प्रकार से बहते हुए दरिया से पृथक होकर तालाब बन गए और खड़े हुए पानी में कीड़े पड़ गए और इसी प्रकार से हम प्रभु जी के साथ से टूट गए हैं तथा हमारे अन्दर काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, निन्दा, चुगली, बखीली, हंगता, ममता आदि असंख्य कीटाणु पड़ गए हैं। जब तक यह दोबारा अपने मूल श्रोत के साथ नहीं जुड़ता है तब तक वह साफ नहीं हो सकता है। अब तालाब स्वयं तो नदी या समुद्र के साथ तो जाकर मिल नहीं सकता है यदि कोई कृपा करके मोटर लाकर गन्दे पानी को पाइप के साथ निकाल कर दरिया में डाल दे तो फिर पुनः वह पुर्ववत निर्मल जल बन जाएगा। ठीक इसी प्रकार से हम भी परमात्मा से बिछुड़ कर दुखी हो रहे हैं। गुरू महाराज जी बार-बार हमें समझा रहे हैं कि ऐ भद्रपुरुष! अब बड़ी मुश्किल से तुम्हें यह अवसर मिला है यह देखना कि कहीं चूक मत जाना क्योंकि जिन चीजों में तुम फँस गए हो वे तुम्हारे साथ जाने वाली नहीं हैं-

*कबीर इहु तनु जाइगा सकहु त लेहु बहोरि ॥*
*नाँगे पावहु ते गए जिन के लाख करोरि ॥*

*अंग - 1365*

*राजु मालु रूपु जाति जोबनु पंजे ठग ॥*
*एनी ठगीं जगु ठगिआ किनै न रखी लज ॥*

*अंग - 1288*

*'चलता'*

# सूरा सो पहिचानीऐ जो लरै दीन के हेतु

*सन्त बाबा हरपाल सिंह जी*

*परमेसरि दिता बंना ॥*
*दुख रोग का डेरा भंना ॥*
*अनद करहि नर नारी ॥*
*हरि हरि प्रभि किरपा धारी ॥ 1 ॥*
*संतहु सुखु होआ सभ थाई ॥*
*पारब्रहमु पूरन परमेसरू*
*रवि रहिआ सभनी जाई ॥ रहाउ ॥*
*धुर की बाणी आई ॥*
*तिनि सगली चिंत मिटाई ॥*
*दइआल पुरख महरवाना ॥*
*हरि नानक साचु वखाना ॥ अंग - 628*

परम सम्माननीय गुरू प्यारी साधु संगत जी! आओ! ख्यालों को बाहर जाने से रोकें तथा चित्त वृत्तियों को एकाग्र करते हुए जिह्वा की पवित्रता के लिए सारे ही उच्चारण करो जी 'सतिनाम श्री वाहिगुरू'। पातशाह जी की अपार कृपा है कि रतवाड़ा साहिब वाले महापुरुषों के जन्म दिवस तथा उनकी याद में इस धरती पर सत्संग हो रहे हैं -

*रैणि गवाई सोइ कै दिवसु गवाइआ खाइ ॥*
*हीरे जैसा जनमु है कउडी बदले जाइ ॥ अंग - 156*

कितना समय बीत गया है। समय है ही ऐसा कि -

*इह ठहिरन जाँच ना जाणदा,*
*लंघ गिआ न मुड़ के आँवदा।*

केवल यादें रह जाती हैं -

सन् 1609 ई. में धन्य-धन्य श्री गुरू हरिगोबिंद महाराज जी ने श्री अकाल तख्त साहिब जी की स्थापना की, जहाँ पर कि मीरी व पीरी का यानि कि राजनीति व धर्मनीति का सुमेल हो क्योंकि यदि इनका तालमेल ठीक बैठ जाए तो फिर राजा न्यायकारी बन जाता है। यदि मीरी (राजनीति) पीरी (धर्म) के नीचे चले तो फिर वहाँ पर सत्युग ही बन जाता है यानि कि वहाँ पर सत्य का राज होता है। धन्य गुरू हरिगोबिंद महाराज जी स्वयं ईंटें लगाते तथा बाबा बुड्ढा जी गारा बनाते और ईंटें पकड़ाते। कितनी महान सेवा अकाल तख्त की हुई और आज के दिन अकाल तख्त की स्थापना हुई। यह भी अकाल पुरुष की बहुत बड़ी कृपा की बदौलत ही हो सका। दरअस्ल जो राजनीति होती है, यह चार सोपानों पर आधारित होती है। ये चार सोपान होते हैं - साम, दाम, दण्ड व भेद। दिल्ली शहर के अन्दर जो चाणक्यपुरी है वह ऋषि चाणक्य के नाम पर ही बनी हुई है अधिकतर राजनेता वहीं पर रहते हैं। उस ऋषि ने एक ग्रन्थ लिखा जिसमें उसने राजनीति के उपर्युक्त चार स्तम्भ बतलाए हैं। 'साम' होता है - प्यारपूर्वक। 'दाम' का तात्पर्य है - धन के बल पर, जैसे कि 'नोट के द्वारा वोट'। इसके आगे है - दण्ड के द्वारा यानि कि यदि इस प्रकार से नहीं मानते तो फिर डरा धमका कर तथा दण्ड देकर और अन्तिम है भेद के द्वारा। वैसे तो सभी राजनेताओं को गोपनीयता की कसम चुकाई जाती है, लेकिन भेद क्या है? असली बात तो यह थी कि इस भेद को गुप्त रखना है लेकिन वे लोग करते कुछ और हैं तथा कहते कुछ और हैं। इसीलिए अपने महापुरुषों ने विश्व गुरमति रूहानी मिशन की स्थापना की क्योंकि उनकी विश्व व्यापी सोच थी -

*एहु विसु संसारू तुम देखदे*
*एहु हरि का रूपु है हरि रूपु नदरी आइआ ॥*
*अंग - 922*

उन्होंने ये वचन किए थे कि ये जो समय की सरकारें होती हैं इनके द्वारा किए गए समझौते उसी समय तक कायम रहेत हैं, जब तक इनके हित सुरक्षित रहते हैं। यदि इनके हित की पूर्ति उस समझौते के द्वारा न हो रही हो तो ये उसी समय समझौते को तोड़ देते हैं। अब धन्य श्री गुरू गोबिंद सिंह महाराज जी यह सब कुछ जानते हैं -

*घट घट के अंतर की जानत।*
*भले बुरे की पीर पछानत। (चौपई)*

आपको पता था कि ये लोग राजनीति खेल रहे हैं, भले ही उन्होंने धर्मनीति को, राजनीति के ऊपर रखा कि आप इस प्रकार से किले को खाली करके चले जाओ और आपको कुछ भी नहीं कहा जाएगा। तीन सौ पचास वर्षीय स्थापना दिवस, श्री आनन्दपुर साहिब का मनाया गया। इसी स्थान को खाली करवाने के लिए ही मुगल शासकों के द्वारा यह राजनीति प्रयोग में लाई गई। क्या थी वह राजनीति! औरंगजेब की तरफ से हस्तलिखित चिट्ठी लिखी गई और उस पत्र के साथ आटे की गाय बनाकर तथा गीता का पावन ग्रन्थ एवं कुरान शरीफ का पावन ग्रन्थ भी भेजा गया। अब सरकार

के राजदूत जाते हैं और वे सौगन्धें खाते हैं कि आप किले को खाली कर दो, आपको कोई कुछ भी नहीं कहेगा, जहाँ आपका मन करता है वहाँ पर आप चले जाओ। आपके साथ कोई भी लड़ाई झगड़ा नहीं है। गुरू महाराज जी इस सारी रहस्यात्मक बात से पूर्णत: भिज्ञ थे, लेकिन जब इतने पावन ग्रन्थों की बात आई, उनकी आन, बान और शान की बात आई, उनकी मर्यादा की बात आई तो धन्य श्री गुरू गोबिंद सिंह महाराज जी ने फिर सब कुछ ही कुर्बान कर दिया। आपने धर्म की नीति को बरकरार रखा कि हमें दीन की जरूरत है और फिर शूरवीर व्यक्ति का काम भी यही हुआ करता है –

*सूरा सो पहिचानीऐ जो लरै दीन के हेत।*
*पुरजा पुरजा कट मरै कबहुं न छाडै खेत।*

शूरवीर कौन है? जो दीन व पीरी को ऊपर रखकर विचरण करता है। पीरी है शीश और राजनीति (मीरी) है पैर। धर्म जो है दस्तार (पगड़ी) की भांति है और राजनीति पैर के जूते की भांति है। इसीलिए सच्चे पातशाह जी ने अकाल तख्त को ऐसे महान तख्त के रूप में स्थापित किया जहाँ पर कि समस्त पन्थक मामले सुलझाए जाते थे कि यह सच्ची सरकार का तख्त है। इस प्रकार से गुरू हरिगोबिंद महाराज जी ने मीरी तथा पीरी का सिद्धान्त रूपमान किया।

धन्य श्री गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज जी के साथ समझौता हुआ लेकिन वह कितनी देर तक कायम रहा? 6 व 7 पूस की रात, ब्रह्ममुहुर्त शुरू हो चुका था, उस समय जब किला खाली कर दिया गया तो फिर क्या हुआ? सारे वादों को भुला दिया गया।

पुरातन समयों में वचन की कीमत इतनी अधिक हुआ करती थी कि उस पर न्यौछावर हो जाया करते थे –

*रघुकुल रीत सदा चली आई,*
*प्राण जाए पर बचन न जाई।*

यदि कैकेयी ने राजा दशरथ से वचन ले लिया। एक युद्ध के दौरान जब राजा दशरथ जी घायल हो गए थे तो कैकेयी ने बड़ी ही शूरवीरता का परिचय देते हुए व स्वयं रथ चला कर इसे वहाँ से निकाल कर लाई और उसके प्राणों की रक्षा की। राजा ने प्रसन्न होकर रानी कैकेयी को कहा कि तुम दो वरदान माँग लो तुम जो भी मांगोगी मैं उसे पूरा करूँगा। इसने कहा ठीक है जब समय आएगा तो मैं फिर माँग लूँगी।

इस प्रकार जब समय आया तो इसने वचन माँग लिया। वचन में इसने अपने भरत के लिए राज सिंहासन और श्री रामचन्द्र जी के लिए वनवास माँग लिया। अब यह रीति ही चली आती थी कि लोग वचन से मुनकर नहीं हुआ करते थे–

*साध बचन अटलाधा।*

हम सबको भी अपने अन्दर विश्लेषण करना चाहिए कि हम किस सीमा तक महापुरुषों के वचनों पर कुर्बान हो रहे हैं? उनके उपदेशों पर कितना चलते हैं? हमें इन बातों पर चिन्तन करना चाहिए। जो यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि हैं, ये सब हमारा आन्तरिक विश्लेषण करवाते हैं क्योंकि नाम जो है, वह हमारे अन्दर है और वहाँ तक पहुँचने के लिए ये सब नियम व मर्यादाएँ हैं –

*सूरबीर बचन के बली ॥ कउला बपुरी संती छली ॥*
*अंग – 392*

अन्यथा माया सबको भुला देती है लेकिन जो सतगुरू के वचन हैं या जो सतपुरुष है ये हमारे प्रकाश स्तम्भ हैं। एक भी वचन कमा कर देख लो –

*संतहु सागरू पारि उतरीऐ ॥*
*जे को बचनु कमावै संतन का सो गुर परसादी तरीऐ॥*
*अंग – 747*

मैदान-ए-जंग में अर्जुन को जो उपदेश दिया गया कि तुम कर्मयोगी बनो। रणक्षेत्र से भागो नहीं क्योंकि यह शूरवीर का कार्य नहीं है बल्कि शूरवीर का कार्य तो यह है कि –

*सूरा सो पहिचानीऐ जो लरै दीन के हेत।*

दीन या धर्म के लिए कुर्बान होना ही शूरवीर का परम कर्तव्य है। अपने लिए तो दुनिया लड़ती-झगड़ती है क्योंकि यदि हम संसार के अन्दर हुए अन्य युद्धों पर दृष्टिपात करते हैं तो वे सब जर, जोरू, जमीन के लिए ही हुए दिखाई पड़ते हैं लेकिन धन्य श्री गुरू हरिगोबिंद महाराज जी ने चार युद्ध किए और ऐसा नहीं था कि आपने किसी के क्षेत्र को हथियाने के लिए स्वयं आक्रमण किया हो बल्कि आप तो आक्रमणकारी का मुँहतोड़ जवाब ही देते थे। युद्ध सुबह शुरू हो जाता था और सूर्यास्त से पहले-पहले उस युद्ध की समाप्ति हो जाती थी और युद्ध जीत लिया जाता था। इसके माध्यम से गुरू जी ने यह भी इशारा किया है कि खालसे को तो प्रत्येक समय अपने आन्तरिक दुश्मनों के साथ युद्ध करते रहना चाहिए यथा –

*खालसा सो जो करै नित जंग।*

यानि कि जो हमारे अन्दर काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध आदि बैठे हुए हैं यथा–

*राजु मालु रूपु जाति जोबनु पंजे ठग ॥*
*एनी ठगीं जगु ठगिआ किनै न रखी लज ॥*
*अंग – 1288*

अर्थात इन अन्दर बैठे हुए विकारों के साथ हमेशा युद्धरत रहें। 'देग तेग जग महि दोऊ चलै।' तेग जो है यह

उस सतगुरू के वचन का बाण है।

श्री कृष्ण भगवान जी अर्जुन को कह रहे हैं कि तुम प्रतिज्ञावान हो, सत्य वचन के धारणी हो, अतः अपनी प्रतिज्ञा को पालन करो। वह कहने लगा महाराज जी! प्रतिज्ञा को लेना और उसका पालन करना तो कोई कठिन बात नहीं है।

श्री कृष्ण महाराज जी कहने लगे, अच्छा फिर तुम इतनी सी ही प्रतिज्ञा निभा कर दिखाओ। आप उसे (अर्जुन को) अपनी बैजन्ती माला दे देते हैं और उसके ऊपर माया डाल देते हैं, साथ ही कह देते हैं कि तुम इसे अपने हाथ से मत छोड़ना। कहने लगा, महाराज जी! चाहे मेरे प्राण क्यों न चले जाएँ मैं आपके इस वचन को निभाऊँगा।

अब हुआ क्या कि वह स्नान करने लगा और उधर से एक शेर आ गया। उस समय उसके पास कोई मौके का हथियार भी नहीं था, इसलिए उसके पास जो बैजन्तीमाला थी, उसने वहीं फेंक कर मारी जो कि शेर के मुख पर पड़ गई लेकिन इसके हाथ से तो वह निकल गई।

जब श्री कृष्ण जी प्रकट हुए तो आप कहने लगे कि बैजन्तीमाला?

कहने लगा, महाराज जी! मैं क्या करता क्योंकि उस समय मेरी जान पर ही बन पड़ी थी।

महाराज जी बोले, क्या बात तुम इतनी सी प्रतिज्ञा को ही नहीं निभा पाए?

महाराज जी बोले, हैं तो बहुत लेकिन यदि गिनती करें या ढूँढ़ने जाएं, तो फिर वे मिलते नहीं हैं -

*हैनि विरले नाही घणे फैल फकड़ु संसारू ॥*

*अंग - 1411*

श्री कृष्ण महाराज जी कहने लगे चलो फिर तुम्हें दिखला ही देते हैं। आप अर्जुन को साथ लेकर एक घर में चले जाते हैं, वहाँ पर भोजनादि ग्रहण करने का पूरा प्रबन्ध हो गया। श्री कृष्ण महाराज जी कहने लगे, प्रेमीपुरुष! तुम भी आ जाओ और हमारे साथ भोजन ग्रहण करो। वह बोला, महाराज जी पहले मैं अपना क्रिया कर्म कर आऊँ। दरअस्ल पहले समय में यह भी मर्यादा हुआ करती थी कि पाँच स्नाना करके, हाथ अच्छी तरह से धोकर फिर भोजन ग्रहण किया करते थे। अतः वह अपने उन कार्यों को करने के लिए गया लेकिन वह वापिस ही नहीं आया। जब उन्होंने ऊपर चौबारे में जाकर देखा तो पता चला कि वह तो अपने शरीर का ही परित्याग कर गया है।

श्री कृष्ण महाराज जी तो अवतार पुरुष थे, आपने उसे जीवित कर लिया और पूछा कि तुमने ऐसा क्यों किया?

वह कहने लगा महाराज जी! मैं अपनी प्रतिज्ञा को हार रहा था इसलिए मैंने ऐसा किया। अतः मैंने सोचा कि अपनी प्रतिज्ञा को हार जाने से तो कहीं बेहतर है कि मैं अपने शरीर का ही परित्याग कर दूँ। यदि मेरी प्रतिज्ञा ही न रही तो फिर मेरे जीवन का क्या उद्देश्य रह जाएगा? श्री कृष्ण महाराज जी कहने लगे, भद्रपुरुष! तुम वास्तविकता को व्यान करो ताकि अर्जुन को भी समझ आ जाए।

वह कहने लगे, महाराज जी! मैं सौदागर था, फलस्वरूप मैंने बचपन से ही दूर-दूर जाना शुरू कर दिया। जब मैंने जवानी में पैर धरा तो फिर मेरा विवाह हो गया। मैं बड़े समुद्री जहाज में गया और काफी लम्बे समय बाद अपने घर को लौटा। जब मैं अपने गाँव के पास पहुँचा तो दैवनेत से मेरी धर्मपत्नी, गुहारे (एक त्रिशंकु प्रकार का उपले सुरक्षित रखने का स्थान) में से उपलों का टोकरा भरकर उसे उठवाने के लिए किसी सहारे की प्रतीक्षा कर रही थी। जब मैं पास में पहुँचा तो उसने उस टोकरे को उठवाने के लिए कहा, साथ ही उसने वचन भी ले लिया कि तुम मुझे टोकरा उठाते समय येन-केन-प्रकारेण स्पर्श नहीं करोगे। घूँघट में होने के कारण न तो मुझे पता चला कि यह मेरी ही घरवाली है और न ही उसे पता चला कि यह मेरा ही पति है। फलस्वरूप मैंने अन्जाने में उसे वह वचन दे दिया लेकिन जब मैं घर पहुँचा तो मुझे पता चला कि यह तो मेरी ही घरवाली है। अब मैं तो उसे स्पर्श न करने का वचन दे चुका था, अतः मैंने उसके साथ कोई भी सम्बन्ध स्थापित नहीं किया, फलस्वरूप घर में कोई सन्तान भी न आ सकी। माँ कहने लगी कि दूसरा विवाह करना पड़ेगा। अब मेरी घरवाली अपनी दूसरी बहन का रिश्ता ले आई। अब माँ ने मुझसे पुनः वचन ले लिया कि जिस प्रकार से तुमने प्यारपूर्वक पहली पत्नी को रखा है उसी प्रकार से इसे भी रखना। अब माँ ने मुझसे वचन ले लिया। इस प्रकार दूसरी पत्नी भी पहली की भांति ही हो गई।

भगवान जी! आपने मुझे कहा कि हमारे साथ भोजन ग्रहण करो लेकिन मैं तो इनके हाथ का भोजन ग्रहण नहीं करता हूँ क्योंकि मैंने तो वचन दिया हुआ है। अब मैंने सोचा कि अपने वचन को हार जाने से तो अच्छा यही है कि अपने शरीर का ही परित्याग कर दो।

महापुरुषों ने 'सुरति सबदि मारग' नामक पुस्तक के अन्दर इस प्रकार के बहुत सारे दृष्टान्त दिए हैं। इनका सार यही है कि 'सूरबीर वचन के बली' यानि कि वे की गई प्रतिज्ञा को तोड़ते नहीं थे बल्कि आजीवन निभाना अपना परम कर्तव्य समझते थे और फिर साधू के वचनों का तो अक्षरशः पालन किया जाता था क्योंकि -

*प्रभ जी बसहि साध की रसना ॥*
*नानक जन का दासनि दसना ॥* *अंग - 263*

*'चलता'*

# परोपकारी जीवन

## प्यारे महापुरुषों के शतवर्षीय जन्म दिवस को समर्पित

## ( 17 जून 1918 से 17 जून 2018 )

*भाई ( डा. ) सुखविन्दर सिंह*

*सिर तों पैराँ तीकर यारो, नूरो नूर जो होइआ।*
*बदन उस दा शीशा समझो, दोश रहित है गोइआ।*
*मनमुखाँ दी संगत कोलों, दूर सदा रब रहिंदा।*
*पर आतम-वेता दे दिल अंदर, रबी नूर समाइआ।*

*पुर गशत जि सर ता ब-कदम, नूर उल नूर।*
*आइना कि! दर वे न बव्द हेच कसूर।*
*तहदीक बदाँअ जि गाफला दूर बव्द*
*ए दर दिलि आरफाँ खुद करदा जहूर।*

भाई नन्दलाल द्वारा रचित उपर्युक्त रुबाई अत्यन्त कमाल की है कि परमात्मा के साथ एकरूप हुई रूह नूरो-नूर हो जाती है। इसमें यह रेखांकित किया गया है कि मन की मर्जी करने वालों को तो साथ में रहता हुआ परमात्मा भी उन्हें दूर ही प्रतीत होता है जबकि आत्मवेत्ता आत्माओं के दिल में वह दिव्य नूर के रूप में पुलकित होता है। 'जनमसाखी' तथा 'गुरवाणी' में इसकी पुष्टि इस प्रकार से होती है -

*पोसत मद अफीम भंग, उतर जाइ परभाति।*
*नाम खुमारी नानका चड़ी रहे दिन राति।*
*(जनम साखी)*

*नानक भगता सदा विगासु ॥ अंग - 2*

यह शाश्वत उल्लास नूरों के नूर इलाही नूर, वाहिगुरू जी प्रदान करते हैं। इलाही नूर के साथ शरशार हुई शख्सियत नूरानी नूर ही बन जाती है। ईश्वरीय प्रेम के लिए तो आकाश भी अपनी श्रद्धा को भेंट करते हुए धरती को कुछ शब्दों के माध्यम से सिजदा करता है। भाई नन्दलाल जी के अनुसार-

*आसमाँ सिजदा कुनद, पेशि जमीं कि बर ओ*
*घर दो नफस अज पै जिकरि खुदा बि-नसीनद।*

आकाश, धरती के आगे सिजदा करता है क्योंकि उसके ऊपर रहने वाला कोई न कोई एकाध व्यक्ति वाहिगुरू जी के सिमरन में लीन रहता ही है। इसी प्रकार के ईश्वरीय प्रेम में सराबोर लोगों के लिए भाई नन्दलाल जी फुरमान करते हैं कि जिस प्रकार से कल्पवृक्ष मन की कामनाओं को पूरा करता है उसी प्रकार से परामात्मा का प्रेम, परमात्मा से मिलाप करवा देता है।

*आवै साहिबु चिति तेरिआ भगता डिठिआ ॥*
*मन की कटीऔ मैलु साधसंगि वुठिआ ॥*
*अंग - 520*

*कबीर सेवा कउ दुइ भले एकु संतु इकु रामु ॥*
*रामु जु दाता मुकति को संतु जपावै नामु ॥*
*अंग - 1373*

*ब-जेरि साइआ-इ तूबा मुरदहा याबी।*
*ब-जेरि साइआ-इ मरदानि हक, खुदा याबी।*
*अर्थात - कलप ब्रिछ दी छाइआ*
*जे कर मन दी आस पुजावे*
*छाइआ रबी बंदिआ संदी रब दा मेल करावे।*

अर्थात 'तूबा' वृक्ष की परछाई में तुम्हें मन मांगी मुरादें ( केवल शारीरिक सुखों के लिए ) प्राप्त होंगी जबकि वाहिगुरू जी की कृपादृष्टि रूपी छाया में ( साधु संगत में ) से तुम सर्व सुखदाई परमात्मा को प्राप्त करोगे।

इस प्रकार की आत्माओं को परमात्मा ( वाहिगुरू ) मृत्युलोक में समय-समय पर भेजता रहता है। विशेष रूप से वह कुछ समय के लिए, कुछ विशेष कार्यों की सम्पूर्णता हेतु अपने प्यारों को अपना आशीर्वाद देकर भेजता है। यही कारण है कि फिर उन आत्माओं के द्वारा ऐसे कार्य किए जाते हैं जो कि संसार के अन्दर एक प्रकाश स्तम्भ का कार्य करते हैं तथा उनके द्वारा किए गए परोपकारी कार्यों से आने वाली नस्लें तथा पीढ़ियां लाभ उठाती रहती हैं। उनके जीवन के बारे में सोचना व लिखना आम मनुष्य की बुद्धि और कलम के वश से बाहर की बात है अतः परमात्मा में अभेद आत्माओं के जीवन को कोई विरला मनुष्य ही लिख सकता है। उनके बाह्य जीवन को तो सारा संसार जानता है लेकिन उनकी आन्तरिक अवस्था को कौन जान सकता है? *'ब्रहम गिआनी की गति ब्रहम गिआनी जानै।।' अंग - 273।*

आम कल्युगी जीवों के वश की यह बात नहीं है लेकिन

फिर भी उनके द्वारा किए गए वचनों पर आधारित यानि जो कुछ आप समस्त श्रद्धालुजनों के रूबरू होकर वचन किया करते थे, स्मृति को ताजा करते हुए, उनके बारे में दो शब्द लिखने का प्रयास यह कलम कर रही है। हमारी तो यही विनती है कि वे स्वयं ही कलम के माध्यम से अक्षरों का रूप धारण करेंगे। मेरा तात्पर्य प्यारे महापुरुष (श्रीमान सन्त बाबा वरियाम सिंह जी) संस्थापक विश्व गुरमति रूहानी मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट, रतवाड़ा साहिब से है। अतः दास, प्यारे के प्यार में, अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार, उनके द्वारा किए गए प्रवचनों के आधार पर उनकी जीवन शैली को नमस्कार करते हुए कुछ शब्दों को लिखने का प्रयास करने जा रहा है।

**शाश्वत जीवन** – उनके द्वारा किए गए परोपकारी कार्यों के माध्यम से उनके दर्शन आज भी हो रहे हैं। उनका वचन है कि साधू कहीं जाया नहीं करते हैं –

*ब्रहम गिआनी सद जीवै नही मरता ॥ अंग – 273*

उनके अपने मुखारविन्द से यह वचन है कि साधू तीन रूपों में हमेशा-हमेशा के लिए जीवित रहते हैं। पहला तो यह है कि वे परमात्मा के निर्गुण रूप में समा जाते हैं। वाहिगुरू जी में अभेद हो जाते हैं, केवल शरीर की ब्याधि ही समाप्त होती है –

*सूरज किरणि मिले जल का जलु हूआ राम ॥*
*जोती जोति रली संपूरनु थीआ राम ॥ अंग – 846*

वे ब्रहम रूप होकर ब्रह्म में लीन हो जाते हैं। दूसरा रूप यह है कि आप गुरू प्यार वाली संगत के बीच ही विचरण करते हैं। तीसरा रूप जिसे वे अपनी बागडोर या विरासत सम्भाल कर जाते हैं, उनके माध्यम से समस्त कार्यों की देखरेख करते हैं। अतः इन तीनों रूपों में वे आज भी दर्शन दे रहे हैं। निर्गुण स्वरूप परमात्मा में अभेद, गुरू प्यारी संगतों के माध्यम से तथा ट्रस्ट के वर्तमान मुखी श्रीमान सन्त बाबा लखबीर सिंह जी के माध्यम से संगत को जीवन दान दे रहे हैं।

**जीव दान** – संसार के अन्दर अनेकों प्रकार के दान प्रचलित हैं। धन-दौलत अर्थात चल व अचल जायदाद के दान, अनाज, वस्त्र, भूमि आदि के दान। ये सभी स्थूल दान हैं लेकिन इनके अतिरिक्त कुछ सूक्ष्म दान भी हैं, जैसे कि मानसिक व बुद्धि के माध्यम से अच्छे कार्य के लिए प्रेरणा देनी। यह भी बेशकीमती दान है लेकिन इनके अतिरिक्त एक और भी दान है जो कि अति सूक्ष्म दान है जिसका भण्डारा केवल सन्तजनों, व परमात्मा के प्यारों के पास ही है। उन्हें परमात्मा, दरगाह से भेजता है कि जाओ, और जाकर, इस दान को संसार में बाँटो –

*कबीर सेवा कउ दुइ भले एकु संतु इकु रामु ॥*
*रामु जु दाता मुकति को संतु जपावै नामु ॥*
*अंग – 1373*

यह दरगाह की ड्यूटी है। दूसरा है –

*जनम मरण दुहहू महि नाही*
*जन परउपकारी आए॥*
*जीअ दानु दे भगती लाईन*
*हरि सिउ लैनि मिलाए॥ अंग – 749*

जीअदान ही श्रेष्ठ दान है। किसी को परमात्मा के साथ जोड़ देना, उस टूटे हुए मनुष्य के अन्दर जीवन की रौ रुमकने लगा देना, परमात्मा की हाजिरी व अस्तित्व को महसूस करवा देना, जीव भाव से उठाकर आत्म भाव में लीनता करवा देनी। यह जीव दान हुआ करता है। नाम के रंग वाला जीवन ही अमर जीवन है। इस रंग के बिना जीवन मुर्दा है।

*आखा जीवा विसरै मरि जाउ ॥ अंग – 9*

संसार में पराकाष्ठा दर्जे के पाँच गुणों के होते हुए भी मनुष्य मुर्दे के समान है –

*अति सुंदर कुलीन चतुर मुखि ङिआनी धनवंत ॥*
*मिरतक कहीअहि नानका जिह प्रीति नही भगवंत ॥*
*अंग – 253*

अत्यन्त सुन्दरता, उच्च कुल के साथ सम्बन्ध रखने वाला, चतुर मुख का ज्ञानी तथा उच्च दर्जे का कोई धनवान हो लेकिन इतनी विशेषताओं के बावजूद भी वह गुरवाणी के अनुसार मुर्दा ही है क्योंकि परमात्मा के साथ उसकी प्रीति ही नहीं है। उसे तो जीवित मनुष्य ही नहीं समझना चाहिए बल्कि उसका जीवन तो रसायनिक जीवन है। बस खाने-पीने के सहारे उसका जीवन चलता है जबकि वह परमात्मा के प्यार और नाम वाले करंट या जीवन ऊर्जा से पूर्णतः खाली है –

*सो जीविआ जिसु मनि वसिआ सोइ ॥*
*नानक अवरू न जीवै कोइ ॥*
*जे जीवै पति लथी जाइ ॥*
*सभु हरामु जेता किछु खाइ ॥ अंग – 142*

वास्तविक रूप से वही जीवित है जो कि नाम के आधार पर जीवित है। परमात्मा के प्यारे, उसे जीवन की रौ प्रदान करते हैं और जीव दान ही बड़ा दान है। इस दान को करने के लिए प्यारे महापुरुषों ने दिन-रात एक किया। सिन्धु (पाकिस्तान) यू.पी., पंजाब, दिल्ली, मुम्बई व देश विदेश के अनेकों श्रद्धालुजनों को नाम वाणी के साथ जोड़ा। आज भी उनके द्वारा दिए गए जीव दान के माध्यम से संगत अपना

जीवन गुजार रही है तथा नाम वाणी के साथ जुड़कर जीवन का लाभ प्राप्त कर रही है।

## सिक्खी के तीन सुनहरी उसूलों पर पहरा -

1. किरत करना - आप जी ने जो कुछ भी गुरवाणी में पढ़ा तथा बड़ों से सुना, उसे अपने जीवन के अन्दर कमाया। जिन्दगी के तीनों सुनहरे उसूलों, किरत करना, नाम जपना तथा मिल बाँटकर खाना पर आपने आजीवन पहरा दिया तथा अन्य लोगों को भी इस दिशा में प्रेरित किया। खेतीबाड़ी करते हुए तथा नौकरी वगैरह करते हुए आप ने सच्ची व सुच्ची किरत को तरजीह दी। नौकरी चाहे फौज की थी, चाहे सिविल की थी, इस दौरान कई मौके ऐसे आए कि जिस समय आपको माया के लालच दिए गए लेकिन आप जी ने उन्हें ठोकर मार कर हमेशा सच्ची व सुच्ची किरत के सुनहरी उसूलों पर पहरा दिया। फौज की नौकरी के दौरान आपने मच्छरदानियों के ठेके में हो रहे घोटालों को उजागर किया। आपने आधे दिन की छुट्टी भी नहीं ली ताकि ठेकेदार बेइमानी करके इस ठेके को हासिल करने में सफल न हो जाए। यू.पी. में राजनैतिक पार्टियों द्वारा नोटों के भरे हुए अटैची सामने रख दिए जाते कि आप एक ब्यान हमारे हक में दे दो लेकिन आप जी ने उस माया को ठोकर मारी तथा भविष्य के लिए उन्हें चेतावनी दी कि खबरदार! यदि आइन्दा इस प्रकार की तजवीज लेकर मेरे पास आए। आप जी ने तब -

*घालि खाइ किछु हथहु देइ ॥*
*नानक राहु पछाणहि सेइ ॥* *अंग - 1245*

*हकु पराइआ नानका उसु सूअर उसु गाइ ॥*
*गुरू पीरू हामा ता भरे जा मुरदारू न खाइ ॥*
*अंग - 145*

उपर्युक्त महावाक्यों पर आपने आजीवन पहरा दिया। सिविल सर्विस के दौरान सारे पंजाब को बाढ़ के प्रकोप से बचाना, बिना किसी लालच के समस्त गावों के तालाबों को पानी के साथ भर देना तथा बाढ़ की स्थिति के बारे में अग्रिम सूचना को, अपनी जी-तोड़ मेहनत के द्वारा, पंजाब के लोगों तक पहुँचाना आदि प्रयासों के द्वारा आपने परोपकार के असंख्य कार्य किए। इसके साथ ही खेतीबाड़ी के कार्यों में सख्त मेहनत करके अच्छी फसल पैदा करनी, एक सत्संगी को श्रमिकों की अपर्याप्तता के समय उसके खेत में जत्थे समेत जाकर उसकी गेहूँ कटवा देनी आदि प्रकार के परोपकारी कार्य तथा धर्म की सच्ची आजीविका करने का प्रशस्त मार्ग उन्हीं के हिस्से आया और आपने आजीवन इस पर पहरा दिया।

**दूसरा है नाम स्मरण** - आपको विरासत से ही सिक्खी की लगन प्राप्त हुई थी। आप जी के पिता जी, जत्थेदार सरदार करतार सिंह जी के पास साधुओं व सन्तजनों का आना जाना बराबर बना रहता था। इनके परिवार को नगर धमोट में 'अकाली' कहा जाता था। इन्हें गुरमति की समझ पूर्वजन्मों की तपस्या की बदौलत विरासत से ही प्राप्त हुई थी। आप बचपन से ही गन्ने के खेतों में तथा गन्ने के कोल्हू के खड्डों में बैठकर नाम का अभ्यास किया करते थे। आप प्रातः दो बजे उठकर व स्नान करके सिमरन में लीन हो जाते तथा फिर सुबह होने पर 'आसा दी वार' का कीर्तन गुरुद्वारा साहिब में जाकर करते एवं सहज पाठ व श्री आखण्ड पाठ साहिब की सेवा निभाने का कार्य करते थे। मानसे के सघन जंगलों में, सिन्धु प्रदेश में और बाद में उत्तर प्रदेश में कृषि फार्मिंग के साथ-साथ नाम की कमाई करना, उनके भाग्य में ही लिखा था।

**तीसरा है मिल बाँट कर ग्रहण करना** - गुरमति के तीसरे सुनहरी उसूल पर पहरा देते हुए जहाँ पर भी प्राकृतिक आपदा आई चाहे वे गुजरात के भूकम्प के रूप में सामने आई। चाहे कोई अन्य प्रकार की प्राकृतिक आपदा आई, आपने अपने सत्संगियों को साथ में लेकर पीड़ितों की अधिकाधिक सहायता की, मिलबाँट कर ग्रहण किया तथा किसी के भी दर्द व पीड़ा को अपना जानकर उसके दर्द को बंटाया। अतः आपने इस पर आजीवन पहरा दिया।

## पूजा अकाल की, पर्चा शब्द का, दीदार खालसे का

जब हम आप जी के जीवन पर दृष्टिपात करते हैं तो हमें उपर्युक्त तीनों सिद्धान्तों की रूपमानता स्पष्ट रूप से प्रतीत होती है। आपने आजीवन एक अकाल पुरुष वाहिगुरू जी को माना, पूजा अकाल की की, इसीलिए आपके परिवार को अकाली कहा जाता था। भले ही आज इस शब्द के सिद्धान्त की परिभाषा व्यवहारिक रूप से पूर्णतः बदल चुकी है। आपने सदैव 'जागत जोति जपै निसि बासर ऐक बिनाँ नहि एक पछानै।' के सिद्धान्त पर पहरा दिया, उस परमात्मा के नाम की आराधना की तथा अन्य लोगों को भी एक अकालपुरुष वाहिगुरू के साथ जोड़ा।

**दीदार खालसे का** - आप जी ने 'खालसा मेरो रूप है खास, खालसे महि हौं करहुं निवास।' के सिद्धान्त पर पहरा देते हुए समस्त कार्य खालसे के माध्यम से ही करवाए। प्रत्येक कार्य में पाँच प्यारों की अगुवाई ली तथा प्रत्येक कार्य की शुरूआत पाँच प्यारों के माध्यम से करवाई।

इस सम्बन्ध में एक उदाहरण का जिक्र आपके सामने रख रहे हैं कि गुरुद्वारा ईशर प्रकाश रतवाड़ा साहिब का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आप जी ने बड़ी ही शानो-शौकत एवं श्रद्धा व प्यार सहित संगत की विशाल एकत्रता में पाँच प्यारों के रूप में खालसे के माध्यम से ही इसका शिलान्यास करवाया। आप अपना अधिकाधिक समय संगत के बीच ही गुजारा करते थे। इससे यह सिद्ध होता है कि आप जी दीदार खालसे के सिद्धान्त पर श्रद्धा व प्यार रख कर विचरण करते थे।

## तीसरा वेशकीमती सिद्धान्त है पर्चा शब्द का

*गुर का बचनु बसै जीअ नाले ॥ अंग - 679*

*एकु सबदु मेरै प्रानि बसतु है*
*बाहुड़ि जनमि न आवा ॥ अंग - 795*

बचपन से लेकर शरीर के अन्तिम समय तक आपने समस्त संगत को शब्द गुरू के साथ ही जोड़ा तथा -

*आगिआ भई अकाल की तबै चलाइओ पंथ,*

*सभ सिखन कउ हुकम है गुरू मानिओ ग्रंथ॥*

के सिद्धान्त पर स्वयं पहरा दिया तता संगत को अपनी प्रत्येक प्रकार की जरूरत को पूरा करने के लिए 'शबद' का सहारा लेने के लिए ही प्रेरित किया। अपने प्रत्येक को गुरवाणी के साथ ही जोड़ने का प्रयत्न किया न कि स्वयं के साथ। आपने सदैव ही समर्थ सतगुरू की महिमा का ही गायन किया और इसीलिए प्रत्येक प्राणी को श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के साथ जुड़ने के लिए ही प्रेरित किया। उनके अथक प्रयासों की बदौलत ही लाखों श्रद्धालुजन आज श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के साथ जुड़कर शब्द के पर्चे के माध्यम से लोक व परलोक के सुख प्राप्त कर रहे हैं।

**आप जी के बारे में भविष्य के वचन** - परमात्मा के साथ अभेद हो चुकी आत्माओं के द्वारा आपके बारे में किए गए भविष्यत वचन आपके बारे में पूर्णतः सही साबित हुए। यानि कि -

*अंड बिनासी जेर बिनासी उतभुज सेत बिनाधा ॥*
*चारि बिनासी खटहि बिनासी ईक साध बचन निहचलाधा ॥ अंग - 1204*

का सिद्धान्त प्रत्यक्ष रूप से रूपमान हुआ। पिछले जन्म में आपका नाम हरनाम सिंह था। पिता जी के कुएँ पर साधुओं का आना जाना प्रायः लगा ही रहता था। इन्हीं परम हंसों में से एक जटाओं वाले साधू ने आपके कुएँ पर आकर भविष्य के सम्बन्ध में वचन किया जो कि शत प्रतिशत सही साबित हुआ।

एक बार सन्त बाबा अतर सिंह जी मस्तूआणे वाले आपके कुएँ पर आए। आप जी को महापुरुषों ने बहुत प्यार किया। आप खेलते-खेलते उनकी गोद में ही जाकर बैठ गए। दादा जी को आपने वचन किया कि आपके घर एक तपस्वी बालक आया है इसलिए कभी भी इसे अपशब्द नहीं बोलने इसके चरणों में पद्मरेखा है, यह बड़ा होकर तपस्वी साधू बनेगा और इसका बहुत अधिक प्रताप होगा। समय के अन्तराल के साथ ये भविष्य के वचन सही साबित हुए।

## अगम्य बात तथा पूर्वजन्म का ज्ञान

आप जी को पिछले जन्मों का पूरा ज्ञान था। सन्त महाराज राड़ा साहिब वालों के साथ पहले मिलाप में हुए प्रवचनों के दौरान आप जी ने उन्हें अपने पिछले जन्मों के बारे में बताया। यह सब अगम्य बातें हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि आप जी की सारी कमाई, एक जन्म की नहीं अपितु विगत कई जन्मों की तपस्या का प्रतिफल था और यही कारण था कि आप इस जन्म में सूर्य की भांति चमके।

**बचपन के शौक** - आप जी को बचपन से ही नाम वाणी का अत्यधिक शौक था, लगन थी। परिवार में गुरसिक्खी होने के कारण विरासत का माहौल कारगार सिद्ध हुआ। पाँच वर्ष की अल्पायु में ही अमृतपान करके गुरसिक्खी में परिपक्व रहने वाला जीवन आपने शुरू किया। स्कूल में पढ़ते समय अध्यापक के कहने पर आपने तम्बाकू शब्द को अपनी पुस्तिका में न तो लिखा और न ही अपनी जुबान से उसका उच्चारण ही किया क्योंकि उसी समय से आपको इस बात की समझ थी कि तम्बाकू (जगत जूठ) शब्द को अपने मुख से बोलने पर अपनी जिह्वा अपवित्र हो जाती है। 70,000 बार नित्य प्रतिदिन वाहिगुरू का मन्त्र का जप करना आपका नित्यनेम था। इसके अतिरिक्त आप गुरवाणी पढ़ते, स्त्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का पाठ करते गुरवाणी के शुद्ध उच्चारण की शिक्षा लेकर, शुद्ध पाठ करने व कीर्तन करने का शौक आपको बचपन से ही था। नाम वाणी की लगन, आए गए साधू की सेवा की लगन, कीर्तन, भजन, पाठ, बन्दगी में लीन रहना आप जी के जीवन का मुख्य उद्देश्य था।

**अन्य महापुरुषों के साथ प्यार** - परमात्मा के प्यारों के प्रति आप जी सदैव ही आकर्षित रहते थे। किसी भी गुरुमुख के दर्शन करके गद्गद् हो जाना, उसके वचन

सुनने, उसकी सेवा करनी आदि कार्यों में आपकी रुचि सदैव ही बनी रहती थी। इनमें से प्रमुख रूप से बाबा नन्द सिंह जी कलेरां वालों के प्रवचन सुनने का तथा उनकी सेवा करने का सौभाग्य भी आपको प्राप्त हुआ। उनके अतिरिक्त सन्त ईशर सिंह जी कलेरां वाले, सन्त अतर सिंह जी, सन्त बाबा जोध सिंह जी की संगत भी आपको प्रचुर मात्रा में प्राप्त हुई लेकिन दिल का सौदा तो जहाँ पर होना था, वहीं होना था लेकिन आप प्यार व सम्मान सबका ही करते थे।

## सन्त महाराज राड़ा साहिब वालों के साथ मिलाप

16 वर्ष की शारीरिक आयु में आप जी का नूरानी मिलाप सन्त महाराज सन्त ईशर सिंह जी राड़ा साहिब वालों के साथ हुआ। उस समय उनकी शारीरिक आयु लगभग 30 वर्ष की थी। आपकी माता जी जब आपको सन्त महाराज सन्त ईशर सिंह जी के पास लेकर गए तो आपके मन में एक दिव्याकर्षण उत्पन्न हुआ। बस एक मिलाप में ही दिल का सौदा हो गया –

*पूरब करम अंकुर जब प्रगटे*
*भेटिओ पुरखु रसिक बैरागी ॥*
*मिटिओ अंधेरू मिलत हरि नानक*
*जनम जनम की सोई जागी ॥* *अंग – 204*

**पहली मुलाकात के दिव्य वचन** – तुम्हारा नाम क्या है? तुम कौन हो? कहाँ से आए हो? सवाल आपके सामने आए और ये सवाल आत्मिक रंग में रंगे हुए सन्त महाराज राड़ा साहिब वालों ने आपको किए। आपके द्वारा उत्तर में क्षणिक विलम्ब हुआ और फिर आत्मिक मण्डल का ही जवाब आया कि मैं एक परम ज्योति में से ही अलग हुआ हूँ। कुएँ की रस्सी की भांति उसके एक सिरे पर गाँठ है। इस प्रकार का दिव्य उत्तर सुनकर सन्त महाराज जी समाधिस्थ हो गए और आप 45 मिनट की समाधि के बाद बोले कि आज सुहागिन को सुहागिन मिली है। यह एक अलौकिक वचन था। सारे जीवन का सार इस एक वचन में ही निहित था। बस फिर उस घड़ी से लेकर ऐसा गाढ़ा प्यार उनके साथ पड़ा यानि कि ऐसा दिल का सौदा उनके साथ हुआ कि आप तन, मन व धन से उनको ही समर्पित हो गए। आपने अपना सारा जीवन उनके प्यार व वैराग्य में ही व्यतीत किया।

## भाई साहिब भाई रणधीर सिंह जी का प्यार

आप जी के परिवार का प्यार सभी सम्प्रदायों के महापुरुषों के साथ था। आखण्ड कीर्तन जत्थे, नानकसर सम्प्रदाय, दमदमी टकसाल व होती मरदान सम्प्रदाय इनमें से विशेष हैं। आखण्ड कीर्तनी जत्थे के मुखी महापुरुष भाई साहिब भाई रणधीर सिंह जी के साथ आपके परिवार का अथाह प्यार था। एक बार जब आप जी का मिलाप उनके साथ हुआ तो आप चौंकड़ी मार कर एक दिव्य रस में लीन हुए झूम रहे थे। भाई साहिब जी की दृष्टि जब आपके ऊपर पड़ी तो वे आपको देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुए और उन्होंने आपको बहुत प्यार किया। भाई साहिब जी ने आपको पूछा कि आप झूम क्यों रहे थे? तो आपने जवाब दिया कि मुझे बहुत रस आ रहा था। उन्होंने पूछा, किस चीज का रस? आपने कहा कि शब्द का रस। फिर उन्होंने पूछा, कौन सा शब्द? आपने कहा –

*मनि बैरागु भइआ दरसनु देखणै का चाउ ॥*
*अंग – 50*

यह सुनकर आप बहुत अधिक हैरान हुए और आप जी को अपने आलिंगन में लेकर अथाह प्यार किया तथा अपने जत्थे के सिंहों को इनकी अवस्था के बारे में बतलाते हुए उन्हें नाम जपने के लिए प्रेरित किया। भाई साहिब जी का आपके परिवार के साथ इतना प्यार था कि सम्माननीया बीजी (जीवन संगिनी, महापुरुष) के पिता जी को आपने अपनी पुस्तक 'रंगले सज्जन' में 'सन्त' की उपाधि के साथ सम्मानित किया। आपने सम्माननीया माता जी के पिता जी को 'सन्त हीरा सिंह जी' कह कर निवाजा। दरअस्ल बीजी के पिता जी भी एक दिव्यात्मा थे। अपनी चाची जी के कहने पर उनका 'नाम' चला देना और तीन दिन की सहज समाधि की अवस्था में पहुँचा देना, मुम्बई से आए व्यक्ति को उसके बुरे कृत्यों के लिए उसे ताड़ना करनी, फलेवाल नगर (नजदीक लुधियाना) में अमृत संचार के समय आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे को जलाल युक्त अमृतयुक्त छींटा मारकर उसे 56 घंटे की समाधि में पहुँचा देना, आदि उनकी दिव्य लीलाओं के ही चन्द उदाहरण हैं।

## माया में उदासी

*जैसे जल महि कमलु निरालमु मुरगाई नै साणे ॥*
*सुरति सबदि भव सागरु तरीऐ नानक नामु वखाणे ॥*
*अंग – 938*

घर में रहते हुए, सारी जिम्मेवारियों को सम्भालते हुए, आप जी ने कमल के फूल की तरह निरलेपता वाला जीवन व्यतीत किया। अन्दर से नाम वाणी की लगन होते हुए भी, सारे कार्य करते हुए, गृहस्थ जीवन की जिम्मेवारियाँ निभानी यह सब एक कठिन रास्ता था। परन्तु आप सब कुछ करते हुए भी निरलेप ही रहे।

**गृहस्थ जीवन** – परमात्मा के हुक्मानुसार संयोग तथा वियोग का कार्य चल रहा है –

***संजोगु विजोगु दुइ कार चलावहि***
***लेखे आवहि भाग ॥*** *अंग – 7*

गुरवाणी के पावन सिद्धान्तानुसार आप जी के संयोग, सन्त बाबा हीरा सिंह जी दाउदपुरिए की होनहार बेटी (सम्माननीया बीजी) रणजीत कौर जी के साथ लिखे हुए थे। बीजी के पिता जी श्री आखण्ड पाठ साहिब की सेवा निभाने के सन्दर्भ में आपके घर आए हुए थे। जत्थेदार बाबा करतार सिंह जी (महापुरुषों के पिता श्री) को आपने वचन किया कि सात वर्षों के बाद आपके घर एक बेटे ने जन्म लेना है और मेरे घर एक बेटी ने जन्म लेना है। दोनों के संयोग धुर दरगाह से लिखे हुए हैं, इसलिए यह लो एक रुपया जिसे कि मैं शगुन के तौर पर दे चला हूँ। ठीक इसी प्रकार से दोनों आत्मिक मण्डल की आत्माओं के शारीरिक जन्म हुए और संयोग की कार के अनुसार विवाह कार्य सम्पन्न हुए।

## बीजी की तप साधना व महापुरुषों का साथ

सम्माननीया माता रणजीत कौर जी, जिन्हें कि संगत प्यार व सम्मानपूर्वक 'बीजी' कहकर सम्बोधित करती है, ने महापुरुषों का, प्रत्येक समय व प्रत्येक कार्य में बखूबी साथ निभाया। 'सन्त' बनकर समाज में विचरण करने को आप तरजीह नहीं देते थे अपितु आप सदैव यही सुझाव देते कि घर में रहो, कारोबार करो, सच्ची-सुच्ची जीविकोपार्जन करते हुए, जरूरतमन्द लोगों के साथ मिल बाँटकर उसे ग्रहण करो तथा सबका भला करते रहो। यह उनके अत्यन्त अर्थपूर्ण वचन थे कि किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना बल्कि उचित साधनों के माध्यम से की गई जीविकोपार्जन में से मिल बाँटकर ग्रहण करना ही अत्युत्तम है यानि कि दूसरों को देना ही देना है, लेना नहीं। संगत के द्वारा दी गई प्रेम भेंट व चढ़ावे आदि को आप अपनी कोठी में घुसने ही नहीं देते थे और उसे बाहर ही किसी जगह पर सम्भालने को तरजीह देते थे। आप जी प्रत्येक समय नाम स्मरण में लीन रहते हुए घर के काम काज में व्यस्त रहते। खेतीबाड़ी के कार्यों में महापुरुषों का साथ निभाना और उसके बाद बड़ा कार्य जो कीर्तन दीवानों का था, उसमें बहुत बड़ा योगदान बीजी का रहा। सिन्धु (पाकिस्तान), यू.पी. से लेकर चण्डीगढ़ के क्षेत्र में गुरमति का प्रचार बड़े स्तर पर हुआ। रूपनगर जिले के रतवाड़ा साहिब क्षेत्र में कीर्तन समागमों के दौरान बीजी ने बहुत ही व्यवस्थित मार्गदर्शन, महिलाओं का किया। आप उन्हें प्रायः गुग्गा-माड़ी, पीरों व कब्रों आदि की पूजा करने से हटाकर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के साथ जुड़ने की प्रेरणा करते। इस प्रकार से आपने दिन रात एक करके महापुरुषों द्वारा आरम्भ किए गए मिशन में अपना बहुमूल्य योगदान किया। आप जी के जीवन के बारे में जिक्र किए बिना महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डालना अधूरा ही होगा क्योंकि प्रत्येक कार्य की सफलता में आपका बहुमूल्य योगदान होता ही था।

**सिन्धु में गुरमति प्रचार** – 'आपि जपहु अवरह नामु जपावहु।।' (अंग – 290) पर पहरा देते हुए सिन्धु प्रदेश (वर्तमान समय में पाकिस्तान में है) में जाकर भी आप जी ने गुरमति का प्रचार किया। आपने एकान्त जगह देखकर बन्दगी करनी शुरू की। पुलिस की भर्ती में नियोक्ता पुलिस अधिकारी ने आपकी समाधि में लीनता को देखकर आपको फौज में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। दरअस्ल पुलिस की कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए किसी बन्दगी वाली रूह का इस कार्य प्रणाली में सामंजस्य बैठ पाना नामुमकिन प्रतीत हो रहा था।

आप जी एकान्त जगह देखकर बन्दगी में जुड़ गए और भोजन का भरोसा आपको परमात्मा पर ही था। लीला यह घटित हुई कि परमात्मा ने एक माता को प्रेरणा देकर आपके लिए भोजन पहुँचा दिया। आपके जीवन में एक नहीं बल्कि अनेकों लीलाएँ घटित हुईं। इन समस्त लीलाओं को लेखनी के द्वारा लिख पाना नामुमकिन ही है। लेख के लम्बा हो जाने के भय से भी लीलाओं का संक्षिप्त विवरण ही तर्कसंगत होगा। आपके जीवन को सविस्तार रूप से जानने के लिए आपकी जीवनी वाली पुस्तक 'जन परउपकारी आए' रतवाड़ा साहिब ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसे आप लेकर पढ़ सकते हैं।

## युक्ति के साथ मुक्ति

सिन्धु प्रदेश में आप जी भजन बन्दगी में लीन रहा करते थे। परमेश्वर द्वारा प्रेरित किए गए एक नजदीकी जिमींदार ने आप जी को भोजन ग्रहण करवाने की इच्छा प्रकट की। आप जी ने भोजन ग्रहण करने के लिए एक शर्त रख दी कि मैं इस प्रकार से भोजन ग्रहण नहीं करूँगा बल्कि मुझसे अपने खेतों में काम करवाओ और तभी मैं अपने द्वारा की गई मेहनत के प्रतिफल के तौर पर ही भोजन ग्रहण करूँगा। उनके बहुत जोर डालने पर भी आपने मुफ्त में भोजन ग्रहण करना स्वीकार नहीं किया। इस प्रकार से आप खेती के कार्यों में उनका हाथ बँटाने लग पड़े और साथ ही अपने वचन किया कि मैंने अपना पारितोषक भी लेना है। उन्होंने पूछा, क्या लोगे? महापुरुषों ने कहा कि आप मेरे साथ-साथ बोलो और

इस प्रकार से उन्होंने उस कृषक (जिमींदार) को जपुजी साहिब याद करवा दिया, मूल मन्त्र का अभ्यास करवाया तथा आपने उन्हें सभी प्रकार के नशों से छुटकारा दिला दिया। बाद में आपने उन्हें अमृतपान करवा कर गुरू ग्रन्थ साहिब जी के साथ जोड़ने का महान कार्य भी किया। इस प्रकार से आपने एक परिवार को ही नहीं अपितु अनेकों परिवारों को शब्द गुरू के साथ जोड़ा।

**जाति पात से ऊपर** – एक गरीब परिवार के परिवार की लगन को देखते हुए आप उसके घर भोजन ग्रहण करने के लिए पहुँच गए लेकिन तथाकथित ऊँची जाति वालों के द्वारा उनका वहिष्कार करने की बात जब चली तो भरी पंचायत में आपने उन सबको गुरवाणी के प्रकाश में समझाया कि प्रेमीजनो सभी लोग उस परमात्मा के जीव हैं और जब वायु, पानी, धरती, आकाश और आग की कोई जाति नहीं है तो फिर मनुष्य की जाति कैसे हो सकती है?

*अगै जाति न जोरू है अगै जीउ नवे ॥*
*जिन की लेखै पति पवै चंगे सेई केइ ॥ अंग – 469*

*सा जाति सा पति है जेहे करम कमाइ ॥*
*जनम मरन दुखु काटीऐ नानक छूटसि नाइ ॥*
*अंग – 1330*

*अवलि अलह नूरू उपाइआ कुदरति के सभ बंदे ॥*
*एक नूर ते सभु जगु उपजिआ कउन भले को मंदे ॥*
*अंग – 1350*

*सरब जोति तेरी पसरि रही ॥*
*जह जह देखा तह नरहरी ॥ अंग – 876*

*सभ महि जोति जोति है सोइ ॥*
*तिस दै चानणि सभ महि चानणु होइ ॥ अंग – 13*

*ए नेत्रहु मेरिहो हरि तुम महि जोति धरी*
*हरि बिनु अवरू न देखहु कोई ॥*
*हरि बिनु अवरू न देखहु कोई*
*नदरी हरि निहालिआ ॥*
*एहु विसु संसारू तुम देखदे*
*एहु हरि का रूपु है हरि रूपु नदरी आइआ ॥*
*अंग – 922*

*बिसरि गई सभ ताति पराई ॥*
*जब ते साधसंगति मोहि पाई ॥ 1 ॥ रहाउ ॥*
*ना को बैरी नही बिगाना*
*सगल संगि हम कउ बनि आई ॥ अंग – 1299*

*नीचा अंदरि नीच जाति नीची हू अति नीचु ॥*
*नानकु तिन कै संगि साथि वडिआ सिउ किआ रीस॥*
*अंग – 15*

उपर्युक्त शब्दों के माध्यम से गुरवाणी की समझ होने पर सभी नगरवासियों ने क्षमायाचना की और भविष्य में जाति पात से ऊपर उठकर सबके साथ प्यार करने की वचबद्धता दोहराई।

अतः गुरमति के सिद्धान्तों की आपने कमाई की एवं अन्य लोगों को भी इसकी प्रेरणा की।

**सच्ची सरकार की चाकरी** – सांसारिक सर्विस, जिसमें सिविल सचिवालय की सर्विस थी, को तिलांजलि देकर सन्त महाराज राड़ा साहिब वालों के प्रवचनों पर पहरा देते हुए आप जी ने खेतीबाड़ी का कार्य किया तथा एक सफल किसान कार्य के साथ-साथ आपने धर्म का प्रचार कार्य भी जारी रखा एवं हमेशा के लिए गुरू की सेवा में तत्पर रहने का प्रण किया।

**यू. पी. में गुरमति प्रचार** – तत्कालीन समय में यू. पी. के तराई क्षेत्र में रहने वाले सिक्खों की दशा बद से बदतर हो चुकी थी। सिक्ख लोग अपनी विरासत को तिलांजलि देकर कुरीतियों व कुकर्मों की दलदल में प्रवेश कर चुके थे। अतः सन् 1969 ई. में श्री गुरू नानक देव जी की पाँच सौ वर्षीय शताव्दी पर पाँच सिंहों के माध्यम से अरदास करवा कर आपने गुरमति प्रचार का बीड़ा उठाया। सिक्खों की अत्यन्त दयनीय दशा के कारण आप अत्यन्त चिन्तित थे। पंजाबी लोगों ने यू. पी. के तराई क्षेत्र में जाकर जमीनों को आबाद किया, जंगल को उखाड़ा और जी तोड़ परिश्रम किया लेकिन इसके साथ-साथ वे कुरीतियों के शिकार भी हो गए। वे लोग व्यसनों में डूबते चले गए तथा साथ ही वे लोग चोर, डाकू व स्मगलर भी बन गए। उन तमाम लोगों की इन समस्त गिरावटों को देखकर आप जी के मन में चिन्ता भी हुई और उन पर दया भी आई। अतः आपने गुरू जी का सहारा लेकर गुरमति का प्रचार कार्य करने का बीड़ा उठा लिया। आपने सादे ढंग से व सीमित साधनों के माध्यम से, खेती कार्य के साथ-साथ दीवान लगाने शुरू कर दिए। सहयोगी जनों का काफिला शनैः शनैः बड़ा होता चला गया। चले थे अकेले पर काफिला जुड़ता गया। सतगुरू जी की कृपा की बदौलत अनेकों प्राणी बुरी कुरीतियों का त्याग करके खण्डे बाटे का अमृतपान करने लग पड़े, फलस्वरूप उनके द्वारा जीवन जीने का तरीका ही बदल गया। यहीं पर ट्रस्ट के वर्तमान मुखी सन्त बाबा लखबीर सिंह जी का मिलाप आपके साथ हुआ।

## ट्रस्ट के वर्तमान मुखी श्रीमान सन्त बाबा लखबीर सिंह जी के प्रति आपके अलौकिक वचन

यू. पी. में चल रहे आप जी के दीवान में सन्त बाबा लखबीर सिंह ाेज ने कीर्तन श्रवण किया। दर्शन करते ही आपके मन को एक विशेष प्रकार की सन्तुष्टि प्राप्त हुई कि ये पूर्ण महापुरुष हैं। दीवान के बाद समाप्ति का समय आया। अरदास की सेवा निभाने वाला कोई प्रेमी आगे न आया। उस समय अरदास व हुक्मनामे की सेवा बाबा लखबीर सिंह जी ने निभाई। प्यारे महापुरुषों ने जौहरी की भांति हीरे की पहचान करते हुए आपको अपने आलिंगन में ले लिया और भविष्य के बारे में वचन किए कि वाह! पिछली भी बहुत तपस्या है। यह गुरमति की लहर तुमने ही सम्भालनी है। बस उस घड़ी से ही आप भी उन्हीं के होकर रह गए। अपनी सर्विस का त्याग करके जुलाई 1986 ई. से पक्के तौर पर आप रतवाड़ा साहिब आ गए और पृथक-पृथक रूप में आपने अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दीं। भले ही आप इससे पहले भी महापुरुषों के पास चण्डीगढ़ में सन् 1978 से ही आया करते थे। विशेष रूप से आप जी को कीर्तन की सेवा महापुरुषों ने प्रदान की। इसके अतिरिक्त अन्य भी कई प्रकार के बहुमूल्य कार्यों की सम्पन्नता आप जी के द्वारा ही होती।

चण्डीगढ़ व रोपड़ के क्षेत्र में गुरमति प्रचार - सन् 1978 से ही आप जी यू.पी. से इधर आ गए और यहाँ पर आकर तथा लोगों के पत्लोन्मुख रूप को देखकर आप पुनः चिन्तित हो गए। यहाँ पर भी बंजर जमीन तोड़ने वाली ही बात थी। सिक्खी का नामोनिशान यहाँ नहीं था। गाँवों व नगरों के इक्का दुक्का लोगों को छोड़कर आम लोग गुरमति से पूर्णतः अनजान ही थे। प्यारे महापुरुषों ने वचन किया कि तुम लोग स्वयं को पिछड़ा हुआ मत समझो, एक दिन तुम लोग पहले नम्बर पर आ जाओगे। आज उनके वचन साकार हो रहे हैं। अब रोपड़, मोहाली व चण्डीगढ़ के आस पास का क्षेत्र पहले नम्बर पर है। यहाँ पर आप जी ने अपने निजी साधनों के बलबूते पर घर-घर व गाँव-गाँव जाकर गुरमति का प्रचार किया। सन् 1980 ई. में गुरुद्वारा ईशर प्रकाश अस्तित्व में आया और गुरसिक्खी का केन्द्र स्थापित हो गया। फलस्वरूप गुरमति के प्रचार की गति और तीव्र हो गई। श्री आखण्ड पाठ साहिब की श्रंखला, मूलमन्त्र व गुरुमन्त्र का जाप आरम्भ हुआ। एकान्त जगह पर गड्ढों व टिब्बों को समतल करके जंगल में मंगल लग गए -

*जिथै जाइ बहै मेरा सतिगुरू*
*सो थानु सुहावा राम राजे ॥* *अंग - 450*
*जिथै बैसनि साध जन सो थानु सुहंदा ॥ अंग - 319*

यह निर्जन धरती रतवाड़ा साहिब के नाम से प्रसिद्ध हो गई। भले ही इसका अधिकांश 'मौजा' चाहड़माजरा में पड़ता है लेकिन रतवाड़ा नगर भी पास में होने के कारण रतवाड़ा साहिब नाम प्रसिद्ध हो गया।

## गुरमति प्रचार तथा परोपकार का केन्द्र

चण्डीगढ़ के नजदीक में मानो गुरमति प्रचार का श्रोत आरम्भ हो गया। सेवा और सिमरन के कुम्भ चल पड़े। प्रत्येक इतवार, पूर्णमाशी व संक्रान्ति के दीवानों के अतिरिक्त भी अनेकों दीवानों की श्रंखला चल पड़ी। इतवार का दीवान तो महापुरुषों के निवास स्थान पर ही लगा करता था लेकिन चण्डीगढ़ के सैक्टर 19, 34 व 22 के कई गुरुद्वारा साहिब में भी दीवान प्रायः लगते रहते थे। वार्षिक सन्त समागमों की शुरूआत सन् 1990 ई. में हुई। अनेकों श्रद्धालुजनों का इन समागमों में शामिल होना स्वयं में ही अपनी मिसाल प्रस्तुत करता था। लाखों प्रेमीजन अमृतपान करके शब्द गुरु श्री गुरू ग्रन्थ ासहिब जी के साथ जुड़े। इसके अतिरिक्त मिशन के जत्थों के द्वारा आस पास के क्षेत्रों में दीवान सजाए जाते। समय समय पर श्रीमान जी करनैल सिंह, बाबा हरपाल सिंह जी तथा अन्य सिंहों ने भी अपनी सेवाएँ अर्पित कीं। विशेष रूप से ट्रस्ट के वर्तमान मुखी सन्त बाबा लखबीर सिंह जी द्वारा पूरे पंजाब भर, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, यू.पी., मुम्बई, कोलकाता, आसाम आदि जगहगों पर जाकर भी धार्मिक दीवान सजाए जाते हैं।

## स्वामी राम जी का मिलने आना

विश्व प्रसिद्ध डा. स्वामी राम जी देहरादून से विशेष तौर पर आप जी की महिमा सुनकर, आपसे मिलने के लिए पहुँचे। पारस्परिक वचन हुए। मिलने से पहले स्वामी जी ने वचन किया कि 'हम गले तक भरे हुए हैं दिल करता है कि शरीर का परित्याग कर दें' महापुरुषों ने जीअदान के वचन किए, गुरमति की सूझबूझ प्रदान की। इसके बाद प्रेम में सराबोर होकर स्वामी राम जी ने वचन किया कि ये तो प्रेम का सागर हैं और ज्ञान से लबालब भरे हुए हैं। इनके वचन सुनकर हमें पूर्ण तृप्ति हो गई है। इसके बाद जौली ग्रांट, देहरादून में अस्पताल व मैडिकल कालेज का शिलान्यास महापुरुषों के कर-कमलों द्वारा आपने ( डा. स्वामी राम जी ने ) करवाया।

## वीडियो फिल्मों के माध्यम से प्रचार करने के सम्बन्ध में दिव्य वचन

किसी समय में सन्त महाराज जी राड़ा साहिब वालों ने आप जी को वचन किया था कि आप धार्मिक फिल्में बनाकर प्रचार करना। गाड़ी ले लो, माया ले लो लेकिन आप जी ने कहा महाराज जी! आप मेरी कमाई में ही बरकत डालने की कृपा करो ताकि मैं अपने साधनों से ही इस सेवा को निभा सकूँ। आपकी इस त्याग वृत्ति के बारे में सन्त महाराज जी ने अपनी निजी डायरी में अंकित किया हुआ है उन्होंने लिखा है कि कई लोग पकड़ वृत्ति के धारणी होते हैं जबकि इन्होंने वह माया नहीं ली। अत: उनकी आशीष की बदौलत आप जी ने कीर्तन की फिल्में बनाईं जो कि आज सीडीज के रूप में उपलब्ध हैं। उनके प्रवचनों को जो फिल्मों के रूप में सम्भाला हुआ है, उनके माध्यम से आज संसार के कोने-कोने में बैठा जिज्ञासु इंटरनेट के माध्यम से सुन व पढ़ सकता है। उनका प्रत्येक दीवान गुरमति के सिद्धान्त की रूपमानता करता है।

## आत्म मार्ग मैगजीन तथा अन्य रूहानी पुस्तकें

साहित्यिक क्षेत्र में आप जी ने सबसे पहले 'सुरति शबद मार्ग' पुस्तक का प्रकाशन किया। फिर बैसाखी 1995 में रूहानी रंगों से भरपूर आत्म मार्ग मैगजीन आरम्भ किया। आज लगभग सौ पुस्तकें तथा आत्म मार्ग मैगजीन जिज्ञासुजनों का रूहानी मार्गदर्शन कर रहा है। अनेकों प्रेमीजन इस सेवा में लगे हुए हैं तथा इसे बाँटने व इसकी रिन्युवल की सेवा निभा रहे हैं। सतगुरू जी सबको बुलन्दावस्था प्रदान करें।

## वर्तमान संस्थाएँ तथा जन कल्याण के कार्य

प्यारे महापुरुषों की परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए ट्रस्ट रतवाड़ा साहिब के मुखी श्रीमान सन्त बाबा लखबीर सिंह जी द्वारा समस्त ट्रस्ट सदस्यों व संगत के सहयोग से दो स्कूल, दो कालेज, एक मुफ्त सिलाई व कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र, एक वृद्धाश्रम एक नि:शुल्क अस्पताल तथा शब्द लंगर के रूप में आत्म मार्ग मैगजीन, गुरू का लंगर, इंटरनैट मीडिए के माध्यम से गुरमति प्रचार आदि सभी परोपकारी कार्य गतिशील हैं। यह सब कुछ श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की कृपा, प्यारे महापुरुषों तथा सम्माननीया बीजी के आशीर्वाद की बदौलत ही सम्भव हो पा रहा है। श्री गुरू जी अपनी कृपा करके सबको अपना प्यार तथा महापुरुषों के वचनों पर पहरा देने का बल प्रदान करें।

## गुरमति प्रचार तथा परोपकारों की निरन्तरता

किसी भी कार्य की आरम्भता तो बहुमूल्य होती है, लेकिन उन कार्यों की गतिशीलता बनी रहनी भी समय की अत्यन्त आवश्यक आवश्यकता होती है। महापुरुषों द्वारा चलाए गए 'विश्व गुरमति रूहानी मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट' रतवाड़ा साहिब की शुरूआत तो बहुमूल्य है ही लेकिन आज के समय में, इस परिपाटी को सम्भालने व गतिशील रखने के लिए योग्य नेतृत्व व निर्देशन की भी नितान्त आवश्यकता है। इस सम्बन्ध में महापुरुषों ने अपने अनन्य सेवक देखे व परखे तथा वर्तमान सन्त बाबा लखबीर सिंह जी को सारे ट्रस्ट की सेवा सम्भालते हुए आप 31 अक्टूबर सन् 2001 को अपने पाँच तत्वों के भौतिक शरीर का त्याग करते हुए परमात्मा में अभेद हो गए। आज आप अपने निगुर्ण स्वरूप के माध्यम से अपने द्वारा स्थापित किए गए सेवक के माध्यम से संगत को नाम वाणी के द्वारा शरशार कर रहे हैं। रतवाड़ा साहिब में एक-दो नहीं बल्कि 7-8 संस्थाएँ उनके आशीर्वाद से बुलन्दावस्था में संगत की सेवा में कार्यरत हैं। आप जी के सारे जीवन को यह कलम अक्षरों का रूप नहीं दे सकती है फिर भी समाज के प्रति आपके द्वारा किया गया योगदान अत्यन्त सराहनीय है। आपके द्वारा सामाजिक, धार्मिक व साहित्यिक व शैक्षणिक क्षेत्र में किया गया योगदान समाज के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। यह सब गुरू जी की कृपा की बदौलत है। उस इलाही नूर में स्वयं, आप जी शरशार हुए तथा उसका नूरानी नूर बन गए। नूरानी नूर बनने के बाद आपने सारी लोकाई को उसके नूर में शरशार किया और उसे खूब बाँटा। आज भी लाखों प्रेमीजन आप जी के प्यार व वैराग्य में नूरो नूर हुए हैं। दास को भी इस कृपा का कण मात्र कुछ अंश प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। फलस्वरूप आप जी के साथ कुछ शब्द शेयर किए हैं। इस दौरान कोई भूल चूक हो गई हो तो मैं क्षमायाचक हूँ।

***कबीर सात समुंदहि मसु करउ कलम करउ बनराइ॥***<br>***बसुधा कागदु जउ करउ हरि जसु लिखनु न जाइ ॥***<br>***अंग - 1368***

के अनुसार परमात्मा या वाहिगुरू जी का यशगान कर पाना असम्भव बात है और इसी प्रकार से परमात्मा के प्यारों की करनी कमाई को ब्यान करना सूर्य को दीपक दिखाने वाली बात ही है।

# शहीदी गुरू अरजन देव जी

## ( शहीदी दिवस 17 जून 2018 )

*डा. जगजीत सिंह*

जून की तपिश हमें गर्म दहकती हुई तवियों की याद दिलवाती है जिस समय कि सन् 1606 ई. में शान्ति के पुंज, सारी मानवता को प्यार करने वाले, सुखमनी साहिब के रचयिता, 'परतखु हरि' श्री गुरू अरजन देव जी पर मानवता के कातिलों ने अमानवीय अत्याचार करते हुए उन्हें शहीद कर दिया था। यह कोई साधारण शहीदी नहीं थी बल्कि श्री गुरू नानक देव जी की गद्दी पर बिराजमान, उनकी पाँचवी ज्योति, संसार के दुखों को बाँटने वाले, बाणी के जहाज, हरिमन्दिर साहिब, तरनतारन के सृजनहार, श्री गुरू ग्रन्थ ासहिब जी के रचयिता, नाम वाणी में लीन, नूरानी ज्योति की शहादत थी। सतगुरू जी कैसी अद्वितीय शख्सियत के स्वामी थे, यह सतगुरू जी द्वारा रचित वाणी के माध्यम से स्पष्ट रूप से प्रमाणित हो जाता है या फिर भट्टों की वाणी से, जिन्होंने गुरू जी को अत्यन्त नजदीक से देखा, उनके दर्शन किए तथा दर्शन करके गद्गद् हुए। आओ! इन दोनों श्रोतों से सतगुरू जी की शख्सियत के दर्शन दीदार करें।

श्री गुरू अरजन देव जी की हरमन प्यारी रचना श्री सुखमनी साहिब है जिसमें विशेष रूप से साधु, सन्त, व ब्रह्मज्ञानी के लक्षण बतलाए गए है। ये समस्त गुण उनकी अपनी शख्सियत में विद्यमान थे। साधुओं की अचरज कथा को ब्यान करते हुए आप लिखते हैं कि -

1. *साध की महिमा बरनै कउन प्रानी॥*
   *नानक साध की सोभा प्रभ माहि समानी॥*
2. *साध संग केवल पारब्रहम॥*
3. *पारब्रहमु साध रिद बसै॥*
4. *नानक साध प्रभ भेदु न भाई॥*

*अंग - 271-72*

आप पूर्ण ब्रह्मज्ञानी की अवस्था के मालिक थे, कमलपुष्प की भांति निरलेप, निरदोष, सामान दृष्टि के स्वामी, धैर्यवान, निर्मल, विनम्र, आत्म रसिक, दयावान, समदर्शी, बन्धन रहित, परोपकारी, सुख-सहज-निवासी और बल्कि 'ब्रहम गिआनी आपि परमेसुर' थे। ऐसी रूहानी शख्सियत की शहादत मानवता के लिए धर्म, सत्य, न्याय, स्वाभिमान, समानता तथा अपने अधिकारों के लिए निरन्तर प्रेरणा का श्रोत बनी रहेगी।

पूर्णता के मालिक श्री गुरू अरजन देव जी का मिशन, मानवता को पूर्णतः का मार्ग दर्शाते हुए उन्हें सर्वगुण सम्पन्न करना था। पूर्ण मनुष्य कौन होता है? गुरू जी के अनुसार पूर्ण मनुष्य में छः गुण होते हैं। इन छः गुणों के कारण पूर्ण मनुष्य को ब्रह्मज्ञानी, सन्त, साधु जन अथवा गुरुमुखजन कहा जाता है। ये छः लक्षण इस प्रकार से हैं -

1. जिह्वा के द्वारा परमात्मा का नाम स्मरण करना तथा उसे सर्व व्यापक जान कर उसके अन्दर अपनी सुरति को जोड़ना।

2. सुखों व दुखों को एक समान ही समझना तथा पावन व वैर रहित जीवन जीना।

3. सारे जीवों के साथ प्यार व हमदर्दी रखनी तथा कामादिक विकारों से बचे रहना।

4. परमात्मा की स्तुति को जिन्दगी का सहारा बनाना तथा माया से इस प्रकार निर्लिप्त रहना जैसे कि कमल का फूल पानी से रहता है।

5. सज्जन तथा वैरी के साथ एक समान प्रेम भाव रखने की शिक्षा ग्रहण करनी तथा परमात्मा की भक्ति में प्यार बढ़ाना।

6. पराई निन्दा को अपने कानों के द्वारा न सुनना तथा अहंभाव का त्याग करके सबके चरणों की धूल बनना। फुरमान है -

*मंत्रं राम राम नामं धानं सरबत्र पूरनह ॥*
*गानं सम दुख सुखं जुगति निरमल निरवैरणह ॥*
*दयालं सरबत्र जीआ पंच दोख बिवरजितह ॥*
*भोजनं गोपाल कीरतनं अलप माया जल कमल रहतह॥*
*उपदेसं सम मित्र सत्रह भगवंत भगति भावनी ॥*
*पर निंदा नह स्रोति स्रवणं आपु तिआगि सगल रेणुकह॥*
*खट लखण पूरनं पुरखह नानक नाम साध सजनह ॥*

*अंग - 1357*

ऐसी मनोहर शख्सियत के धारणी थे श्री गुरू अरजन देव जी। आप सदैव प्रभु नाम में विलीन, दुखों-सुखों को समान जानने वाले निरवैर, समस्त जीवों के साथ हमदर्दी तथा

प्रेम रखने वाले, माया से निर्लिप्त, सबके सज्जन तथा निर्मल ईश्वरीय ज्योति थे।

श्री गुरू अरजन देव जी की ईश्वरीय शख्सियत की एक झलक भट्टों के सवैयों में से देखना भी तर्कसंगत ही होगा। भट्टों ने अपनी वाणी में श्री गुरू अरजन देव जी को 'परतखु हरि' कहा है। ऐसी शख्सियत के स्वामी, जिनकी अमृतमयी दृष्टि पड़ने से ही अज्ञानता का अन्धकार दूर हो जाता है तथा सारे गुनाहों की समाप्ति हो जाती है, पापों का नाश हो जाता है और सभी प्रकार की मैल नष्ट हो जाती है -

*अमिअ दिसटि सुभ करै हरै अघ पाप सकल मल॥*
*अंग - 1392*

सतगुरू अरजन देव जी इस प्रकार की सामर्थ्य के मालिक थे, आप एक दृष्टि से ही अज्ञानता को ज्ञान में तथा अन्धकार को प्रकाश में बदल सकते थे तथा 'प्रभ पलक देखत नव निधे' उनकी संगत में जाने से प्राप्ति क्या होती है, इसे हम एक सवैये के माध्यम से स्पष्ट करने की कोशिश करते हैं।

*कचहु कंचनु भइअउ सबदु गुर स्रवणहि सुणिओ ॥*
*बिखु ते अंम्रितु हुयउ नामु सतिगुर मुखि भणिअउ ॥*
*लोहउ होयउ लालु नदरि सतिगुरू जदि धारै ॥*
*पाहण माणक करै गिआनु गुर कहिअउ बीचारै ॥*
*काठहु स्रीखंड सतिगुरि कीअउ दुख दरिद्र तिन के गइअ॥*
*सतिगुरू चरन जिन्ह परसिआ से पसु परेत सुरि नर भइअ ॥* *अंग - 1399*

अर्थात गुरू का वचन सुन लेने से मनुष्य काँच के टुकड़े से बदल कर सोना बन जाता है, सतगुरू का नाम लेने से उसके सारे विषय विकार दूर हो जाते हैं और जीवन अमृत भरपूर हो जाता है, गुरू जी की कृपा की बदौलत लोहे से लाल (जवाहरात) की भांति कीमती जीवन जीने की कला प्राप्त हो जाती है, गुरू के ज्ञान के माध्यम से पत्थर तुल्य जीवन माणिक व मोतियों के तुल्य हो जाता है और साधारण मनुष्य भी चन्दन बनकर दूसरों को सुगन्धी बाँटने लग पड़ता है। सतगुरू जी की संगत में सबके दुख-दरिद्र हमेशा के लिए समाप्त हो जाते हैं। सतगुरू जी की शरण में आने से पशु व प्रेतों वाली वृत्ति दैवी गुणों की धारणी बन जाती है। ऐसा कमाल है - सतगुरू जी की मनोहर शख्सियत का।

श्री गुरू अरजन देव जी के बारे में महत्वपूर्ण बात यह जानना है जैसे कि भट्ट मथुरा ने कथन किया है कि वाहिगुरू जी की ज्योति संसार पर प्रकाशमान हुई और उस ज्योति को श्री गुरू नानक देव जी के नाम से जाना गया। यही ज्योति पंचम पातशाह जी के माध्यम से संसार में क्रियाशील हुई -

*जोति रूपि हरि आपि गुरू नानकु कहायउ ॥*
*ता ते अंगदु भयउ तत सिउ ततु मिलायउ ॥*
*अंगदि किरपा धारि अमरू सतिगुरू थिरू कीअउ ॥*
*मरदासि अमरतु छत्रु गुर रामहि दीअउ ॥*
*गुर रामदास दरसनु परसि कहि मथुरा अंम्रित बयण॥*
*मूरति पंच प्रमाण पुरखु गुरू अरजुनु पिखहु नयण ॥*
*अंग - 1408*

ज्योति जन्म-मरण में नहीं आया करती है। गुरू नानक देव जी के माध्यम से परमेश्वर की ज्योति संसार पर प्रकट हुई, इसीलिए गुरू अरजन देव जी ने फुरमान किया 'मानुख का करि रूप न जानु।' गुरू नानक देव जी ने यह ज्योति भाई लहणा जी के अन्दर रखकर उन्हें गुरू अंगद प्रकट कर दिया और इसी प्रकार से ज्योति से ज्योति प्रकाशमान होती रही -

*प्रगट जोति जगमगै तेजु भूअ मंडलि छायउ ॥*
*पारसु परसि परसु परसि गुरि गुरू कहायउ ॥*
*अंग - 1408*

*रामदासि गुरू जग तारन कउ*
*गुर जोति अरजुन माहि धरी ॥* *अंग - 1409*

यह आत्मिक विरासत एक ज्योति ने दूसरी ज्योति को प्रदान की। श्री गुरू अरजन देव जी, ज्योति रूप में दहकती हुई तवी तथा उबलती हुई देग के क्लेशों से बहुत ऊपर थे। आपका शरीर तो अवश्य ही निर्बल व फफोलों युक्त हो गया था लेकिन आप शरीर तो थे नहीं बल्कि शरीर तो आपका एक वाहन था। यही बात गुरुमुखों को समझाने के लिए आप जी ने शहादत का जाम पीना स्वीकार किया। दरअस्ल सतगुरू जी सिक्खों के अन्दर आत्मिक परिवर्तन ला रहे थे। यही जीअदान है जिसके द्वारा जीवन जीने की कला भी आती है और मरने की कला भी आती है।

*जीअ दानु दे भगती लाईन हरि सिउ लैनि मिलाए॥*
*अंग - 749*

इस शहादत में बादशाह जहाँगीर का कितना हाथ है, शेखों व मौलानों का कितना हाथ है, इस्लाम के ठेकेदारों व चन्दू जैसे ईर्ष्यालु लोगो का कितना हाथ है, इसके बारे में हम चर्चा आगे चलकर करेंगे लेकिन तुजकि-जहांगीरी में जिस 'झूठ की दुकान' को हमेशा के लिए बन्द कर देने का जिक्र है तथा जिसके लिए बन्द कर देने का जिक्र है तथा जिसके लिए यह सारा षड़यन्त्र रचा गया, वह 'झूठ की दुकान' नहीं अपितु विशुद्ध सत्य का विस्तार था, जिसकी नींव में 'आदि सचु जुगादि सचु, है भी सचु नानक होसी भी सचु।।' का संकल्प था। जिसे तुजकि जहाँगीरी में झूठ या कुफर का घर कहा गया है, वह दरअस्ल श्री गुरू नानक देव जी का सच्चा घर है नाम का घर है। यह शान्ति का घर, एकता, प्यार, भाईचारे तथा संगत व पंगत का घर है, जहाँ पर कि कोई

वैर नहीं, कोई जाति-पात नहीं, कोई भेदभाव नहीं, ऊँच नीच नहीं, अमीरी-गरीबी का अन्तर नहीं, मुल्कों की सीमाबन्दी नहीं, रंग व नस्ल के झगड़े नहीं, झूठे कर्मकाण्ड, वहम व पाखण्ड नहीं हैं। यहाँ न तो तीर्थों के भ्रमण हैं और न ही झूठे दिखावे हैं तथा न ही व्रत व सूतक पातक ही हैं। यहाँ कोई वर्ण विभाजन नहीं है और न ही जातिगत भेदभाव है। यहाँ तो एक मनुष्य ही ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र, वैश्य सभी रूपों में इकट्ठा ही है। यहाँ सभी मेहनतकश है और कोई भी खाली व निकम्मा दूसरों पर भारी नहीं है। गुरू जी ने सबके बन्धनों का काट कर उन्हें आजाद कर दिया है। इस प्रकार की सत्य की करामात गुरू घर में घटित हुई। श्री गुरू नानक देव जी ने सबको उस एक वाहिगुरू जी के साथ जोड़ा और जिसका स्वरूप आपने मूल मन्त्र में बताया कि - *1 ओंकार गुरप्रसादि।। आदि सचु जुगादि सचु।। है भी सचु नानक होसी भी सचु।।* यह पारब्रह्म परमेश्वर का स्वरूप है इसी से सारे ब्रह्मांड का सृजन हुआ। यह सृजन भी उसके स्वयं से ही हुआ इसलिए वह सारे विस्तार के अन्दर स्वयं ही व्याप्त है उसके बिना अन्य कोई भी अस्तित्व नहीं है, साथ ही गुरू जी का पहला उपदेश था कि 'ना को हिंदू ना मुसलमान' और न तो हिन्दुओं के कहने के अनुसार मुसलमान मलेच्छ हैं और न ही मुसलमानों के कहने के अनुसार हिन्दू काफिर हैं। सबके अन्दर वाहिगुरू जी की ज्योति है। गुरू नानक देव जी का धर्म विश्व बन्धुत्व भावना का धर्म है, सारे विश्व की मानवता का धर्म है। पीड़ित हिन्दू जाति को इसमें से काफी ढ़ाढ़स प्राप्त हुआ क्योंकि इसके संचालक गुरू नानक देव जी समाज-त्यागी नहीं थे बल्कि वे तो गृहस्थी थे तथा परिश्रम करने वाले मेहनतकश व समाज के दुख सुख के सहायक समर्थ गुरू थे। आपने समाज के निम्न वर्ग के लोगों को, अपराधियों, चोरों, डाकुओं व लुटेरों को अपने गले के साथ लगाया और उन्हें नेक इन्सान बना कर समाज की सेवा में लगा दिया। मानवता के उद्धार के लिए चार उदासियाँ धारण कीं। जिस दौरान वे समाज के प्रत्येक वर्ग से मिले, आम लोगों के साथ संवाद किया तथा सबको शब्द गुरू के साथ जोड़ा। गुरू जी के इन उपदेशों ने दबी कुचली जनता में नवीन साहस व नवीन मनोबल भर दिया। उन्होंने ब्राह्मणों तथा काजियों की निम्न कोटि की कार्यशैली को उजागर करके लोगों के मन में से इनका भय पूर्णरूपेण समाप्त कर दिया। आपने लोक बोली में गुरवाणी की रचना करके साधारण मनुष्य को, नीचे व ऊँचे लोगों को यानि कि सभी को भक्ति करने, नाम जपने व गुरवाणी पढ़ने के लिए उत्साहित किया। इस प्रकार से आपने तथाकथित निम्न जाति के हिन्दुओं को, जिन्हें कि वेद ग्रन्थ पढ़ने व सुनने की आज्ञा नहीं थी, गुरवाणी के साथ जोड़ दिया। इसी प्रकार से मुसलमान जनता को श्री गुरू नानक देव जी के ईश्वरीय नूर ने सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया तथा आप, हिन्दुओं, फकीरों तथा मुसलमानों के पीर के तौर पर समान रूप से सम्मान के पात्र बने। गुरू जी के सर्व पक्षीय मानवीय उद्धार में राजनैतिक अन्याय को भी नजरअन्दाज नहीं किया गया। आपने बाबर के हमले के समय हुई कत्लेआम के दुख को अनुभव करते हुए 'खून के सोहिले' गायन किए। बाबर की फौज को आपने 'पाप की बारात' तथा अन्याय वाले जालिम शासकों को 'राजे शीह मुकदम कुते' कहकर दुत्कारा। दूसरी तरफ आपने नेक इन्सानों, शासकों व हुक्मरानों की प्रशंसा भी की। ऐसा था गुरू नानक का 'सत्य का घर' जिसमें सारी मानवता एक सांझी संगत में बैठकर प्रभु जी के नाम का स्मरण करती तथा सांझी पंक्ति में बैठकर भोजन (लंगर) ग्रहण करती थी। गुरू घर के साथ जुड़ा हुआ प्रत्येक प्राणी सच्ची आजीविका के द्वारा जीविकोपार्जन करता तथा दसवंद के माध्यम से जरूरतमन्दों की मदद भी करता। गुरू जी ने सभी वर्णों तथा सभी जातियों के लोगों को नाथों, योगियों, ब्राह्मणों, काजियों के संकीर्ण बन्धनों में से निकाल कर उन्हें धर्म के तत्व की पहचान की तरफ प्रेरित किया ताकि वे पारस्परिक वैर-विरोध को छोड़कर एक परमात्मा के प्यार में जुड़ सकें एवं लोक कल्याण के कार्य कर सकें। यही परम प्यारा व सर्वश्रेष्ठ धर्म है -

*सरब धरम महि स्रेसट धरमु ॥*
*हरि को नामु जपि निरमल करमु ॥ अंग - 266*

ऐसे निर्मल पन्थ में विचरण करने वालों का सच्चा जीवन जीने की समझ प्रदान की तथा मरने का भी ढंग सिखाया। यह आत्म मार्ग था जिस पर चलने वाला व्यक्ति अहंभाव रहित होकर मरने के लिए सदैव तैयार रहता है -

*जउ तउ प्रेम खेलण का चाउ ॥*
*सिरू धरि तली गली मेरी आउ ॥ अंग - 1412*

गुरू का सिक्ख सच्चे व सुच्चे चरित्र वाला मनुष्य था। सत्य, सन्तोष, विचार, दया, धर्म, दान, आस्था, सब्र, सन्तोष, संयोग, क्षमा, गरीबी, सेवा, प्रेम, ज्ञान तथा किरत उसके सच्चे गहने थे। गुरू जी ने करतारपुर रहकर इन गुणों को संगत व पंगत में परिपक्व किया तथा इनके प्रचार व प्रसार हेतु आपने दस स्वरूप धारण किए एवं खालसे के सृजन में इसकी सम्पन्नता हुई।

दूसरी पातशाही श्री गुरू अगंद देव जी ने गुरू नानक मिशन को पूरी तनदेही से प्रफुल्लित करने के लिए संगत का संगठन किया, गुरवाणी के प्रसार के लिए आपने गुरुमुखी अक्षरों का प्रचार किया, जनम साखियों को लिखवाया श्री गुरू अमरदास जी ने गुरू नानक निर्मल पन्थ मर्यादा को निभाते हुए बहुत सारे इस प्रकार के सामाजिक सुधार किए कि जिनके बारे में भारतीय लोग सोच भी नहीं सकते थे। जन्म मरण तथा विवाह आदि की रस्मों को, ब्राह्मणों के विषम झमेलों से मुक्त करके साधारण गुरू मर्यादा कायम की। सती

की रस्म को समाप्त करके, विधवाओं के पुनर्विवाह की आज्ञा दी, पर्दे की रस्म को दूर किया, स्त्रियों के स्वाभिमान को बरकरार रखते हुए उन्हें बराबरी का दर्जा दिया।

